खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

मुजफ्फरनगर, मंगलवार 12 मई 2026 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 27 अंक 114 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

अधिकतम :30°C
न्यूनतम :21°C

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 10 विक्रमी सम्वत् 2083 24 जिलकदा 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



मंत्रिमंडल विस्तार का सकारात्मक असर आमजन के जीवन पर पड़े, तो बेहतर: माया पेज 2




अश्लील भाषा के इस्तेमाल पर आरसीबी के कोच एंडी फ्लावर पर लगा जुर्माना खेल टाइम्स



दयालुता मानवता का सबसे बड़ा सौंदर्य, इसे बनाए रखें सम्पादकीय



ईरान ने अमेरिकी योजना को किया खारिज पेज 12

## संक्षिप्त समाचार

### बाड़मेर देश में सबसे गर्म, पारा 46.8 डिग्री

**नई दिल्ली।** राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश में हीटवेव जारी है। रविवार को चारों राज्यों के 9 शहरों में पारा 44 डिग्री सेल्सियस के पार रहा। राजस्थान का बाड़मेर 46.8 डिग्री सेल्सियस के साथ देश में सबसे गर्म शहर रहा। जैसलमेर में तापमान 46.3डिग्री सेल्सियस और फलोदी में 46 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। मध्य प्रदेश के रतलाम में 45.5 डिग्री सेल्सियस तापमान रहा। भोपाल में 40.4 डिग्री सेल्सियस में 42 डिग्री सेल्सियस जैसी झुलसाने वाली गर्मी महसूस हुई। मौसम विभाग के अनुसार 11 और 12 मई को तापमान 2 से 3 डिग्री तक और बढ़ेगा। भोपाल में पारा 42 से 43 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने के आसार हैं। इधर, गुजरात के राजकोट में 44.3 डिग्री सेल्सियस और अमरेली में 44.1 डिग्री सेल्सियस तापमान के कारण हीटवेव चली।

### 'ऑपरेशन सिंदूर' की याद में 88 घंटे दौड़े सैनिक

**नई दिल्ली।** 'ऑपरेशन सिंदूर' की पहली वर्षगांठ के अवसर पर वायु सेना ने यहां 88 घंटे की ऑपरेशन सिंदूर यादगार दौड़ का आयोजन किया। इस दौड़ के माध्यम से भारतीय वायु सेना के 88 घंटों के सफल हवाई अभियानों की पहली वर्षगांठ मनाई गई, जिसने निर्णायक और सटीक हमले की अपनी क्षमता का प्रदर्शन किया। भारतीय वायु सेना और भारतीय सेना की सभी कमानों से कुल 600 धावकों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया। इस दौड़ को ऑपरेशन सिंदूर शुरू होने के समय 6 मई को देर रात एक बजकर पांच मिनट पर इंडिया गेट से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया और इसका समापन ऑपरेशन सिंदूर रोके जाने के समय 10 मई शाम पांच बजे एयर फोर्स स्टेशन, नई दिल्ली में हुआ।

### यूएई से भारतीयों की वापसी पर बात नहीं की : विदेश मंत्रालय

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्रालय ने मीडिया में आई इन खबरों का खंडन किया है जिनमें संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) से लाखों भारतीय नागरिकों को निकालने के लिए एक समझौते पर विचार विमर्श का दावा किया गया है। विदेश मंत्रालय ने सोमवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में अपने फैक्ट चैक हैंडल पर कहा है कि इस तरह की रिपोर्ट निराधार है और अभी भारतीय नागरिकों को यूएई से निकालने की कोई योजना नहीं है। उल्लेखनीय है कि कुछ मीडिया रिपोर्टों में कहा गया है कि भारत और यूएई फुजैरा के रास्ते लाखों भारतीय नागरिकों को निकालने के समझौते पर बातचीत कर रहे हैं।

### भारत-श्रीलंका के संबंध सदियों पुराने : ओम बिरला

**नई दिल्ली।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सोमवार को कहा कि भारत और श्रीलंका के बीच सदियों पुराने सभ्यतागत, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक संबंध हैं, जो आज भी दोनों देशों की मित्रता की मजबूत नींव बने हुए हैं। बिरला ने संसद भवन में सोमवार को श्रीलंका के 'महिला सांसद कॉकस' के प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात की।

# टीएमसी 31 सीटों के नतीजों के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुंची

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा कि बंगाल में सीटों पर जीत का अंतर एसआईआर में कटे वोटों से कम मामले में ममता बनर्जी और अन्य लोग नई याचिकाएं दाखिल कर सकते हैं।'

टीएमसी ने दावा किया है कि हालिया विधानसभा चुनाव में 31 सीटों पर जीत का अंतर, स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) के दौरान हटाए गए वोटों की संख्या से कम था। दरअसल, जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच बंगाल में एसआईआर को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी। इसी दौरान टीएमसी सांसद और वकील कल्याण बनर्जी ने बागची की उस टिप्पणी का हवाला दिया, जिसमें कहा गया था कि अगर जीत का अंतर हटाए गए वोटों से कम है, तो अदालत शिकायतों पर विचार कर सकती है। चुनाव आयोग अधिवक्ता डीएस नायडू ने कहा कि इसका उपाय चुनाव याचिका है। एसआईआर से जुड़े मुद्दों और मतदाता सूची संशोधन के दौरान वोट जोड़ने या हटाने के खिलाफ अपीलों के लिए ही चुनाव आयोग को जिम्मेदार ठहराया जा सकता है। टीएमसी के वकील कल्याण बनर्जी ने कहा कि मेरे एक उम्मीदवार 862 वोटों से हारे, जबकि दिलचस्प बात यह है कि उस निर्वाचन क्षेत्र में एसआईआर के दौरान 5,550 वोट हटा दिए गए थे। ऐसी 31 सीटें हैं, जहां जीत का अंतर हटाए गए वोटों से कम था। हालांकि लिस्ट नहीं दी। टीएमसी और भाजपा के बीच कुल वोटों का अंतर करीब 32 लाख था और वोट डिलीशन के खिलाफ 35 अपीलें अभी भी पेंडिंग हैं। न्यायमूर्ति बागची ने कहा कि परिणामों, वोट हटाने आदि के बारे में जो भी कहना है, उसके लिए अलग अंतरिम आवेदन दाखिल करना होगा। चुनाव आयोग जो यह कह रहा है कि चुनाव याचिका ही उपाय है, वह अपनी जवाबी हलफनामे में यह बात रख सकता है।

**दीदी की दलील**

- यहां जीत का अंतर एसआईआर में कटे वोटों से कम
- सुप्रीम कोर्ट ने कहा नई याचिकाएं लगाएं



### हाईकोर्ट में पेंडिंग जमानत अर्जियों पर शीर्ष कोर्ट चिंतित

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को देश के अलग-अलग हाईकोर्ट में जमानत याचिकाओं की बढ़ती संख्या पर चिंता जताई। कोर्ट ने कहा कि जमानत मामलों की जल्दी सुनवाई और फैसला करने के लिए मजबूत व्यवस्था बनानी जरूरी है। चीफ जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच ने कहा कि इसके लिए पेंडिंग बेल याचिकाओं की ऑटोमैटिक लिस्टिंग का सिस्टम तैयार किया जाए और मामलों के निपटारे की तय समय सीमा भी होनी चाहिए। कोर्ट ने कहा कि हाईकोर्ट, राज्य सरकारें और जांच एजेंसियां मिलकर ऐसा सिस्टम तैयार करें, जिससे जमानत मामलों का समय पर फैसला हो सके।

**जल्द सुनवाई के लिए आटोमैटिक लिस्टिंग सिस्टम बने, तय समय में हो फैसला**



# डेस्टिनेशन वेंडिंग से बचें, ऑनलाइन क्लासेज चुनें एवं ईंधन बचाएं: पीएम

## प्रधानमंत्री ने की 24 घंटे के दौरान दूसरी बार अपील

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली/ वडोदरा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 24 घंटे में लगातार दूसरी बार देशवासियों से तेल की बचत करने की अपील की है। उन्होंने वडोदरा में आयोजित एक कार्यक्रम में कहा कि पश्चिम एशिया में जारी संकट पिछले कई वर्षों के सबसे गंभीर संकटों में से एक है। उन्होंने विश्वास जताया कि जैसे भारत ने कोविड-19 महामारी से सफलतापूर्वक उबरकर आगे बढ़ा, वैसे ही इस संकट से भी देश बाहर निकलेगा।

पीएम मोदी ने कहा कि भारत को वैश्विक सप्लाई चेन का एक बड़ा हिस्सा बनाने के लिए लगातार काम किया जा रहा है, ताकि देश की आर्थिक स्थिति और मजबूत हो सके। उन्होंने संबोधन से पहले सरदारधाम-3 शैक्षणिक संकुल का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि भी दी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आज का दिन किसी पवित्र त्योहार से कम नहीं है। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में शामिल होने से पहले वे सोमनाथ मंदिर भी गए थे, जहां उन्हें सोमनाथ मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के 75 वर्ष पूरे होने के अवसर पर आयोजित अमृत महोत्सव में शामिल होने का अवसर मिला। पीएम मोदी ने कहा कि सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण का सपना सरदार पटेल के संकल्प से ही पूरा हुआ था। उन्होंने कहा कि यह ऐतिहासिक धरोहर भारत की सांस्कृतिक शक्ति का प्रतीक है। जब भी देश पर युद्ध या कोई बड़ी आपदा आई है, तब नागरिकों ने सरकार के आह्वान पर अपनी जिम्मेदारी निभाई है और अब भी इसी एकजुटता की जरूरत है। आयात पर निर्भरता कम करने के प्रयास किए जाएं और ऐसे व्यक्तिगत खर्चों से बचा जाए जिनमें विदेशी मुद्रा खर्च होती है।



- पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने दी सफाई

### देश में कच्चे तेल, रसोई गैस या किसी भी ईंधन की कमी नहीं

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पश्चिम एशिया संकट के मद्देनजर लोगों से ईंधन बचाने, सोना न खरीदने और विदेश यात्रा न करने की अपील के बीच सरकार ने स्पष्ट किया है कि यह अपील देश पर आर्थिक बोझ कम करने के लिए की गई है और देश में कच्चा तेल, रसोई गैस या अन्य किसी भी तरह के ईंधन की कमी नहीं हैं। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने विभिन्न मंत्रालयों के अधिकारियों के साथ यहां संवाददाता सम्मेलन में पश्चिम एशिया संकट के कारण उत्पन्न स्थिति के बारे में विस्तार से जानकारी दी। सुश्री शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री ने लोगों से आग्रह किया है कि इस कठिन समय में वे ऊर्जा संरक्षण के सभी कदम उठाएं और इलेक्ट्रिक वाहनों का उपयोग बढ़ाएं जिससे कि देश पर निरंतर बढ़ रहे आर्थिक बोझ को कम किया जा सके।

# बीएसएफ को बांग्लादेश बॉर्डर फेंसिंग के लिए जमीन मिलेगी

कोलकाता, वार्ता

पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी ने भारत- बांग्लादेश बॉर्डर पर फेंसिंग के लिए बीएसएफ को जमीन देने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अवैध घुसपैठ से निपटने के लिए 45 दिन के भीतर यह जमीन गृह मंत्रालय को सौंप दी जाएगी।

हावड़ा के नाबन्ना में नवनिर्वाचित भाजपा सरकार की पहली कैबिनेट बैठक हुई।

उन्होंने जोर देकर कहा कि देश में कच्चे तेल सहित सभी तरह के ईंधन का पर्याप्त स्टॉक है और किसी भी पेट्रोल पंप या गैस वितरण कंपनी से किसी भी तरह की कमी की जानकारी नहीं

सीएम अधिकारी ने कहा कि यह फैसला बैठक में लिए गए मुख्य प्रस्तावों में से एक था। मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि टीएमसी सरकार ने राज्य में पुराने आईपीसी और सीआरपीसी की जगह नए आपराधिक कानून भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) को लागू नहीं किया था। राज्य में अब बीएनएस लागू करने की आधिकारिक मंजूरी दे दी गई है। केंद्र सरकार की आयुष्मान भारत और जन आरोग्य योजना भी पश्चिम बंगाल में भी लागू की जाएंगी। पहली कैबिनेट बैठक में मंत्री दिलीप घोष, अग्निमित्रा पॉल, निषिथ प्रमाणिक, क्षुदीराम और अशोक कीर्तनिया मौजूद थे। चुनावी हिंसा में मारे गए 321 भाजपा कार्यकर्ताओं के परिवारों की जिम्मेदारी राज्य सरकार उठाएगी। भारत-बांग्लादेश सीमा पर बाड़ लगाने



- सुवेंदु सरकार का फैसला, नए आपराधिक कानून लागू होंगे, आयुष्मान पर भी काम शुरू

### सुवेंदु कैबिनेट के विभागों का बंटवारा

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में नई सरकार के गठन के बाद मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी ने अपने मंत्रिमंडल के विभागों का बंटवारा कर दिया है। सोमवार को हुई इस अहम घोषणा में भाजपा के कई वरिष्ठ नेताओं को बड़ी जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। इस बंटवारे में दिलीप घोष और अग्निमित्रा पॉल जैसे बड़े चेहरों को महत्वपूर्ण विभाग दिए गए हैं, जिससे राज्य के विकास की रूपरेखा तय होगी।

**दिलीप घोष बने पंचायत मंत्री, अग्निमित्रा को भी अहम मंत्रालय**

# वैज्ञानिक देश के गौरव व स्वाभिमान के सच्चे शिल्पी: मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वैज्ञानिकों को देश के गौरव और स्वाभिमान के सच्चे शिल्पी बताते हुए राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस की शुभकामनाएं दी हैं।

प्रधानमंत्री ने 18 वर्ष पहले किए गए परमाणु परीक्षणों को भारत के सामर्थ्य का प्रतीक बताया है। श्री मोदी ने सोमवार को सोशल मीडिया पर पोस्ट में कहा कि वर्ष 1998 में आज के दिन पोखरण में हुए परमाणु परीक्षण ने दुनिया को भारत के अद्भुत सामर्थ्य से परिचित कराया। हमारे वैज्ञानिक देश के गौरव और स्वाभिमान के सच्चे शिल्पी हैं।

- पीएम ने 18 वर्ष पहले किए गए परमाणु परीक्षणों को भारत के सामर्थ्य का प्रतीक बताया

### प्रियंका ने नीट यूजी परीक्षा में कथित गड़बड़ी पर सरकार को घेरा

**नई दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव एवं सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने एक बार फिर नीट यूजी 2026 परीक्षा में कथित गड़बड़ी और पेपर लीक की आशंकाओं को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा है। प्रियंका गांधी ने कहा कि भाजपा शासन में पिछले कई वर्षों से प्रतियोगी परीक्षाओं में व्याप्त भ्रष्टाचार देश के युवाओं से उनका भविष्य छीन रहा है।

# आजम खां को शत्रु संपत्ति मामले में राहत

शाह टाइम्स ब्यूरो

**रामपुर।** समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता आजम खां को शत्रु संपत्ति मामले में अदालत से बड़ी कानूनी राहत मिली है। एमपी-एमएलए स्पेशल कोर्ट ने मुकदमे में बाद में जोड़ी गई धाराओं में उनकी जमानत अर्जी मंजूर कर ली है।

हालांकि, इसके बावजूद आजम खां फिलहाल जेल से रिहा नहीं हो सकेंगे, क्योंकि वह अन्य मामले में सजा काट रहे हैं। जानकारी के अनुसार यह मामला जौहर यूनिवर्सिटी के आसपास स्थित शत्रु संपत्ति से जुड़ा हुआ है। वर्ष 2020 में कलक्ट्रेट रिकॉर्ड रूम में तैनात सहायक अभिलेखपाल मोहम्मद फरीद की ओर से सिविल लाइंस थाने में मुकदमा दर्ज कराया गया था। जांच में आरोप लगाया गया कि विभाजन के दौरान पाकिस्तान चले गए इमामुद्दीन कुरैशी की संपत्ति को राजस्व अभिलेखों में शत्रु संपत्ति घोषित किया गया था, लेकिन बाद में कथित रूप से रिकॉर्ड में फर्जीवाड़ा कर अन्य नाम दर्ज कर दिए गए। मामले की जांच के दौरान रिकॉर्ड रूम के दस्तावेजों में छेड़छाड़ और कई पन्ने फटे मिलने की बात भी सामने आई।



- अदालत से बढ़ी हुई धाराओं में मिली जमानत

### बंगाल सीएम सुवेंदु के पीए हत्याकांड में तीन गिरफ्तार-

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी के पर्सनल असिस्टेंट (पीए) चंद्रनाथ रथ की हत्या के मामले में बिहार और यूपी से 3 संदिग्ध गिरफ्तार किए गए हैं। पुलिस ने सोमवार को तीनों को नॉर्थ 24 परगना के बारासात कोर्ट में पेश किया, जहां से उन्हें 13 दिन की पुलिस कस्टडी में भेज दिया गया। इनमें दो युवक- मयंक राज मिश्रा और विक्की मौर्य को बिहार के बक्सर, जबकि राज सिंह को उत्तर प्रदेश के अयोध्या से गिरफ्तार किया गया। पुलिस को शक है कि राज एक शार्प शूटर है। जांच में सामने आया कि आरोपियों तक पहुंचने में टोल प्लाजा पर किया गया एक यूपीआई पेमेंट और सीसीटीवी फुटेज सबसे बड़ा सुराग बना। ऑनलाइन ट्रांजैक्शन से जुड़े मोबाइल नंबर के जरिए पुलिस आरोपियों तक पहुंची। बंगाल चुनाव नतीजों के दो दिन बाद, 6 मई को नॉर्थ 24 परगना के मध्यमग्राम में 42 साल के चंद्रनाथ की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। हमलावर ने उनकी कार रोककर कई राउंड फायरिंग की, जिसमें उन्हें सीने और पेट में तीन गोलियां लगीं।

# एक जुलाई से मनरेगा का स्थान लेगा जी राम जी

शाह टाइम्स ब्यूरो

### भारत -जी राम जी अधिनियम की अधिसूचना जारी

**नई दिल्ली।** सरकार ने विकसित भारत- गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) विकसित भारत-जी राम जी अधिनियम को सोमवार को अधिसूचित कर दिया है और इसे एक जुलाई से देशभर के ग्रामीण क्षेत्रों में लागू किया जाएगा।

ग्रामीण विकास मंत्रालय ने सोमवार को बताया कि ग्रामीण विकास और रोजगार को नई दिशा देते हुए सरकार ने सोमवार को विकसित भारत - गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) 2025 को अधिसूचित कर दिया है। यह अधिनियम 1 जुलाई से देशभर के ग्रामीण क्षेत्रों में लागू होगा। उन्होंने कहा कि विकसित भारत-जी राम जी अधिनियम लागू होने के साथ ही महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (महात्मा गांधी मनरेगा), 2005 उसी तिथि से निरस्त माना जाएगा। यह भारत के ग्रामीण विकास ढांचे में एक ऐतिहासिक परिवर्तन है, जो विकसित भारत-2047 के राष्ट्रीय विजन के अनुरूप एक समेकित (इंटीग्रेटेड), भविष्य उन्मुख एवं उत्पादकता (प्रोडक्टिविटी) आधारित ग्रामीण परिवर्तन के नए युग की शुरुआत करेगा। उन्होंने कहा कि नई व्यवस्था के अंतर्गत प्रत्येक ग्रामीण परिवार, जिसके वयस्क सदस्य अकुशल शारीरिक श्रम करने के लिए स्वेच्छा से आगे आते हैं, उन्हें प्रत्येक वित्तीय वर्ष में 125 दिनों के मजदूरी आधारित रोजगार की वैधानिक गारंटी प्राप्त होगी। यह बढ़ी हुई गारंटी आजीविका सुरक्षा को मजबूत करने, ग्रामीण आय में वृद्धि करने तथा ग्राम स्तर पर सतत विकास को समर्थन देने के उद्देश्य से लाई गई है। अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार श्रमिकों को उनकी रोजगार मांग के अनुसार निर्धारित समय-सीमा के भीतर कार्य उपलब्ध कराया जाएगा। ऐसा न होने की स्थिति में श्रमिक बेरोजगारी भत्ता पाने के हकदार होंगे। यह अधिनियम समयबद्ध और पारदर्शी मजदूरी भुगतान पर विशेष बल देता है। मजदूरी का भुगतान प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) के माध्यम से सीधे श्रमिकों के बैंक अथवा डाकघर खातों में किया जाता रहेगा। मजदूरी का भुगतान साप्ताहिक आधार पर अथवा मस्टर रोल बंद होने के पंद्रह दिनों के भीतर किया जाएगा। यदि ऐसा नहीं होता है, तो श्रमिक विलंब क्षतिपूर्ति (मुआवजा) पाने के पात्र होंगे। सरकार ने विकसित भारत-जी राम जी अधिनियम, 2025 के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु व्यापक वित्तीय प्रावधान सुनिश्चित किए हैं। वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए सरकार ने 95,692.31 करोड़ का बजटीय आवंटन किया है, जो ग्रामीण रोजगार कार्यक्रम के लिए बजट अनुमान चरण में अब तक का सर्वाधिक आवंटन है। राज्यों के संभावित राज्यांश सहित इस कार्यक्रम का कुल परिव्यय 1.51 लाख करोड़ से अधिक होने का अनुमान है। यह आवंटन ग्रामीण अवसंरचना विकास, बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन तथा ग्रामीण आय में वृद्धि को नई गति प्रदान करेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### ट्रेन में यात्री की गोली मारकर हत्या

**वाराणसी।** कोलकाता से जम्मू जा रही गाड़ी संख्या 13151 कोलकाता-जम्मूतवी एक्सप्रेस ट्रेन के बोगी नंबर एस-2 में एक यात्री की गोली मारकर हत्या कर दी गई। रविवार और सोमवार की रात करीब दो बजे जब ट्रेन वाराणसी जंक्शन पहुंची, तब शव को नीचे उतारकर पुलिस ने जांच शुरू कर दी। बिहार के गया जिले के निवासी दिनेश शाह अपनी बहन और अन्य रिश्तेदारों के साथ सीतापुर जा रहे थे। वे गाड़ी संख्या 13151 कोलकाता-जम्मूतवी एक्सप्रेस के एस-2 बोगी में यात्रा कर रहे थे, जबकि उनकी बहन और रिश्तेदार जनरल कंपार्टमेंट में सवार थे। रविवार रात करीब 1:30 बजे ट्रेन पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन से रवाना हुई थी। तभी बाथरूम के पास किसी अज्ञात व्यक्ति ने दिनेश शाह को गोली मार दी।

### दो दिन बाद तल्ख होंगे मौसम के तेवर

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में अगले तीन दिनों के दौरान मौसम में बदलाव के आसार हैं। मौसम विभाग ने पश्चिमी और पूर्वी उत्तर प्रदेश के कई जिलों में गरज-चमक, वज्रपात तथा तेज झोंकेदार हवाओं के साथ बारिश की संभावना जताई है। कुछ क्षेत्रों में हवा की रफ्तार 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटा तथा झोंकों के साथ 60 किलोमीटर प्रति घंटा तक पहुंच सकती है। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ द्वारा सोमवार को जारी प्रभाव आधारित पूर्वानुमान एवं चेतावनी के अनुसार 11 मई को पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कई स्थानों पर बारिश और गरज चमक के साथ बौछारें पड़ सकती हैं, पूर्वी यूपी में मौसम मुख्यत: शुष्क रहने की संभावना है। 12 मई को पश्चिमी और पूर्वी दोनों हिस्सों में कहीं-कहीं बारिश देखने को मिल सकती है।

# चुनाव खत्म होते ही याद आया 'संकट'

## बीजेपी पर सपा मुखिया अखिलेश यादव ने बोला तीखा हमला

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भारतीय जनता पार्टी पर तीखा हमला बोलते हुए सोमवार को कहा कि चुनाव खत्म होते ही सरकार को 'संकट' याद आ गया।

उन्होंने कहा कि देश के लिए सबसे बड़ा संकट भाजपा ही है और केंद्र सरकार की हालिया अपीलें उसकी आर्थिक व नीतिगत विफलताओं को उजागर करती हैं। सपा प्रमुख ने कहा कि यदि इतनी पाबंदियां लगानी पड़ रही हैं, तो पांच ट्रिलियन डॉलर की जुमलाई अर्थव्यवस्था कैसे बनेगी। आरोप लगाया कि भाजपा सरकार के हाथ से आर्थिक व्यवस्था की लगाम छूट चुकी है। डॉलर लगातार मजबूत हो रहा है



■ भाजपाई अपनी कमाई के स्वर्णीकरण में लगे

और रुपया कमजोर होता जा रहा है। यादव ने सोने की खरीद को लेकर सरकार की अपील पर भी कटाक्ष किया। जनता तो वैसे भी डेढ़ लाख तोले का सोना खरीदने की स्थिति में नहीं है, बल्कि भाजपा के लोग ही अपनी काली कमाई का स्वर्णीकरण करने में लगे हैं। इसकी जानकारी लखनऊ से लेकर गोरखपुर और अहमदाबाद से लेकर गुवाहाटी तक ली जा सकती है।

### सपा विस चुनाव को लेकर बदलेगी अपनी रणनीति

**लखनऊ।** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के नतीजों और चुनावी प्रक्रिया के विश्लेषण के बाद समाजवादी पार्टी ने उत्तर प्रदेश में अगले साल प्रस्तावित विधानसभा चुनाव के मद्देनजर राजनीतिक रणनीति में बड़ा बदलाव का फैसला किया है। सूत्रों के अनुसार सपा अब राजनी. तिक सलाहकार कंपनियों की बजाय अपने पारंपरिक संगठन तथा जमीनी कार्यकर्ताओं पर ज्यादा भरोसा करेगी। अब फोकस मतदाता सूची की निगरानी और बूथ स्तर की तैयारी पर रहेगा। चुनाव जीतने में केवल जनसभाएं और आंदोलन ही पर्याप्त नहीं हैं।

# सहारनपुर विवाद पर मायावती चिंतित, निष्पक्ष कार्रवाई हो

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी अध्यक्ष मायावती ने सहारनपुर जिले के लालवाला गांव में हुई हिंसा पर चिंता जताते हुए निष्पक्ष कार्रवाई की मांग की है।

सुश्री मायावती ने सोमवार को एक्स पर लिखा, सहारनपुर के एक गांव में एक भूमि पर मूर्ति रखने को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद हुआ, जो बाद में संघर्ष में बदल गया। उन्होंने आरोप लगाया कि इस घटना में दलित समाज के कई लोग घायल हुए हैं। बसपा अध्यक्ष ने पुलिस और प्रशासन से मामले में तत्काल तथा निष्पक्ष कार्रवाई करने की मांग करते हुए कहा कप्ल प्रशासन को हालात पर पूरी तरह नियंत्रण रखते हुए शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रभावी कदम उठाने चाहिए। बसपा सुप्रीमो ने दोनों पक्षों से भी संयम बरतने और आपसी सौहार्द बनाए रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि मामले को ताकत के बजाय कानूनी तरीके से सुलझाया जाना चाहिए, ताकि क्षेत्र में तनाव न बढ़े और शांति कायम रह सके। गौरतलब है कि



■ मामला ताकत की बजाय कानूनी तरीके से सुलझाएं

सहारनपुर के देवबंद क्षेत्र के लालवाला गांव में 9-10 मई को लगभग दो बीघा जमीन पर कब्जे और कथित तौर पर महाराणा प्रताप की मूर्ति लगाने को लेकर दो समुदायों के बीच हिसक झड़प हुई।

पत्थरबाजी और लाठीचार्ज में तीन महिलाओं समेत आठ लोग घायल हो गए। पुलिस ने घटना के बाद गांव में सुरक्षा बलों को तैनात कर निगरानी बढ़ा दी है। प्रशासनिक अधिकारी स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं।

### मंत्रिमंडल विस्तार का असर आमजन पर पड़े

**लखनऊ।** बसपा अध्यक्ष मायावती ने उत्तर प्रदेश में रविवार को हुए मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि मंत्रिमंडल का घटाना-बढ़ाना और विस्तार सत्तारूढ़ दल का आंतरिक राजनीतिक विषय होता है, इसलिए इस पर ज्यादा टिप्पणी करना उचित नहीं है, लेकिन इसका असर आमजन, खासकर गरीबों, मजदूरों, किसानों, युवाओं और महिलाओं के जीवन पर सकारात्मक रूप से दिखना चाहिए। यदि ऐसा नहीं हुआ तो लोग इसे केवल राजनीतिक जुगाड़ और सरकारी संसाधनों पर बढ़ा बोझ मानेंगे। मंत्रियों की पहली जिम्मेदारी कानून-व्यवस्था बनाए रखना और सभी वर्गों को न्याय व सुरक्षा का एहसास कराना है। बसपा सुप्रीमो ने हाल ही में ब्राह्मण समाज से जुड़े भाजपा के नेता पर हमले का भी जिक्र करते हुए कहा कि इस घटना के बाद प्रदेश में ब्राह्मण समाज की सुरक्षा को लेकर फिर चर्चा शुरू हो गई है।

## सोमनाथ स्वाभिमान पर्व राष्ट्रीय गौरव के पुनर्जागरण का शंखनाद: योगी

# सनातन को मिटाने वाले मिट्टी में मिल गए

वाराणसी, वार्ता

सीएम योगी ने कहा कि द्वादश ज्योतिर्लिंगों में से एक सोमनाथ महादेव के स्वाभिमान पर्व के कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा से 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की संकल्पना को साकार होते देख रहा है।

उन्होंने कहा कि इसका साकार रूप भगवान सोमनाथ महादेव के भव्य मंदिर की पुनर्प्रतिष्ठा, सुंदरीकरण और वहां आयोजित कार्यक्रमों के साथ ही काशी में श्री काशी विश्वनाथ धाम, महाकाल में महालोक की स्थापना, श्री अयोध्या धाम में श्री राम जन्मभूमि पर भव्य राम मंदिर के निर्माण समेत अनेक सनातन परंपरा से जुड़े पवित्र तीर्थ स्थलों को अपने वैभव के साथ विकास



■ भारत की चेतना में बसता है सनातन और चेतना अजर-अमर है सोमनाथ देश की जड़ों को जोड़ने का प्रयास

की नई यात्रा पर आगे बढ़ते देख रहे हैं। योगी ने कहा कि इन सभी की प्रेरक शक्ति भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी हैं। उत्तर प्रदेशवासियों की ओर से उनका आभार व्यक्त करते हुए अभिनंदन करता हूं। आज का यह कार्यक्रम भारत की सांस्कृतिक चेतना, आध्यात्मिक परंपरा और राष्ट्रीय गौरव के पुनर्जागरण का एक शंखनाद है। उन्होंने कहा कि सनातन तो भारत की चेतना में बसता है और भारत की यह चेतना अजर-अमर है। इसी का शाश्वत शंखनाद हम सभी के सामने निरंतर गूंजता है। जिन्होंने सनातन को मिटाने का प्रयास किया, आज वे स्वयं मिट्टी में मिल चुके हैं। सोमनाथ स्वाभिमान पर्व का आयोजन हमें भारत की जड़ों से जोड़ने का एक अभिनव प्रयास है। श्री काशी विश्वनाथ मंदिर परिसर के त्र्यंबकेश्वर बहुउद्देशीय हॉल में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें मुख्यमंत्री के साथ प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और अन्य मंत्रियों ने हिस्सा लिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज मिट्टी में मिल चुके आक्रांताओं का नाम भी कोई लेने वाला नहीं है। लेकिन आज भी ऐसी शक्तियां हैं, जो भारत के इस आत्मगौरव के प्रतीक, स्वाभिमान के प्रतीक इन आध्यात्मिक व सांस्कृतिक स्थलों को स्वाभिमान के साथ आगे बढ़ते नहीं देखना चाहतीं।

### बीजेपी के जिलाध्यक्षों की बैठक आज

**लखनऊ।** यूपी में रविवार को योगी आदित्यनाथ सरकार की कैबिनेट विस्तार के बाद भारतीय जनता पार्टी ने 2027 का चुनावी बिगुल फूंक दिया है, जिसके बाद अब पार्टी आगे की तैयारी में जुट गई हैं। बीज. ेपी 12 मई को यूपी बीजेपी जिलाध्यक्षों की बैठक बुलाई हैं। इस बैठक में प्रदेशभर के सभी 98 जिलाध्यक्षों को शामिल होने के निर्देश दिए गए है। इस बैठक का एजेंडा क्या होगा, इसे लेकर आज क्षेत्रीय अध्यक्ष बैठक करेंगे और आगे रणनीति तय करेंगे। उत्तर प्रदेश भारतीय जनता पार्टी ने कहा कि सभी को इस बैठक में रहना आवश्यक होगा। खबरों के मुता. बिक इस बैठक में आगामी चुनाव को देखते हुए भविष्य की योजनाओं और अभियानों पर मंथन होगा और रणनीति तैयारी होगी। इसके अलावा पार्टी द्वारा चलाए जा रहे अभियानों की समीक्षा भी की जा सकती है। यूपी जिला अध्यक्षों की बैठक का नेतृत्व प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी करेंगे। इस बैठक में संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह मौजूद रहेंगे। बंगाल के बाद अब भारतीय जनता पार्टी का पूरा फोकस उत्तर प्रदेश पर है।

# मोदी सरकार ने श्रमिकों के अधिकारों पर किया हमला

नई दिल्ली, वार्ता

कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने मोदी सरकार पर पांच राज्यों के विस चुनाव खत्म होने के तुरंत बाद चार श्रम संहिताओं (लेबर कोड) को लागू करने का आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार ने कायरतापूर्ण तरीके से 8 और 9 मई 2026 को गजट अधिसूचनाओं के जरिए इन श्रमिक विरोधी कानूनों को लागू किया।

खड़गे ने सोमवार को बयान जारी कर कहा कि ये कानून करोड़ों मजदूरों के लिए हायर एंड फायर, रोजगार और यूनियन अधिकारों में कटौती का रास्ता खोलते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि मोदी सरकार ने बिना किसी व्यापक चर्चा और श्रमिक संगठनों से सलाह-मशविरा किए इन कानूनों को लागू किया। उन्होंने



अब मनमाने तरीके से तय होगी मजदूरी

कहा कि 2015 के बाद से भारतीय श्रम सम्मेलन तक नहीं बुलाया गया और ये श्रम संहिताएं केवल प्रधानमंत्री के उद्योगपति मित्रों को लाभ पहुंचाने के लिए बनाई गई हैं। वेतन संहिता, 2019 के तहत न्यूनतम मजदूरी तय करने के पुराने मानकों को खत्म कर दिया गया है, जिससे मजदूरी मनमाने तरीके से तय हो सकेगी।

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

## बिज़नेस-टाइम्स

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 76015.28 | सोना | 150277 प्रति 10 ग्राम |
| निफ्टी | 23815.85 | चांदी | 255300 प्रति किलो |

# शेयर बाजारों में गिरावट, सूचकांक एक महीने के निचले स्तर पर

मुंबई, वार्ता

घरेलू शेयर बाजारों में सोमवार को बड़ी गिरावट रही और प्रमुख सूचकांक एक महीने से अधिक के निचले स्तर पर बंद हुए। बीएसई का सेंसेक्स 1,312.91 अंक लुढ़ककर 76,015.28 अंक पर आ गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज की निफ्टी-50 सूचकांक भी 23,815.85 अंक पर रहा।

यह दोनों सूचकांकों का एक महीने से अधिक का निचला स्तर है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आयातित वस्तुओं का खरीद करने और विदेशी मुद्रा बचाने की अपील के बाद बाजार में विदेशी मुद्रा भुगतान संबंधी चिंता स्पष्ट दिखी। सोना कम खरीदने की उनकी अपील से ज्वेलर्स कंपनियों के शेयरों में बड़ी गिरावट देखी गई। अनावश्यक विदेश यात्रा न करने की सलाह से विमान सेवा कंपनियों के शेयर भी साढ़े चार प्रतिशत टूट गए। कल्याण ज्वेलर्स का शेयर बीएसई में सबसे अधिक नौ



प्रतिशत लुढ़क गया। मझौली कंपनियों का निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.83 प्रतिशत और छोटी कंपनियों का स्मॉलकैप-100 सूचकांक 1.13 प्रतिशत गिर गया। एफएमसीजी फार्मा और स्वास्थ्य को छोड़कर अन्य सूचकांकों में गिरावट रही। सेंसेक्स की कंपनियों में तनिष्का ब्रांड का स्वामित्व रखने वाली कंपनी टाइटन का शेयर सात प्रतिशत के करीब टूट गया। इंडिगो और भारतीय स्टेट बैंक में साढ़े चार प्रतिशत की गिरावट रही।

### सोना गिरकर 1.50 लाख पर , चांदी भी फिसली

**नई दिल्ली।** सोना-चांदी के दाम में सोमवार को गिरावट दर्ज की गई है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए)के अनुसार 10 ग्राम 24 कैरट सोने का दाम 801 रुपए गिरकर 1,50,277 पर आ गया है। वहीं 1 किलो चांदी की कीमत 300 रुपए कम होकर 2,55,300 रुपए पर आ गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को कहा कि सालभर तक घर में कोई भी कार्यक्रम हो, हम सोने के गहने नहीं खरीदेंगे। क्योंकि ऐसा करने से विदेशी मुद्रा बचेगी। दरअसल हमें सोना डॉलर में दूसरे देशों से मंगवाना पड़ता है, डॉलर महंगा होने से इस पर खर्च बढ़ जाता है। हमेशा ब्यूरो आफ इंडियन स्टैंडर्ड का हॉलमार्क लगा हुआ सर्टिफाइड गोल्ड ही खरीदें। सोने का सही वजन और खरीदने के दिन उसकी कीमत कई सोर्सेज (जैसे इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन की वेबसाइट) से क्रॉस चेक करें। सोने का भाव 24 कैरेट, 22 कैरेट और 18 कैरेट के हिसाब से अलग-अलग होता है।

# विदेशी मुद्रा बचाएं, हम पश्चिम एशिया संकट के बीच जीतेंगे: वैष्णव

नई दिल्ली, वार्ता

■ भारतीय उद्योग परिसंघ के व्यापार सम्मेलन में बोले रेल मंत्री

■ दो देशों के युद्ध का असर पूरी दुनिया पर है, भारत का इसमें दोष नहीं

केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने लोगों से विदेशी मुद्रा बचाने की प्रधानमंत्री की अपील पर अमल का अनुरोध करते हुए सोमवार को कहा कि भारत पश्चिम एशिया संकट के बीच विजेता बनकर उभरेगा।

श्री वैष्णव ने यहां भारतीय उद्योग परिसंघ के वार्षिक व्यापार सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में कहा कि आज दो देशों के बीच युद्ध का असर पूरी दुनिया और भारत झेल रहा ह, जिसमें हमारी कोई गलती नहीं है। इसका कारण यह है कि हम ऊर्जा के अपने बड़े हिस्से के लिए आयात पर निर्भर हैं। उन्होंने लोगों से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अपील पर अमल का अनुरोध करते हुए कहा कि पश्चिम एशिया में गत 28 फरवरी से जारी संकट के कारण कई देशों में ईंधनों की कीमत काफी बढ़ गई है लेकिन भारत ने उसे अबतक नियंत्रित रखा है। उल्लेखनीय है कि श्री मोदी ने रविवार को लोगों से अनावश्यक विदेश यात्रा से बचने, सोने की गैर-जरूरी खरीद न करने और ईंधन की बचत करने की अपील की थी। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि एक नागरिक के तौर पर हम हर उस खपत में कटौती कर सकते हैं जिसके लिए देश की विदेशी मुद्रा खर्च करनी होती है। साथ ही हम विदेश मुद्रा की कमाई बढ़ाने पर फोकस कर सकते हैं। श्री वैष्णव ने कहा कि चुनौती कितनी भी बड़ी हो भारतीय अर्थव्यवस्था छह-आठ प्रतिशत की दर से बढ़ती रहेगी, मुद्रास्फीति नियंत्रण में रहेगी क्योंकि हमारा विकास लंबे समय तक कायम रहने वाला विकास है, हम इस संकट के बीच विजेता बनकर उभरेंगे। उन्होंने उद्योग जगत से आशंकाओं को परे रखकर निवेश करने और भारत की विकास गाथा का हिस्सा बनने की अपील की।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काज़ीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

# आईआईटी शोधकर्ताओं ने बूंदों को नियंत्रित करने की तकनीक खोजी

**कानपुर।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान कानपुर (आईआईटी) के शोधकर्ताओं ने भारतीय विज्ञान संस्थान (आईआईएससी) बेंगलुरु तथा जर्मनी के यूनिवर्सिटी ऑफ ल्यूबेक के वैज्ञानिकों के साथ मिलकर लेजर पल्स की सहायता से तरल बूंदों की दिशा, गति और विखंडन को सटीक रूप से नियंत्रित करने की नई तकनीक विकसित की है।

यह शोध प्रतिष्ठित वैज्ञानिक जर्नल प्रोसीडिंग्स ऑफ द नेशनल एकेडमी ऑफ साइंसेज (पीएनएएस) में प्रकाशित हुआ है। आईआईटी की ओर से जारी बयान में बताया गया कि यह अध्ययन लेजर और पदार्थ के बीच होने वाली जटिल अंत: क्रियाओं को समझने की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है। शोध के परिणाम लक्षित दवा वितरण, इंकजेट प्रिंटिंग, लेजर

■ गोमती यूपी के संस्कृति व आस्था की प्रतीक

आधारित निर्माण तकनीक तथा बायोमेडिकल अनुप्रयोगों जैसे क्षेत्रों में नई संभावनाएं खोल सकते हैं। शोधकर्ताओं ने अपने अध्ययन में प्रदर्शित किया कि सूक्ष्म तरल बूंदों को लेजर की सहायता से आगे, पीछे अथवा विभिन्न दिशाओं में नियंत्रित रूप से संचालित किया जा सकता है। इसके लिए बूंद की स्थिति को लेजर फोकस के अनुरूप समायोजित किया गया तथा लेजर पल्स की ऊर्जा को नियंत्रित किया गया। शोध टीम ने हाई-स्पीड इमेजिंग, ऑप्टिकल मॉडलिंग और मल्टीफेज न्यूमेरिकल सिम. ुलेशन का उपयोग करते हुए ष्प्लेसमेंट-एनर्जी मैप्सष विकसित किए हैं। ये मैप्स विभिन्न लेजर परिस्थितियों में बूंदों के व्यवहार का पूर्वानुमान लगाने में सक्षम हैं।

# चुनाव खत्म, ज्ञान देने लगे पीएम मोदी

## पेट्रोल-डीजल का कम करने के लिए आप ने बोला हमला

नई दिल्ली, वार्ता

आम आदमी पार्टी ने देशभक्ति के नाम पर लोगों को पेट्रोल, डीजल, खाने का तेल, गैस काम इस्तेमाल कम करने की सलाह देने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की आलोचना करते हुए कहा कि चुनाव खत्म होते ही वह लोगों को पेट्रोल, डीजल, गैस, तेल का इस्तेमाल कम करने और सोना नहीं खरीदने का ज्ञान देने लगे हैं।

आप के वरिष्ठ नेता एवं सांसद संजय सिंह ने आज कहा कि रविवार को प्रधानमंत्री ने कहा कि दो महीने से सरकार जनता का बोझ उठा रही थी लेकिन अब चुनाव खत्म हो गया है तो अब वे बोझ नहीं उठाएंगे। पांच राज्यों का चुनाव जब तक हो रहा था, तब तक उन्होंने जनता का बोझ उठा लिया। अब वह कह रहे हैं कि पेट्रोल, डीजल और गैस का



इस्तेमाल कम कीजिए। एक साल तक कोई भी शादी या समारोह हो तो सोना न खरीदिए और खाने के तेल का भी इस्तेमाल कम कीजिए। यह सारा ज्ञान चुनाव भर प्रधानमंत्री को याद नहीं आया। तब वह कह रहे थे कि कोई कमी नहीं है, पूरा भंडार भरा हुआ है और कोई समस्या नहीं है। लेकिन जैसे ही पांच राज्यों के चुनाव खत्म हुए, नरेन्द्र मोदी के कंधे झुक गए। श्री सिंह ने कहा कि चुनाव खत्म होने के बाद श्री मोदी ने व्यवसायिक सिलेंडर का दाम 993 रुपये बघ दिया, जिसे रेहघी वाले, चाय वाले और छोटी-छोटी दुकान वाले इस्तेमाल करते हैं। इसके अलावा 5 किलो वाले छोटे सिलेंडर का दाम भी 261 रुपये बघ दिया गया, जिसे छात्र, मजदूर और झुग्गियों में रहने वाले गरीब लोग इस्तेमाल करते हैं। प्रधानमंत्री लगातार जनता पर इस तरह से महंगाई का बोझ डालते जा रहे हैं। देश को सोचना होगा कि उसे कब होश आएगा और वह कब इन सवालों पर सरकार से जवाब मांगेगा? आप नेता ने कहा कि चुनाव भर जनता का इस्तेमाल किया जाता है। कभी उनके खाते में 10 हजार रुपये डाल दिए जाते हैं और उसके बाद पटना की सघ्कों पर नौजवानों को डंडों से पीटा जाता है। चुनावों में जनता से कहा जाता है कि न तेल की कमी है और न गैस की, लेकिन चुनाव खत्म होते ही गैस के दाम बघ दिए जाते हैं। जनता को सलाह दी जा रही है कि तेल का इस्तेमाल कम करें।

### शाह के साथ बैठक में राज्य के दर्जे का मुद्दा उठाएंगे : उमर

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने सोमवार को कहा कि वह नई दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के साथ अपनी बैठक में राज्य का दर्जा बहाल करने, कामकाज के नियमों, आरक्षण से जुड़े मामलों और अन्य प्रशासनिक मुद्दे उठाएंगे। श्री अब्दुल्ला ने यहां संवाददाताओं से बातचीत में एक ओर जहां राज्य का दर्जा बहाल करने का मुद्दा एक बार फिर उठाने की बात कही, वहीं दूसरी ओर उनके एजेंडे में शासन से जुड़े कई अन्य मामले भी शामिल हैं। अगर हमें किसी एक बैठक से ही राज्य का दर्जा मिल जाता, तो हमें यह बहुत पहले ही मिल गया होता। यह प्रक्रिया अभी चल रही है। वह गृह मंत्री से प्रशासन के कामकाज के नियमों, महाधिवक्ता के पद से जुड़े मुद्दों और आरक्षण के मामले पर भी चर्चा करेंगे।

# फर्जी पुलिस अफसरों के गिरोह का भंडाफोड़

■ दिल्ली पुलिस ने किया खुलासा

**नई दिल्ली।** दिल्ली के बाहरी जिला पुलिस ने फर्जी पुलिस अधिकारियों के एक गिरोह का भंडाफोड़ किया है, जिन्होंने कथित तौर पर यहां के पुलिसकर्मी बनकर राजस्थान के एक व्यक्ति से पैसे ठगे।

बाहरी जिला पुलिस उपायुक्त विक्रम सिंह ने बताया कि विनय उर्फ मोंटी और कुलदीप सहित दो आरोपियों को एक नाबालिग के साथ हरियाणा से गिरफ्तार किया गया है जबकि 33-50 लाख रुपये नकद, दो मोबाइल फोन, एक बैग और अपराध में इस्तेमाल की गई एक बाइक बरामद की गई है। आरोपियों ने पीतमपुरा के पास शिकायतकर्ता को पुलिस अधिकारी होने का नाटक करते हुए रोका, बैग की जांच के बहाने उससे नकदी छीन ली और बाद में मोटरसाइकिल से फरार हो गए। उन्होंने बताया कि कई पुलिस टीमों ने सीसीटीवी फुटेज का विश्लेषण किया और तकनीकी निगरानी की, जिसके बाद हरियाणा के सोनीपत के गोहाना में आरोपियों का पता लगाया गया। राजस्थान का शिकायतकर्ता एक दोस्त के साथ अपने नियोक्ता की ओर से नकदी पहुंचाने दिल्ली आया था। वर्धमान प्लाजा बस स्टैंड के पास एक ऑटो से उतरने के बाद तरुण एन्क्लेव के पास गुजरते समय दो लोगों ने खुद को पुलिसकर्मी बताकर उन्हें रोका और उनसे पूछताछ करने के बाद उनका बैग छीन लिया।

जांच के दौरान शिकायतकर्ता ने बाद में पुलिस को बताया कि बैग में वास्तव में 50 लाख रुपये नकद थे।

# गंगनहर पटरी पर हादसे में पिता-पुत्र की मौत

## तेज रफ्तार कार की टक्कर से दूर जाकर पड़े बाइक सवार, दो बेटियों की भी हालत गंभीर

**शाह टाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** मेरठ के थाना जानी क्षेत्र में गंगनहर कांवड़ पटरी मार्ग रविवार शाम उस समय चीख-पुकार से गूंज उठा, जब तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार परिवार को टक्कर मार दी। हादसे में खतौली निवासी पिता और उनके मासूम बेटे की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो बेटियां गंभीर रूप से घायल हो गईं। घटना के बाद खतौली के मोहल्ला इस्लामनगर में मातम पसरा हुआ है।



मोहल्ला इस्लामनगर निवासी जहीर उर्फ भूरा (48) रविवार को अपने 11 वर्षीय पुत्र साद तथा पुत्रियों सानिया और सबा के साथ बाइक से रिश्तेदारी में सिवाल खास गए थे। शाम करीब छह बजे परिवार वापस खतौली लौट रहा था। इसी दौरान जानी क्षेत्र में गंगनहर पटरी मार्ग पर सामने से आ रही तेज रफ्तार कार ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सवार सभी लोग सड़क पर दूर जा गिरे। हादसे के तुरंत बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही थाना जानी पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने जहीर और उनके बेटे साद को मृत घोषित कर दिया।

वहीं हादसे में घायल दोनों बच्चियों सानिया और सबा की हालत गंभीर बनी हुई है। उनका मेरठ के अस्पताल में उपचार चल रहा है। घटना की खबर मिलते ही खतौली में परिजनों और मोहल्ले के लोगों में शोक की लहर दौड़ गई। परिवार की महिलाओं का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने आरोपी कार चालक को हिरासत में लेकर वाहन कब्जे में ले लिया है। परिजनों का आरोप है कि चालक नशे की हालत में कार चला रहा था। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है और शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। बताया गया कि मृतक जहीर मेहनत-मजदूरी कर अपने परिवार का पालन-पोषण करते थे। उनके निधन के बाद परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। परिजनों ने सरकार से आर्थिक सहायता दिलाने की मांग की है।

# मोबाइल न देने पर बड़े भाई ने खाया जहर, हालत गंभीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** मोबाइल को लेकर हुए मामूली विवाद में बड़े भाई ने जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर परिजनों ने उसे बुढ़ाना के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां उसका इलाज चल रहा है। घटना बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के गांव बिराल की है।

मिली जानकारी के मुताबिक बिराल निवासी लगभग 20 वर्षीय आरिश ने सोमवार को अपने छोटे भाई से मोबाइल मांगा था। छोटे भाई ने मोबाइल देने से इन्कार कर दिया। इसी बात को लेकर दोनों भाइयों में कहासुनी हो गई। गुस्से में आकर आरिश ने घर में रखा हुआ जहरीला पदार्थ खा लिया। कुछ देर बाद जब आरिश की तबीयत बिगड़ने लगी और उसे उल्टियां होने लगी तो परिजनों में हड़कंप मच गया। आनन फानन में परिजन उसे लेकर बुढ़ाना क्षेत्र के एक निजी अस्पताल में लेकर पहुंचे जहां पर डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे भर्ती कर लिया है।

डॉक्टर के अनुसार युवक ने जहर खाया है। फिलहाल उसकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है लेकिन डॉक्टरों की निगरानी में रखा गया है। घटना के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। उधर बुढ़ाना पुलिस को भी इस घटना की सूचना मिल गयी थी।

# युवक की धमकी से रोड़वेज कर्मी दहशत में

**मुजफ्फरनगर।** तेरा गला काटकर खुद भी मर जाऊगा, यह कोई फिल्मी डायलोग नही बल्कि एक तरफा प्रेम की आग में जल रहे एक गांव के युवक का असली बयान है। इसकी शिकायत पुलिस अधिकारियों से की गई और थाने में भी सुरक्षा की गुहार लगाई गई। मामला तितावी क्षेत्र के एक गांव का रोडवेज में एक पद पर तैनात पीड़िता ने बताया कि एक युवक उसका पीछा कर अश्लील इशारे करता है।

घर से लेकर उसके कार्यालय तक पीछा करता है। पीड़िता ने कहा कि आरोपी युवक ने धमकी दी है कि तेरा गला काटकर मैं भी मर जाऊंगा।



मुजफ्फरनगर: श्री भगवान आश्रम महाराज पूर्व डिप्टी सीएम दिनेश शर्मा का स्वागत करते हुए।



मुजफ्फरनगर: उद्यमी राकेश बिंदल एमपी दिनेश शर्मा व डीएम का स्वागत करते

# आने वाली पीढ़ी ताऊ-चाचा के रिश्तों को ढूंढेगी: दिनेश शर्मा

## पूर्व उपमुख्यमंत्री ने पुस्तक का किया विमोचन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** पूर्व उपमुख्यमंत्री व राज्यसभा सांसद दिनेश शर्मा ने कहा कि हिन्दू समाज में एकल बच्चों की बढ़ती संस्कृति देश की एकता व अखण्डता के लिए खतरनाक है। उन्होने कहा कि कारोबार के साथ परिवार बढ़ाने की भी जरूरत है और जाति बंधनों को तोडकर खुद को सनातनी बनानी की जरूरत है। उन्होने कहा कि विघटनकारी ताकते हिन्दू समाज को जातियों में बाटकर उन्हे कमजोरक रना चाहती है।

प्रदेश के पूर्व उपमुख्यमंत्री दिनेश शर्मा ने सोमवार को पचैण्डा रोड स्थित दिव्य योग आश्रम में स्वामी श्री भगवान आश्रम जी महाराज की आत्म बोध चेतना के पुष्प पुस्तक के विमोचन समारोह में भाग लिया। यहां पर वह मुख्य अतिथि के रूप में बोल रहे थे। और उन्होने भारत में हिन्दू समाज के बच्चों की लगातार बढ़ती प्रजन्न दर पर चिंता जताई।

उन्होने कहा कि हिन्दू लोग कारोबार तो बढ़ा रहे है, लेकिन उनका परिवार घट रहा है। शर्मा ने कहा कि हिन्दू समाज कमजोर हुआ तो देश की सुरक्षा भी खतरे में पड गई जाएगी और जापान, ब्राजील देशों की तरह ही भारत में वृद्धों की संख्या नहीं बढ़ानी है। उन्होने कहा कि युवा की संख्या ज्यादा होगी तो 2047 में भारत को विकसित राष्ट्र बनाना आसान होगा और सनातन धर्मो के परिवारों को दो से अधिक बच्चों के लिए कहा। इस दौरान कपिल देव अग्रवाल के प्रयासों से डॉक्टर दिनेश शर्मा की गरिमायी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्ष दंडी स्वामी महादेव आश्रम महाराज ने की और संचालन संदीप शर्मा ने किया। इस अवसर पर मंत्री कपिल देव भाजपा जिलाध्यक्ष सुधीर सैनी चेयरमैन मीनाक्षी स्वरूप, पूर्व विधायक प्रमोद ऊंटवाल , सुरेश कश्यप, गौरव टिकैत, जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रमोद त्यागी, राकेश शर्मा, मनीष चौहान, श्री मोहन तायल, सचिन प्रजापति, के.के. शर्मा, बालीनी वर्मा, पूनम शर्मा, महेन्द्र उपाध्याय, शैलेन्द्र गौतम, कुश. पुरी, ब्रहम प्रकाश शर्मा, रण्डधावा मलिक आदि ने अपने विचार रखे।

# कॉलेज में मिली हड्डियां कहां गई

**मुजफ्फरनगर।** मंसूरपुर क्षेत्र के एक गांव में स्थित कॉलेज में मिली हड्डियों का मामला एक बार फिर सुर्खियों में आ गया है यहां के कर्मचार से जब कुछ लोगों द्वारा पूछा गया कि हड्डिया कहां दबाईगई है। कर्मचारी ने सीधे तौर पर जवाब देते हुए कहा कि कॉलेज में मिली हड्डिया नाले में डाल दी गई।

युवक बनाई गई वीडियो में स्पष्ट कह रहा है कि उसको तो पुलिस ने कहा था और वह हड्डिया यहां नहीं डालता तो क्या वह अपने घर ले जाता। पीड़ित कह रहा है कि उसको तो दरोगा जी ने कहा था जबकि ग्रामीण कह रहे है कि हड्डियों को गंगा में विसर्जित करना था।

# पुलिस ने 40 लाख की प्रतिबंधित दवाई पकड़ी

## सेट्रामाडोल हाईड्रोक्लोराइड एवं डाईक्लोमाइन साल्ट से बने हैं कैप्सूल

**अधिक पैसो की चाह में क्या-क्या नहीं कर रहा इंसान**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** इंसान इंसान के जीवन से खिलवाड करने में लगा हुआ है कही नशीली दवाई व इंजेक्शन बेचकर नई पीढ़ी को मौत के मुंह में धकेला जा रहा है तो कही खाद्य पदार्थ में मिलाकर खोरी का धंधा फलफूल रहा है। इतना ही नहीं नकली और प्रति. बंधित दवाईयों को कुछ बाजारों में बेचा जा रहा है जिससे साफ हो रहा है कि अधिक धन कमाने के लिए मनुष्य ही मनुष्य की जान का दुश्मन बना हुआ है, हालांकि इन सभी में चाहे वो खाद्य पदार्थ हो, चाहे नकीली दवाई हो चाहे प्रतिबंधित दवाई ही क्यो ना हो, अधिक पैसा कमाने के लिए यह सब कुछ किया जा रहा है इस तरह के मामलों में पुलिस काफी लोगों को जेल भेज चुकी है, लेकिन इसके बावजूद भी कानून का खौफ शायद लोगों के दिल में नहीं है। नकली और प्रतिबंधित दवाईयों , मिलावटी खाद्य पदार्थ के पीछे बड़े-बड़े कारोबारी के नाम भी सामने आ चुके है कुछ दिन के लिए पुलिस प्रशासन व संबंधित विभाग कुछ दिन ही शिकंजा कसता है, लेकिन कुछ समय बाद फिर वही चीजे बाजार में उतार दी जाती है। सोमवार को भी एसएसपी की टीम ने 40 लाख से अधिक के प्रतिबंधित कैप्सूल बरामद कर कई लोगों को सलाखों



के पीछे भेजा है।

जैसा की एसपी सिटी अमृत जैन ने पुलिस लाइन के सभाकक्ष में पत्रकारों को जानकारी दी कि खालेपार कोतवाली निरीक्षक बबलू सिंह वर्मा ने चैकिंग के दौरान कार्टून ले कर जा रहे युवक को हिरासत में लिया, इसके बाद पुलिस ने नई मंडी के गांधी नगर स्थित आनंत सिंह मकान के गोदाम में छापा मारा औरयहां से भारी मात्रा में दवाईयों का भण्डार बरामद किया।

इस दौरान पुलिस ने अनंत पुत्र कर्मवीर निवासी गांधीनगर, मोि. हत पाल पुत्र सुरेश पाल निवासी जनकपुरी, अंकित पुत्र नरेश कुमार निवासी भोकरहेडी, सलीम पुत्र एहसान, नवाश पुत्र शरफत निवासीगण रसूलपुर मीरापुर व सुमित पुत्र रमेश चंद जनकपुरी को गिरफ्तार किया।

पुलिस की कार्यवाही यहीं बंद नहीं हुई पुलिस छापे के दौरान खतौली निवासी दवा कारोबारी अश्वनी शर्मा फरार हो गया। पुलिस ने इनके कब्जे से 22 कार्टून बरामद किए इस कार्टून में चार लाख से अधिक कैप्सूल बरामद होना बताया जिसकी कीमत 40 लाख रूपये बताई गई है।

एसपी सिटी का कहना है कि आरोपियों के खिलाफ एंटीपीएस के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है और इस गिरोह पर काडी कार्यवाही की जाएगी पुलिस का यह भी दावा है कि छानबीन और पुछताछ में अभी और कई अवैध धंधा में लिप्त लोगों के नाम सामने आए है।

यह गिरोह काफी समय से प्रतिबंधित दवाईयों को बेच रहा था बरामद कैप्सूल नशे के लिए किए जाते है। और इनकी सप्लाई बाहर भी की जा रही थी।

# साहब पत्नी के उत्पीड़न से बचाओ, मनोचिकित्सक के चल रहा है इलाज

**मुजफ्फरनगर।** अधिकतर देखने में आया है कि कोर्ट कचहरी और पुलिस प्रशासन के सामने पीडित महिलाएं इंसाफ मांगने के लिए आती है। विवाहिताएं अपनी पीडा सुनाकर न्याय की गुहार लगाती देखी गइ, लेकिन सोमवार को एक युवक भी पुलिस कप्तान के दरबार में इंसाफ मांगने के लिए पेश हुआ। युवक ने अपनी पत्नी पर गंभीर आरोप लगाते हुए न्याय मांगा है। युवक ने कहा कि वह नगर कोतवाली क्षेत्र के मौहल्ले में रहता है और उसका नाम आयुष है। उसकी शादी 15 नवम्बर 2024 को हुई थी और शादी के बाद से ही वह अपनी पत्नी के उत्पीडन से परेशान है कई बार समझाने का प्रयास किया,लेकिन उसकी जिन्दगी की स्थिति बिगडती गई। पीड़ित का कहना है कि मानसिक तनाव झेलने के साथ वह मनो चिकित्सक से अपना इलाज करा रहा है।

# समाज और देश को मजबूत करें: श्री भगवान आश्रम जी महाराज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** पचैंडा रोड स्थित मौहल्ला राधिका पूरम में दिव्य ध्यान आश्रम में स्वामी श्री भगवान आश्रम महाराज का तृतीय दिक्षा दिवस समारोह श्रद्दा भक्ति एवं अध्यात्मिक हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। इस दौरान उत्तर प्रदेश के पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं राज्य सभा सांसद डॉक्टर दिनेश शर्मा ने स्वामी श्री भगवान आश्रम महाराज द्वारा लिखित पुस्तक आत्म बोध चेतना के पुष्प का विमोचन किया। उन्होने कहा कि स्वामी श्री भगवान आश्रम जी महाराज देश और समाज को मजबूत करने में अहम भूमिका निभाए। कार्यक्रम का शुभांरभ स्वामी श्री भगवान आश्रम महाराज के सानध्य में आयोजित अखण्ड रामायण पाठ के समापन के साथ हुआ।

इस दौरान धार्मिक भजन अत्याधुनिक वातावरण से पूरा आश्रम भक्तिमय हो गया था। और दंडी स्वामी महादेव आश्रम महाराज एवं जूना अखाडे के महामण्डलेश्वर स्वामी यतीद्रांद गिरी महाराज सहित अनेक महात्माओं ने भाग लिया। कार्यक्रम उत्साहपूर्वक रहा और अखण्ड रामायण पाठ संचालन पंडित रामचन्द्र मिश्र के नेतृत्व में हुआ।

# बिना अनुमति चल रहे कई क्लीनिक व पैथोलॉजी लैब सील

**खतौली।** जनपद में अवैध रूप से संचालित क्लिनिक, नर्सिंग होम और पैथोलॉजी लैब के खिलाफ स्वास्थ्य विभाग ने सख्त रुख अपनाते हुए रविवार को खतौली क्षेत्र में व्यापक जांच अभियान चलाया। जिलाधिकारी उमेश मिश्रा और मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ सुनील तेवतिया के निर्देश पर हुई इस कार्रवाई में कई संस्थानों में गंभीर खामियां पाई गईं।

स्वास्थ्य विभाग की टीम ने विभिन्न निजी क्लिनिक और लैब पर पहुंचकर पंजीकरण प्रमाणपत्र, चिकित्सकीय योग्यता और अन्य जरूरी दस्तावेजों की जांच की। जांच के दौरान कई संचालक आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत नहीं कर सके, जबकि कुछ संस्थानों में नियमों की अनदेखी साफ दिखाई दी। अधिकारियों द्वारा पूछताछ किए जाने पर भी संचालकों की ओर से संतोषजनक जवाब नहीं दिया गया। अनियमितताएं पाए जाने पर ब्लॉक प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ अवनीश कुमार सिंह ने संबंधित संचालकों को नोटिस जारी करते हुए कई क्लिनिक और पैथोलॉजी लैब को सील कर दिया। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी शिवराज ठाकुर भी टीम के साथ मौजूद रहे। कार्रवाई की सूचना मिलते ही क्षेत्र में बिना पंजीकरण संचालित चिकित्सा संस्थानों में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। कई संचालकों ने अपने प्रतिष्ठान बंद कर दिए। स्वास्थ्य विभाग ने स्पष्ट किया कि आम जनता के स्वास्थ्य से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ आगे भी लगातार अभियान जारी रहेगा। अधिकारियों ने नागरिकों से अपील की है कि इलाज कराने से पहले संबंधित डॉक्टर, क्लिनिक या पैथोलॉजी लैब का पंजीकरण अवश्य जांच लें, ताकि किसी प्रकार की लापरवाही या धोखाधड़ी से बचा जा सके।

## पेपर इंडस्ट्री में बिंदल ग्रुप का अहम योगदान

**मुजफ्फरनगर।** पूर्व उपमुख्यमंत्री दिनेश शर्मा ने आज जहां पुनीत वशिष्ठ के आवास पर प्रेस वार्ता की वहीं वह पूर्व जिलाध्यक्ष प. विजय शुक्ला के आवास पर उनका स्वास्थ्य जानने के लिए भी पहुंचे यहां से वह भोपा रोड स्थित बिंदल फार्म पर पहुंचे जहां उनका स्वागत बिंदल ग्रुप ऑफ इंडस्ट्रीज की ओर से राकेश बिंदल व उनके परिजनों ने गर्मजोशीके साथ किया। श्री शर्मा यह जानकार बेहद प्रसन्न हुए कि बिंदल ग्रुप देश का तीसरा ऐसा प्रतिष्ठान है जहां प्रति माह 45 हजार टन से अधिक पेपर का उत्पादन होता है। उन्होने यहां डीएम उमेश मिश्रा सेभी मुलाकात की।

# वैश्य समाज की अनदेखी पर भड़के अभिषेक

## बोले- भाजपा ने 'तेजपत्ता' समझ रखा है समाज को

**शाह टाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** उत्तर प्रदेश मंत्रिमंडल विस्तार में वैश्य समाज को प्रतिनिधित्व न मिलने पर समाज में नारा. जगी बढ़ती जा रही है। अखिल भारतीय वैश्य महासंगठन के नगर अध्यक्ष अभिषेक गोयल एडवोकेट ने भाजपा सरकार पर वैश्य समाज की उपेक्षा का आरोप लगाते हुए तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि भाजपा चुनाव के समय वैश्य समाज का उपयोग वोट और चंदे के लिए करती है, लेकिन सत्ता मिलने के बाद समाज को दरकिनार कर दिया जाता है।

अभिषेक गोयल ने कहा कि भाजपा ने वैश्य समाज को 'तेजपत्ता' समझ लिया है। जिस तरह भोजन में स्वाद के लिए तेजपत्ते का इस्तेमाल कर बाद में उसे बाहर फेंक दिया जाता है, उसी तरह चुनाव जीतने के बाद पार्टी वैश्य समाज को भुला देती है। उन्होंने आरोप लगाया कि समाज को सिर्फ झंडा उठाने, दरी बिछाने और चुनावी सहयोग तक सीमित कर दिया गया है, जबकि सम्मान और हिस्सेदारी देने की बारी आने पर उसे नजरअंदाज कर दिया जाता है। उन्होंने कहा कि वैश्य समाज के कार्यकर्ता और नेता आज अन्य जातियों के मंत्रियों के साथ फोटो खिंचवाने तक सीमित हो गए हैं। भाजपा नेतृत्व को समाज की भावनाओं को समझना चाहिए और उसे राजनीतिक प्रतिनिधित्व में उचित भागीदारी देनी चाहिए।

अभिषेक गोयल ने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि यदि भाजपा ने अपनी नीतियों में बदलाव नहीं किया, तो आगामी चुनावों में इसका असर देखने को मिलेगा। उन्होंने दावा किया कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश सहित पूरे प्रदेश में वैश्य समाज अब एकजुट हो रहा है और लगातार हो रही उपेक्षा को लेकर समाज में गहरा आक्रोश है।

गौरतलब है कि 10 मई 2026 को हुए उत्तर प्रदेश मंत्रिमंडल विस्तार में छह नए मंत्रियों को शामिल किया गया, जबकि दो मंत्रियों को प्रोन्नत किया गया। हालांकि, इस विस्तार में वैश्य समाज को प्रतिनिधित्व न मिलने से समाज के लोगों में असंतोष व्याप्त है।

# शराब पीकर ड्राइव करने वालों पर पुलिस का शिकंजा

**टोल प्लाजा पर चैकिंग में 42 वाहन चालकों पर कार्यवाही**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** दुर्घटनाएं रोकने के लिए और बढ़ते सड़क हादसों से चिंतित पुलिस प्रशासन ने एक ओर नई पहल की है। यातायात पुलिस ने टोल प्लाजा पर चैकिंग अभियान चलाकर शराब पीकर वाहन चालने वालों पर शिकंजा कसते हुए स्पेशल डंकन ड्राइव में 42 चालकों पर कार्यवाही की है। एसएसपी के निर्देशन में यातायात पुलिस ने जहां दिन में आसपास के चौराहे व दुर्घटना होने वाले स्थान पर चैकिंग अभियान चलाया तो अब यातायात एसपी अतुल कुमार चौबे ने टोल प्लाजा पर चैकिंग अभियान शुरू किया है। इस अभियान का नाम स्पेशल ड्रंकन ड्राइव अभियान रखा गया है छपार और जागाहेडी टोल प्लाजा पर अभियान चलाकर पुलिस ने 42 वाहन चालकों पर कार्यवाही की है। तो वहीं 131 वाहनों के विरूद्ध कार्यवाही अमल में लाई गई। साथ ही संदेश दिया गया कि वाहनों में मोडीफाई सिलेंसर, प्रेशर हॉर्न व हूटर पर पुलिस कार्यवाही करेगी। उन्होने कहा कि यातायात नियमों का पालन करना होगा। दो पहिया वाहन वालों पर हेलमेट, शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर पुलिस कार्यवाही करेगी।

# दधेड़ू चौकी के निकट बाइक की भिड़ंत में दो घायल

**मुजफ्फरनगर।** चरथावल थाना क्षेत्र के मौहल्ला मरियमपुरा निवासी रैय्यान मौहम्मद पुत्र अब्दुल रहमान अपने घर लौट रहा था जब वह कस्बे के नजदीक पहुंचा तो ग्राम गुनियाजुड्डी निवासी गौरव सैनी पुत्र शौकेत सैनी और बलवाखेडी निवासी प्रवीन कुमार से उनकी भिडंत हो गई। भिडंत आमने-सामने की हुई जिसमें बाइकसवार युवक दूर जाकर गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। घायला को स्थानयी अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उनको गंभीर हालत में रैफर कर दिया। घटना के बाद पुलिस की सूचना पर परिवार के लोग मौके पर पहुंच गए।



मुजफ्फरनगर: एक बार फिर से बढ़ रही है गर्मी।

# दिन ढलते ही कार पर फायरिंग, युवक गंभीर घायल

## पांच लोगों के नाम प्रकाश में आये, एसपी सिटी टीम ने सीसीटीवी फुटेज खंगाली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** शाम ढलते ही नई मंडी क्षेत्र के कूकड़ा नाले के निकट कुछ युवकों ने कार सवार लोगों को निशाना बनाते हुए कार पर फायरिंग कर दी। जिसमें गोली लगने से एक युवक घायल हो गया। सूचना के कुछ देर बाद ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को अस्पताल पहुंचाया। इस घटना से क्षेत्र में दहशत का माहौल बन गया। सूचना के बाद एसपी सिटी, सीओ मंडी, नई मंडी कोतवाल टीम के साथ मौके पर पहुंचे। इस दौरान विधि विज्ञान प्रयोगशाला की टीम भी मौके पर पहुंच गयी। अब तक की हुई छानबीन में अधिकारियों का कहना है कि पुरानी रंजिश के चलते वारदात की गई है। नई मंडी क्षेत्र के कूकड़ा राजवाहे ब्लॉक के निकट उस समय अफरा तफरी मच गई जब कुछ लोगों ने कार सवार युवकों पर गोलिया चला दी। सूचना के तुरन्त बाद एसपी सिटी अमृत जैन, सीओ मंडी राजू शाव और कोतवाली प्रभारी निरीक्षक आनन्द देव मिश्रा तुरन्त मौके पर पहुंचे घायल को तुरन्त अस्पताल पहुंचा दिया गया था। पुलिस का कहना था कि कुछ लोगों ने गोलिया चलाई थी जिसमें शशी मोहन नाम युवक घायल हो गया है। एसपी सिटी ने बताया कि घटना के पीछे



पुरानी रंजिश सामने आ रही है। फिलहाल घटना की छानबीन शुरू कर दी गई है और पुलिस ने आस-पास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालते हुए तीन टीम बनाई और आरोपियों की तलाश शुरू कर दी। घायल के साथी का कहना है कि करीब 2 वर्ष पूर्व किसी बात को लेकर विवाद हुआ था औ इस मामले में फैसला हो गया था, लेकिन लोगों ने एक बार फिर घटना कर दी है।

# नचिकेता स्कूल्स में मातृ दिवस पर मां-बच्चों ने दी शानदार प्रस्तुतियां

**मुजफ्फरनगर।** नचिकेता स्कूल्स में मातृ दिवस बड़े ही उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में छात्र/छात्राओं एवं उनकी माताओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। विद्यालय परिसर रंग-बिरंगी सजावट और खुशियों से सराबोर दिखाई दिया।

कार्यक्रम के दौरान मां और बच्चों ने मनमोहक नृत्य एवं मधुर गायन के साथ दी गई प्रस्तुतियों से सभी का दिल जीत लिया।कार्यक्रम में ज्वेलरी मेकिंग, फायरलेस कुकिंग एवं विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन भी किया गया, जिसमें माताओं ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया।

फायरलेस कुकिंग प्रतियोगिता में माताओं ने स्वादिष्ट एवं स्वास्थ्यवर्धक व्यंजन तैयार किए, वहीं ज्वेलरी मेकिंग गति. विधि में फल वो सब्जियों का प्रयोग कर सुंदर एवं आकर्षक आभूषण बनाकर सभी का मन मोह लिया। सांस्ख्रतिक कार्यक्रमों में प्रस्तुत नृत्य एवं गीतों ने समारोह में चार चांद लगा दिए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. तारिणी तनेजा एवं डॉ. अरुणा सिंघल जी उपस्थित रहीं।

डॉ. तारिणी तनेजा जी ने महिलाओं की स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं एवं उनके निदान को लेकर चर्चा की। राष्ट्र सेविका समिति की विभाग कार्यवाहिका डॉ. अरुणा सिंघल ने समाज निर्माण में महिलाओं की भूमिका तथा कुटुंब प्रबोधन जैसे महत्वपूर्ण विषय पर चर्चा की। दोनों अतिथियों ने माताओं के योगदान की सराहना करते हुए बच्चों के जीवन में मां की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। विद्यालय की उप प्रधानाचार्या जसबीर कौर व उप प्रधानाचार्या द्धएडमिनत्र विक्की जैन जी तथा प्रबंध समिति के सदस्यों ने सभी माताओं को मातृ दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मां बच्चों की पहली गुरु होती हैं और ऐसे कार्यक्रम परिवार एवं विद्यालय के संबंधों को और अधिक मजबूत बनाते हैं। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया।



# ओवैसी के हाथ मजबूत करने का संकल्प

**बुढ़ाना।** सोमवार की देर रात आल इंडिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लिमीन के जिला अध्यक्ष मौलाना इमरान कासमी के निर्देश पर बुढ़ाना नगर के वार्ड नंबर 14 में मुस्लिमीन की अहम बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता बुढ़ाना नगर अध्यक्ष आजम फारुकी ने की। बैठक में आगामी बुढ़ाना नगर पंचायत और जिला पंचायत चुनाव को लेकर रणनीति बनाई गई। पदाधिकारियों ने संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने पर जोर दिया। सभी कार्यकर्ताओं से बैरिस्टर असदुद्दीन ओवैसी के हाथों को मजबूत करने और पार्टी की नीतियों को घर-घर पहुंचाने की अपील की गई। बैठक में सर्व सम्मति से डॉक्टर आफताब खान को बुढ़ाना नगर का महासचिव नियुक्त किया गया। नगर अध्यक्ष आजम फारुकी ने उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए बधाई दी और उम्मीद जताई कि उनके अनुभव से संगठन को मजबूती मिलेगी। इस दौरान बुढ़ाना विधानसभा अध्यक्ष सैय्यद बाबर, ब्लॉक अध्यक्ष कारी गफ्फार राणा, विधानसभा सचिव उम्मेद राणा, वार्ड 14 के वार्ड अध्यक्ष कय्यूम मंसूरी समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।


**नाम परिवर्तन सूचना**

मैंने अपना नाम MOHAMAMD ABRAR से बदलकर MOHAMMAD ABRAR रख लिया है। भविष्य में मुझे MOHAMMAD ABRAR के नाम से जाना व पहचाना जाए।

**MOHAMMAD ABRAR**
पुत्र हाजी मौ0 इस्लाम,
786/18, Yougender puri, MZN.


# मान्यता प्राप्त विद्यालय विकास संगठन की नई कार्यकारिणी गठित

**पुरकाजी।** मान्यता प्राप्त विद्यालय विकास संगठन की एक महत्वपूर्ण बैठक सोमवार, दिनांक 11 मई 2026 को एम जी आई पब्लिक स्कूल में आयोजित की गई। बैठक में संगठन की नई ब्लॉक कार्यकारिणी का सर्वसम्मति से गठन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के निजी विद्यालय संचालकों एवं शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

बैठक में सर्वसम्मति से सुरेश पाल सिंह को ब्लॉक अध्यक्ष चुना गया। उनके अध्यक्ष निर्वाचित होने पर उपस्थित लोगों ने फूल-मालाओं से स्वागत कर शुभकामनाएं दीं। वक्ताओं ने कहा कि सुरेश पाल सिंह लंबे समय से निजी विद्यालयों की समस्याओं एवं शिक्षकों के हितों की आवाज बुलंद करते रहे हैं तथा उनके नेतृत्व में संगठन और अधिक मजबूत होगा। नई कार्यकारिणी में योगेन्द्र कुमार त्यागी को संरक्षक, यशवीर सिंह को संयोजक, अनिल कुमार को महासचिव, शाहनजर को कोषाध्यक्ष तथा मोहम्मद इस्तखार को मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया। इसके अलावा दीपक कुमार, जीत राम, उस्मान अली, अर्शद अली, इरफान अली, वीरेंद्र कुमार, दिलावर खान, सैफ अली, अजय शर्मा एवं अन्य सदस्यों को संगठन में महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपी गईं। चुनाव प्रक्रिया चुनाव अधिक.



ारी यशपाल सिंह पुंडीर की देखरेख में संपन्न हुई, जबकि कार्यक्रम का संचालन डॉ. आशिक अली ने किया। कार्यक्रम के अंत में सभी नवनिर्वाचित पदा. धिकारियों ने निजी विद्यालयों के हितों की रक्षा एवं शिक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प लिया। मार्गदर्शक मंडल में यशपाल सिंह पुंडीर, डॉ. आशिक अली, प्रवीण देशवाल, समय सिंह एवं सतेन्द्र त्यागी प्रमुख रूप से शामिल रहे।



गीता मनीषी महामंडलेश्वर स्वामी श्री ज्ञानानन्द जी महाराज की दीघार्य की मंगल कामना के लिए शिवचौक पर महाआरती एवं भोजन का हुआ वितरण।

# बिजलीघर पर किसानों का अनिश्चितकालीन धरना जारी

**बुढ़ाना।** टोडा बिजलीघर पर भारतीय किसान यूनियन का अनिश्चितकालीन धरना सोमवार को भी जारी रहा।

अल सुबह धरनास्थल पर मौजूद किसानों ने बिजलीघर परिसर में ही दातुन की और मॉर्निंग वॉक कर दिन की शुरुआत की। भाकियू कार्यकर्ता धरने को दूसरा घर बनाकर अपनी जिम्मेदारी निभा रहे हैं। भाकियू जिला महासचिव अनुज बालियान ने बताया कि टोडा बिजलीघर पर भाकियू के कार्यकर्ता सिपाही की तरह 24 घंटे मोर्चा संभाले हुए हैं। सभी कार्यकर्ता बारी बारी से धरने की जिम्मेदारी निभा रहे हैं। रात में भी बड़ी संख्या में किसान बिजलीघर परिसर में ही डेरा डाले हुए हैं। बिजली कटौती और ट्रांस्फार्मर की समस्या को लेकर यह धरना चल रहा है। उधर 13 मई को प्रस्तावित बड़े आंदोलन की तैयारियां भी तेज हो गई हैं। भाकियू नेता ऋषिपाल भगत गांव टांडा, माजरा व वैल्ली आदि गांवो में घर घर जाकर किसानों से संपर्क कर रहे हैं।



उन्होंने ग्रामीणों से 13 मई को टोडा बिजलीघर पर अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील की है। ;षिपाल भगत ने कहा कि जब तक किसानों की बिजली संबंधी समस्याओं का समाधान नहीं होता धरना जारी रहेगा। 13 मई को बड़ा प्रदर्शन होगा। हर गांव से ट्रैक्टर-ट्रॉली लेकर किसान पहुंचेंगे। धरने पर बैठे तहसील अध्यक्ष संजीव पंवार, जिला संगठन मंत्री विकास त्यागी, ब्लाक अध्यक्ष सुधीर पंवार और नगर अध्यक्ष इसरार का कहना है कि अघोषित बिजली कटौती से ?सल सूख रही है। टड्ूबवेल नहीं चल पा रहे। कई बार शिकायत के बाद भी सुनवाई नहीं हुई इसलिए अनिश्चितकालीन धरने का रास्ता चुना गया है।

# चेयरमैन विजय का निधन

**मंसूरपुर।** उत्तर भारत में शुगर किंग कहे जाने वाले धामपुर बायो आर्गेनिक्स के चौयरमैन कुंवर विजय कुमार गोयल का सोमवार को नई दिल्ली स्थित आवास पर निधन हो गया था, वे लगभग 86 वर्ष के थे, उनके निधन की खबर से शुगर उद्योग में शोक की लहर दौड़ गई। कुंवर विजय कुमार गोयल को शुगर इंडस्ट्री का भीष्म पितामह कहा जाता था। कुंवर विजय कुमार गोयल को देश में शुगर इंडस्ट्री में नई टेक्नोलोजी लाने का भी श्रेय प्राप्त है। शुगर मिल के श्रमिकों के होनहार बच्चों को प्रशिक्षित किया।


**Name Change**

I, MOHD ISTKHAR S/O MOHD MUSA R/O 111, MUSTAFABAD, PACHENDA KALAN Muzaffarnagar 251001 have Changed my Name "MOHAMMAD ISATKHAR" to "MOHD ISTKHAR" for all Purposes in Future.



समन वास्ते करार वाद उमूर तनकीह तलब (आर्डर 5 कायदा 1 व 5)

**न्यायालय श्रीमान उपजिलाधिकारी खतौली, जिला मु0नगर।**

मूल वाद सं0 T202509550601723 सन् 2025

प्रवीन कुमार सिंह पुत्र स्व0 श्री नैपाल सिंह, मूल निवासी ग्राम भैंसी, परगना व तहसील खतौली जिला मुजफ्फरनगर हाल निवासी D-H,B-05, मोतीबाग उत्तरी नई दिल्ली। ................**वादी**

**बनाम**

1. वेन्या पुत्री प्रदीप कुमार सिंह 2. प्रदीप कुमार सिंह पुत्र स्व0 नैपाल सिंह, मूल निवासीगण ग्राम भैंसी, परगना व तहसील खतौली जिला मुजफ्फरनगर हाल निवासीगण म0नं0 एच.एस. 1/37 सैक्टर-ए, सीतापुर रोड अलीगंज, लखनऊ। 3. श्रीमती पूनम सिंह पत्नी श्री देवेन्द्र सिंह पुत्र स्व0 श्री नैपाल सिंह, मूल निवासी ग्राम भैंसी परगना व तहसील खतौली जिला मुजफ्फरनगर हाल निवासी विला-01 ग्रीन एज विलाज, निकट सी.एच.डब्ल्यू. दुजाना रोड गौतमबुद्धनगर, उत्तर प्रदेश। 4. श्रीमती नीलम सिंह पत्नी श्री समीर सिद्धु पुत्री स्व0 श्री नैपाल सिंह मूल निवासी ग्राम भैंसी, परगना व तहसील खतौली जिला मुजफ्फरनगर हाल निवासी एम. 10/08 पार्क एलाईट फ्लोर, एम. ब्लॉक, सैक्टर-83 फरीदाबाद (हरियाणा)। 5. गांवसभा ग्राम भैंसी, परगना व तहसील खतौली जिला मुजफ्फरनगर द्वारा प्रधान गांवसभा उपरोक्त। 6. गांवसभा ग्राम शेरपुर, परगना व तहसील खतौली जिला मुजफ्फरनगर द्वारा प्रधान गांवसभा उपरोक्त। 7. उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा जिलाधिकारी महोदय जनपद मुजफ्फरनगर। .........**प्रतिवादीगण**

**अन्तर्गत धारा 144 उ0प्र0रा0सं0 2006 ग्राम भैंसी व शेरपुर परगना व तहसील खतौली जिला मुजफ्फरनगर।**

हरगाह मिनजानिब वादीगण ने आपके नाम नालिस बाबत के दायर की में लिहाजा आपको हुक्म होता है आप बतारीख 19.05.2026 बवक्त 10 बजे दिन के असालतन या मार्फत वकील के जो मुकदमे हालात से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और कुछ उमूर तहम मुताल्लिका मुकदमा का जवाब दे सके या जिसके साथ कोई और सख्स हो जो जवाब ऐसे सवालात दे सके हाजिर और जवाबदेही दावा करे और उसी रोज अपना जमला गवाही को जिसको शाहदत पर निजी तमाम दस्तावेजों को जिस पर अपनी जवाबी देही की ताईद में इस्तेमाल करना चाहते हो पेश करे अगर बरोज मगर आप हाजिर न होगे तो मुकदमा बगैर हाजिर आपके मसमूह फैसला होगा। बरवक्त मेरे दस्तख्त और मोहर अदालत के आज बतारीख 06.05.2026 जारी किया गया।

**उपजिलाधिकारी, खतौली।**



**सम्बन्ध विच्छेद**

मैं बाबूराम पुत्र समय सिंह निवासी ग्राम ढिंढावली थाना शाहपुर जिला मुजफ्फरनगर का निवासी हूं। मेरे 4 पुत्र अमित कुमार, अंकित कुमार, सुमित कुमार, अंकुर कुमार व एक पुत्री निधि कुमारी हैं। मेरे एक पुत्र अमित कुमार की शादी हो चुकी है। मेरे 3 पुत्र अंकित कुमार, सुमित कुमार, अंकुर कुमार व मेरी पुत्री निधि कुमारी अविवाहित हैं। मेरा पुत्र अंकुर कुमार कुछ दिनों से मेरे व मेरे परिवार के कहने सुनने में नही है और उसका चाल चलन भी ठीक नही है। मैं और मेरा परिवार तंग व परेशान रहता है। आज 11 मई 2026 से मेरा व मेरे परिवार से अंकुर कुमार का किसी भी प्रकार का सम्बन्ध वास्ता नही रहा है। आज के बाद मेरा पुत्र अंकुर कुमार अपने सभी प्रकार के कृत्यों व लेन देन का खुद जिम्मेदार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नही होगी।



**सम्बन्ध विच्छेद सूचना**

हमारा पुत्र अक्षय व उसकी पत्नी राशिका मेरे व मेरे परिवार वालों के कहने सुनने में नही है। ये दोनों आये दिन हमारे साथ गाली-गलौच करते है। हमारा पुत्र अक्षय अपने मायके वालों के जेरे असर में है। इस कारण हमने व हमारे परिवार वालों ने इन दोनों से अपने सभी प्रकार के सम्बन्ध विच्छेद कर दिये है तथा हमने अपने पुत्र अक्षय व उसकी पत्नी राशिका को अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। आज के बाद इनके द्वारा किये गये कृत्य व लेन-देन के लिए हम व हमारे परिवार वाले जिम्मेदार नही होगें। अक्षय व उसकी पत्नी राशिका स्वयं जिम्मेदार होगे।

**सोहनबीर पुत्र तेजपाल व बबीता पत्नी सोहनबीर**
**निवासीगण ग्राम अटाली**
**थाना बुढाना**
**ज़िला मुजफ्फरनगर**


# जीओ गीता युवा चेतना का पांच दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** परम पूज्य गुरुदेव गीता मनीषी महामंडलेश्वर श्री ज्ञानानंद जी महाराज के अवतरण दिवस के संबंध में केमिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष सुभाष चौहान के ऑफिस पर एक प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। जीओ गीता युवा चेतना के कार्यक्रम संयोजक महंत पंडित मनसुख शर्मा जी एवं जीओ गीता महिला मंडल की संयोजिका कल्पना चौहान जी ने बताया कि परम पूज्य गुरुदेव जी के अवतरण दिवस पर जीओ गीता युवा चेतना एवं जीओ गीता महिला मंडल ,मुजफ्फरनगर द्वारा पाँच दिवसीय कार्यक्रम का भव्य आयोजन मुजफ्फरनगर में किया जा रहा। है । जिसमे प्रथम दिवस पर शिव चौक पर महा आरती एवं भोजन प्रसाद वितरण ,द्वितीय दिवस पर तुलसी जी के पौधे एवं लड्डू वितरण से घर घर जाकर बधाई एवं निमंत्रण देना , तृतीय दिवस पर गौ सेवा ,चतुर्थ दिवस पर रक्त दान शिविर एवम पंचम दिवस पर राधा जागरण ,करनाल के लिए नि:शुल्क बस सेवा सम्मिलित है ।कांफ्रेंस में समस्त मुज़फ़्फ़रनगर वासियों को आयोजन में सम्मिलित होने का निमंत्रण दिया गया और सभी को गीता जी से प्रेरणा लेकर जीवन जीने का संदेश दिया गया । प्रेस कॉन्फ़्रेंस में केमिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष सुभाष चौहान , जीओ गीता युवा चेतना से कार्यक्रम संयोजक महंत पंडित मनसुख शर्मा, कार्यक्रम सहसंयोजक विनय शर्मा ,संयोजक सुनील शर्मा, दिवाकर सोलंकी ,कोषाध्यक्ष अमित गर्ग ,सह संयोजक दिव्य प्रताप राणा ,मीडिया प्रभारी दीपक आदि रहे।


वाद के निस्तारण हेतु प्रतिवादी की उपस्थिति के लिये समन
(आदेश 5 नियम 1 और 5)

**न्यायालय सिविल जज सीनियर डिवीजन एफ0टी0सी0 मुजफ्फरनगर**

वाद संख्या 287 सन् 2025

असलम आयु करीब 50 वर्ष पुत्र श्री इलियास निवासी ग्राम कसेरवा परगना शिकारपुर तहसील बुढाना जिला मुजफ्फरनगर हाल निवासी खुशहाल पार्क लोनी देहात जिला गाजियाबाद। ....................**वादी**

**बनाम**

1-श्रीमती फरजाना बेगम आयु करीब 43 वर्ष पत्नी श्री नफासत खाँ जाति पठान, 2-हाजी रिफाकत पुत्र श्री हमीद, 3-कुमारी सुभाना आयु करीब 19 वर्ष पुत्री हाजी रिफाकत, 4-मसीउल्ला आयु करीब 18 वर्ष पुत्र हाजी रिफाकत, 5-वसीउल्ला नाबालिग आयु करीब 13 वर्ष पुत्र हाजी रिफाकत, 6-कुमारी अमीरा नाबालिग आयु करीब 11 वर्ष पुत्री हाजी रिफाकत, नाबालिगान द्वारा पिता व संरक्षक हाजी रिफाकत पुत्र श्री हमीद, समस्त निवासीगण मौहल्ला कस्साबान कस्बा शाहपुर ठठेरो वाली मस्जिद के पास परगना शिकारपुर तहसील बुढाना जिला मुजफ्फरनगर, 7- इंतजार अली पुत्र श्री अलीजान जाति जाट निवासी ग्राम तावली परगना बघरा तहसील सदर जिला मुजफ्फरनगर। .............**प्रतिवादीगण**

आपको इस समन द्वारा सूचित किया जाता है कि उपरोक्त वादीगण ने आपके विरूद्ध सिविल वाद संस्थित किया है आपको इस न्यायालय में उक्त वाद का उत्तरपत्र आदि नी0डी प्रस्तुत करने के लिये उपसंजात उपस्थित होने के लिये दिनांक 14 माह 05 सन् 2026 को 10:30 बजे नियुक्त करके यह समन प्रेषित किया जाता है। आप नियत दिनांक को न्यायालय में स्वयं या अपने अधिकृत पैरोकार, अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हो सकते है। जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद से सम्बन्धित सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके। न्यायालय में आपकी उपसंजाती (उपस्थिति) के लिये जो उक्त तिथि नियत की गई है। वह इस वाद के अन्तिम निस्तारण के लिये भी नियत है इसलिये आपको उसी दिन अपने उन सभी साक्षियो को या उन से सम्बन्धित सभी सारवान प्रपत्रों साक्ष्यों का पेश करने के लिये तैयार रहना चाहिये जिन पर आप अपनी प्रतिरक्षा के लिये निर्भर रहना चाहते है।

आपको यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर वर्णित तिथि को इस न्यायालय में उक्त वाद के निस्तारण के समय उपसंजात उपस्थित नही होगे तो उस दशा में उक्त वाद का निस्तारण आप की अनुपस्थिति मे गुणदोष पर किया जायेगा। आज दिनांक 31 माह 03 सन् 2026 को मेरे हस्ताक्षर व मोहर अदालत से जारी किया गया

**आज्ञा से**
**मुन्सरिम/रीडर**
**सिविल जज (सी0डि0) एफ0टी0सी0 मुजफ्फरनगर।**



समन वास्ते करार वाद उमर तनकी तलब (आदेश 5 कायदा 1 व 5)

**न्यायालय श्रीमान सिविल जज सीनियर डिविजन मुजफ्फरनगर।**

मूलवाद सं0 233 सन 2024

1.जवाहरलाल पुत्र स्व0 राम सिंह 2. भरत सिंह पुत्र स्व0 राम सिंह, 3. श्रीमति रिसाली पत्नि स्व0 राम सिंह निवासीगण ग्राम चितौडा परगना जोली जानसठ तहसील जानसठ जिला मुजफ्फरनगर। .......**वादीगण**

**बनाम**

1. श्रीमति मोनिका जैन पत्नि निपुण जैन, 2. रविन कुमार जैन पुत्र श्री लालचन्द जैन, निवासीगण मौहल्ला योगेन्द्र पुरी परगना व तहसील सदर जिला मुजफ्फरनगर। .....**प्रतिवादी**

आपको इस समन द्वारा सूचित किया जाता है कि उक्त वाद वादी ने आपके विरुद्ध बाबत माननीय न्यायालय में योजित किया है, लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप दिनांक **12 मई सन् 2026** को प्रात: 10.00 बजे असालतन या मार्फत वकील के जो मुकदमे हालात से करार वाकई से वाकिफ किया गया हो और कुछ उमूर तहम मुत्तािल्लका मुकदमा वाद का जवाब दे सके या जिसके साथ कोई और शख्स हो कि जो जवाब ऐसे सवालात दे सकें हाजिर और जवाबदेही दावा कर और उसी रोज अपना जुमला गवाही को जिसकी शहादत पर निजी तमाम दस्तावेजो को जिस पर अपनी जवाबदेही की ताईद में इस्तेमाल करना चाहते हो पेश करे। अगर तारीख आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा/वाद बगैर हाजिर आपके मसमूह फैसला होगा। बरवक्त मेरे दस्तखत और मोहर अदालत के आज दिनांक 04 अप्रैल सन् 2026 को यह समन मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित विधिवत न्यायालय द्वारा जारी किया गया।

आज्ञा से
(वाद लिपिक)
सिविल जज सीनियर डिविजन मुजफ्फरनगर।



# कार्यालय नगर पंचायत बुढ़ाना, मुजफ्फरनगर

पत्रांक:-78/न0पं0बु0/2026-27 दिनाक 11- 05-2026

## सूचना आम

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है निम्नलिखित व्यक्तियों द्वारा नगर पंचायत बुढाना में प्रार्थनापत्र प्रस्तुत करते हुए रजिस्टर्ड बैनामा/हिबैनामा/वारिसान/पारिवारिक सदस्यता प्रमाणपत्र/मृत्यु प्रमाणपत्र / रजि. वसीयत के आधार पर अपना नाम गृहकर पंजिका में दर्ज किये जाने का अनुरोध किया गया है। यदि किसी व्यक्ति को उक्त नाम परिवर्तन से आपत्ति है तो वह सूचना प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर अपना दावा/आपत्ति इस कार्यालय में कार्यालय समय में प्रस्तुत कर सकते है। नियत अवधि के पश्चात किसी भी दावे/आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा। नाम परिवर्तन से सम्बन्धित प्राप्त आवेदनो का ब्यौरा निम्नप्रकार है:-

| क्र.सं. | नाम दर्ज करवाने हेतु आवेदन | भवन संख्या | भवन स्थित मौहल्ला | नगर पंचायत अभिलेखों में दर्ज नाम | नाम परिवर्तन किये जाने का कारण |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | फैज मौहम्मद पुत्र सिकन्दर हुसैन निवासी मौ. भटवाडा दक्षिणी बुढ़ाना (भवन स्वामी मौ. अकरम व समर फात्मा के स्थान पर)। | 4 | कस्सावान | मौ. अकरम पुत्र सिकन्दर हुसैन, समर फात्मा पत्नी मौ. अकरम, फैज मौहम्मद पुत्र सिकन्दर हुसैन व आसमा मुसर्रत पत्नी फैज मौहम्मद | रजि. हिबैनामा सं0 6505 दिनांक 08.07.2022 व रजि. हिबैनामा सं. 6800 दिनांक 15.07. 2022 के आधार पर। |
| 2 | फैज मौहम्मद पुत्र सिकन्दर हुसैन निवासी मौ. भटवाडा दक्षिणी बुढ़ाना | 5 | कस्सावान | ब्रजमोहन पुत्र मामचन्द | रजि. बैनामा सं0 7610 दिनांक 23.09.2019 के आधार पर। |

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत बढ़ाना**

# यूरिया संकट से भड़के किसान, गन्ना समिति में जोरदार प्रदर्शन

■ घंटों इंतजार के बाद भी खाद न मिलने पर फूटा गुस्सा

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** खतौली क्षेत्र में यूरिया खाद की कमी को लेकर किसानों का आक्रोश सोमवार को गन्ना समिति परिसर में खुलकर सामने आया। सुबह से ही बड़ी संख्या में किसान समिति पहुंच गए, जहां खाद वितरण में देरी और अव्यवस्था को लेकर जमकर हंगामा हुआ।

किसानों ने आरोप लगाया कि कई दिनों से समिति के चक्कर लगाने के बावजूद उन्हें पर्याप्त मात्रा में यूरिया नहीं मिल पा रही है, जिससे खेती के कार्य प्रभावित हो रहे हैं। भीषण गमह्ल के बीच लंबी कतारों में खड़े किसानों का धैर्य उस समय जवाब दे गया जब घंटों इंतजार के बाद भी वितरण प्रक्रिया सुचारू रूप से शुरू नहीं हो सकी। किसानों का कहना था कि गन्ना समेत अन्य फसलों के लिए इस समय यूरिया बेहद जरूरी है, लेकिन समय पर खाद न मिलने से फसल प्रभावित होने का खतरा बढ़ रहा है। मामले की सूचना मिलने पर किसान नेता अंकुश प्रधान मौके पर पहुंचे और किसानों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने समिति प्रशासन की कार्यप्रणाली पर नाराजगी जताते हुए जिला कृषि अधिकारी से फोन पर बातचीत की तथा तत्काल पर्याप्त खाद उपलब्ध कराने की मांग उठाई। साथ ही समिति सचिव से मिलकर वितरण व्यवस्था को पारदर्शी और व्यवस्थित करने की बात कही। अंकुश प्रधान ने कहा कि किसानों को उनकी जरूरत के समय खाद न मिलना गंभीर समस्या है। यदि जल्द व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो किसानों को बड़ा आंदोलन करने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। किसानों के बढ़ते आक्रोश को देखते हुए अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर स्थिति संभाली और तत्काल यूरिया वितरण शुरू कराया। इसके बाद दर्जनों किसानों को खाद उपलब्ध कराई गई। समिति परिसर में किसानों के लिए पानी और बैठने की व्यवस्था भी कराई गई। अधिकारियों ने आश्वा. सन दिया कि भविष्य में खाद वितरण को बेहतर ढंग से संचा. लित किया जाएगा ताकि किसानों को परेशानी का सामना न करना पड़े।



# शिरोमणी महाराणा प्रताप की जयंती मनाई



**मुजफ्फरनगर।** दीवान सिंह पब्लिक स्कूल तितावी के प्रांगण में प्रार्थना स्थल पर वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती धूमधाम से मनाई गई सइस अवसर पर विद्यालय के अधिशासी समन्वयक प्रवीण कुमार पुंडीर एवं प्रधानाचार्य विकास शर्मा एवं अन्य शिक्षक शिक्षिकाओं ने महाराणा प्रताप के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित किए साथ ही छात्र-छात्राओं ने भी महाराणा प्रताप की जयंती पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

इस अवसर पर बोलते हुए अधिशासी समन्वयक एवं प्रधानाचार्य ने छात्र-छात्राओं को बताया की महाराणा प्रताप का जन्म 9 मई 1540 को कुंभलगढ़ राजस्थान के किले में हुआ था उनकी माता का नाम रानी जयवंताबाई एवं पिता का नाम महाराणा उदय सिंह था। 1576 में हल्दीघाटी के युद्ध में उन्होंने अकबर की सेना जिसने 80000 सैनिक थे को केवल 15 000 सैनिकों के सामने घुटने टेकने के लिए मजबूर कर दिया था । महाराणा प्रताप की तलवार व कवच का वजन लगभग 75 किलो एवं भाले का वजन 80 किलो था सउनके प्रिय घोड़े का नाम चेतक था। वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप ने घास फूस की रोटियां खाकर अपना जीवन यापन किया परंतु अकबर की पराधीनता स्वीकार नहीं की सवीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की मृत्यु 19 जनवरी 1597 को लगभग 56 वर्ष की आयु में कुंभलगढ़ के किले में हो गई थी।

## गैंगस्टर का वांछित दबोचा

**बुढ़ाना।** स्थानीय पुलिस को एक कामयाबी मिली। जिसमें चेकिंग के दौरान पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट में वांछित चल रहे एक बदमाश को देसी तमंचे और एक जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। आरोपी की पहचान दिलशाद पुत्र इरशाद निवासी ग्राम रसूलपुर दभेड़ी थाना बुढ़ाना के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार बीते दिन बुढ़ाना कोतवाली में तैनात एक उपनिरीक्षक अपनी टीम के साथ गश्त कर रहे थे। इसी दौरान दयानंद चौराहे पर मुखबिर से सूचना मिली कि बुढ़ाना कोतवाली का एक वांछित अभियुक्त दिलशाद मंदवाड़ा रोड से कस्बा बुढ़ाना की तरफ आ रहा है। तब पुलिस टीम ने तत्काल मंदवाड़ा रोड पर भटे के पास घेराबंदी की। तभी सामने से आ रहे व्यक्ति की मुखबिर ने पहचान की जिसके बाद पुलिस ने आवश्यक बल प्रयोग कर उसे दबोच लिया। गिरफ्तार अभियुक्त की जामा तलाशी में उसके पास से एक देसी तमंचा व एक जिंदा कारत. ूस बरामद हुआ।

# मंदवाड़ा में हुई किसान गोष्ठी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** गांव मंदवाड़ा में सोमवार को युवा प्रगतिशील किसान तैमूर अली राणा की बैठक में दो बड़े काम हुए। एक तरफ लेखपाल संजय गोस्वामी ने किसानों की फार्मर रजिस्ट्री की वहीं इंसेक्टिसाइड इंडिया लिमिटेड कंपनी ने किसान गोष्ठी कर गन्ने की फसल में खरपतवार और कीट प्रबंधन की जानकारी दी। लेखपाल संजय गोस्वामी ने कैंप लगाकर दर्जनों किसानों की फार्मर रजिस्ट्री की।

इस मौके पर तैमूर अली राणा ने कहा कि आने वाले समय में जिन किसानों की फार्मर रजिस्ट्री होगी वही सरकारी योजनाओं का लाभ ले पाएंगे। बिना रजिस्ट्री के किसान सम्मान निधि, यूरिया डीएपी, कृषि कार्ड, दवाई व गेहूं बीज जैसी कोई भी योजना का लाभ नहीं मिलेगा। सभी किसान जल्द से जल्द अपनी रजिस्ट्री करा लें।

किसान गोष्ठी में इंसेक्टिसाइड इंडिया लिमिटेड की टीम एसआर के नेतृत्व में क्रॉप एडवाइजर मोंटू कुमार और वासु शर्मा ने किसानों को जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कंपनी का उत्पाद टॉरी सुपर नक्षत्र गन्ने की फसल में सभी प्रकार के खरपतवार घास को खत्म करता है। वहीं सेंट्रान गन्ने में लगने वाले तनाछेदक कीट को प्रभावी ढंग से कंट्रोल करता है।

गोष्ठी में अनीश राणा, डीलर समीम, अनवर राणा, सलीम, कामिल राणा, यामीन राणा, सैयर प्रधान, गफ्फार राणा समेत बड़ी संख्या में प्रगतिशील किसानों ने भाग लिया। किसानों ने फसल सुरक्षा और सरकारी योजनाओं से जुड़े सवाल पूछे, जिनका कंपनी के विशेषज्ञों व लेखपाल ने मौके पर समाधान किया। तैमूर अली राणा ने कहा कि समय समय पर ऐसी गोष्ठियों से किसानों को नई तकनीक व सरकारी नियमों की सही जानकारी मिलती है, जिससे खेती में फायदा होता है।

## समाजवी की शादी में पहुंची हस्तियां

**शाहपुर।** नगर के समाजसेवी प्रदीप जैन की बेटी की शादी में जनपद गाजियाबाद के राज नगर एक्सटेंशन में स्थित गोल्डन व्यू रिज़ॉर्ट में खुशियों का माहौल देखने को मिला, जहाँ कई जनपद की बड़ी हस्तियों ने अपनी मौजूदगी से चार चाँद लगा दिए। बागपत भाजपा विधायक योगेश धामा, बागपत भाजपा जिलाध्यक्ष नीरज शर्मा, शाह टाइम्स पत्रकार भाग्य शर्मा, वरुण बंसल, शुभम जैन शामली समेत कई दिग्गजों ने नव दंपत्ति को आशीर्वाद दिया, जिससे यह पल और भी यादगार बन गया।

# नवाब अज़मत अली खान में छात्राओं को किया सम्मानित




**मुजफ्फरनगर।** जिला मुजफ्फरनगर के मशहूर शैक्षिक संस्थान नवाब अजमत अली खान गर्ल्स इंटर कॉलेज की छात्राओं ने बोर्ड परीक्षा में असाधारण सफलता हासिल करते हुए न सिर्फ अपने संस्थान बल्कि अपने माता-पिता और जिले का नाम भी रोशन किया। इस शानदार उपलब्धि के उपलक्ष्य में कॉलेज में एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राएं, उनके माता-पिता, शिक्षक और गणमान्य अतिथि शामिल हुए। समारोह में कॉलेज के अध्यक्ष अमीर आलम खान मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए, जबकि कॉलेज के मैनेजर डॉ. नवाज देवबंदी ने अध्यक्षता की। अतिथियों का स्वागत कॉलेज की प्रधानाचार्या सफिया रईस और इंग्लिश मीडियम की इंचार्ज हेड मिस्ट्रेस फराह बतूल ने गुलदस्ते पेश करके किया। इस समारोह का आरम्भ इंग्लिश मीडियम की छात्रा रिदा सबीह के प्रभावशाली भाषण से हुआ, जबकि इंग्लिश और हिंदी मीडियम की छात्राओं ने शिक्षा, माता-पिता की आज्ञाकारिता, गुरु के सम्मान, सोशल मीडिया के फायदे और नुकसान जैसे अहम विषयों पर भाषणों और कविताओं के जरिए श्रोताओं से भरपूर प्रशंसा प्राप्त की। समारोह में कक्षा 10 की इंग्लिश मीडियम की टॉपर छात्रा आयशा परवीन पुत्री गयूर हसन को 90 प्रतिशत नंबरों के साथ कॉलेज टॉप करने पर अजमत अवार्ड, गोल्ड मेडल और 21 हजार रूपए की स्कॉलरशिप से सम्मानित किया गया। इसी तरह कक्षा 12 की इंग्लिश मीडियम की टॉपर आलिया रानी पुत्री मुनीर आलम जिन्होंने 82.4 प्रतिशत नंबर प्राप्त किए, उनको भी अजमत अवार्ड और गोल्ड मेडल से सम्मानित किया गया। हिंदी मीडियम में कक्षा 10 की बुशरा पुत्री जहीर आलम ने 89.16 प्रतिशत नंबर प्राप्त करके सफलता प्राप्त की, जबकि कक्षा 12 में अल्तशा एजाज ने 82.20 प्रतिशत नंबरों के साथ टॉप किया। दोनों छात्राओं को अजमत अवार्ड, गोल्ड मेडल और स्कॉलरशिप से सम्मानित किया गया। हिंदी और इंग्लिश मीडियम की टॉप 20 छात्राओं को आने वाले शैक्षणिक सत्र के लिए पांच-पांच हजार रूपए की स्कॉलरशिप भी दी गई। प्रधानाचार्या सफिया रईस ने घोषणा की कि हिंदी मीडियम की छात्राओं ने हाई स्कूल में 1025 और इंटरमीडिएट में 1020 डिस्टिंक्शन हासिल की हैं। इस मौके पर संबोधन करते हुए कॉलेज के मैनेजर डॉ। नवाज देवबंदी ने कहा कि नवाब अजमत अली खान गर्ल्स इंटर कॉलेज की लगातार सफलताएं इस बात का साफ सबूत हैं कि शिक्षकों की लगन, मेहनत और लगातार मार्गदर्शन ही संस्थान की असल कामयाबी है। पूर्व सांसद अमीर आलम खान ने कहा कि हमारी बेटियां .ढ़ निश्चय, मेहनत और लगन के साथ आगे बढ़ें तो वे शैक्षणिक, प्रशासनिक और तकनीकी मैदानों में प्रमुख स्थान प्राप्त कर सकती हैं। उन्होंने इच्छा जताई की कि छात्राएं भविष्य में आईएएस और आईपीएस जैसे उच्च पदों पर पहुंचकर देश का नाम रोशन करें। समारोह का समापन छात्राओं के उत्साहवर्धन, शैक्षणिक श्रेष्ठता और भविष्य में और अधिक सफलता के संकल्प के साथ हुआ।

## संक्षिप्त समाचार

### जल निगम की टीम का निरीक्षण

**मुजफ्फरनगर।** जल जीवन मिशन के अन्तर्गत जनपद मुजफ्फरनगर के विकास खण्ड-बुढाना की खेडीगनी एवं मिन्डकली, विकास खण्ड-शाहपुर की दिनकरपुर एवं चॉदपुर विकास खण्ड-चरथावल की कसियारा, रोनी हरजीपुर एवं कान्हाहेडी एवं विकास खण्ड-बघरा की अलीपुर कलों पेयजल योजना में समस्त कार्य पूर्ण होने के उपरान्त शासन स्तर द्वारा प्राप्त निर्देशो के कम में ग्राम पंचायतो में इम्पैक्ट असिस्मेंट के अन्तर्गत ग्रामीणों से संवाद कर योजना के विषय में ग्रामवासियो की संतुष्टि का आंकलन मॉ. शाकुम्बरी विश्वविद्यालय की टीम द्वारा किया गया।

ग्रामो में आंकलन कार्यक्रम के दौरान सहायक अभियन्ता, जूनियर इंजीनियर, खण्ड कार्यालय, उ.प्र. जल निगम (ग्रामीण), मुजफ्फरनगर, डी.पी.एम.यू. टीम, ग्राम प्रधान एवं फर्मो के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे। सरकार का उद्देश्य इम्पैक्ट एसिसमेंट कार्यक्रम के माध्यम से जल जीवन मिशन के अन्तर्गत भारत सरकार के प्रत्येक घर तक स्वच्छ जल पहुंचाने, पेयजल योजना का जनता के जीवन पर प्रभाव, ग्राम में पेयजलापूर्ति एवं गृहसंयोजनो की स्थिति, जल की गुणवत्ता, महिलाओ के जीवन पर पेयजल योजना का प्रभाव, पेयजल से सम्बन्धित जनता की समस्या इत्यादि का आंकलन करना है। इम्पैक्ट एसिसमेंट के माध्यम से सर्वे टीम द्वारा उक्त बिन्दुओ का आंकलन के सम्बन्ध में संतोष व्यक्त किया गया।

### अधिवक्ता नितिन के निधन पर बार ने जताया शोक

**बुढ़ाना।** बार एसोसिएशन बुढ़ाना से जुडे अधिवक्ता नितिन अग्रवाल के आकस्मिक निधन से वकील समुदाय में सोमवार के दिन भी शोक की लहर दिखी। दो दिन पूर्व उनका निधन हो गया था। उनके निधन पर बार एसोसिएशन ने सोमवार को न्यायिक कार्यो से पूर्ण विरत रहने का निर्णय लिया और बार सभागार में शोक सभा का आयोजन किया। बार एसोसिएशन बुढ़ाना के अध्यक्ष सुरेश पाल सिह वर्मा और महासचिव सुभाष राठी ने बताया कि बीती 9 मई को अधिवक्ता नितिन अग्रवाल का आकस्मिक निधन हो गया था। इस दुखद घटना से पूरी बार एसोसिएशन सदमे में है। एसोसिएशन ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया है कि दिवंगत आत्मा की शांति के लिए आज सभी अधिवक्ता न्यायिक कार्यों से पूर्णतया विरत रहेंगे। पदाधिकारियों ने परमपिता परमेश्वर से प्रार्थना की है कि भगवान दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें तथा शोकाकुल परिवार को यह असीम दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करें। बार एसोसिएशन कार्यालय पर शोक सभा हुई। जिसमें सभी अधिवक्ताओं ने नितिन अग्रवाल को श्रद्धांजलि अर्पित की। शोक जताने वालों में पूर्व अध्यक्ष विनोद त्यागी, विनय बालियान, बाबू सिंह राठी, अवध बिहारी लाल गर्ग, अशोक कुमार, रविंद्र कुमार, मौहम्मद मियां रिजवानी, आबाद कुरैशी, शाहनवाज कुरैशी आदि अधिवक्ता हैं।

### जल जीवन मिशन का इम्पैक्ट असेसमेंट पूर्ण

**बुढ़ाना।** जल जीवन मिशन के तहत बुढ़ाना ब्लॉक के गांव मिंडकाली व खेड़ी गनी में पेयजल योजना के सब कार्य पूरे होने के बाद सोमवार को इम्पैक्ट असेसमेंट हुआ। मां शाकुंभरी विश्वविद्यालय सहारनपुर की टीम ने दोनों गांवों में घर घर जाकर ग्रामीणों से संवाद किया और हर घर नल से जल योजना को लेकर उनका फीडबैक लिया। सर्वे टीम ने योजना के क्रियान्वयन पर संतोष जताया। शासन स्तर से मिले निर्देशों के क्रम में ये इम्पैक्ट असेसमेंट कराया गया। इसका मकसद ये देखना था कि केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना का जमीनी असर क्या हुआ है। टीम ने मुख्य रुप से 5 बिंदुओं पर जांच की। हर घर तक नल पहुंचा या नही, पानी की गुणवत्ता कैसी है, आपूर्ति कितने घंटे हो रही है महिलाओं की जिंदगी में क्या बदलाव आया है, लोगों को कोई दिक्कत तो नही है। आंकलन कार्यक्रम के दौरान यूपी जल निगम ग्रामीण मुजफ्फरनगर के सहायक अभियंता, जूनियर इंजी. नियर, खंड कार्यालय के अधिकारी, डीपीएमयू टीम दोनों गांवों के ग्राम प्रधान व निर्माण कार्य करने वाली फर्मों के प्रतिनिधि मौजूद थे। टीम ने महिलाओं, बुजुर्गों व युवाओं से अलग अलग बातें की। सर्वे में सबसे बड़ा बदलाव महिलाओं की जिंदगी में देखने को मिला। खेड़ी गनी व मिंडकाली के ग्रामीणों ने पानी की गुणवत्ता को मीठा व साफ बताया। मां शाकुंभरी विश्वविद्यालय की टीम ने बताया कि दोनों गांवों में गृह संयोजन का काम करीब शत प्रतिशत पूरा हो चुका है।

## रात होते ही शुरु हो जाता है अवैध मिट्टी खनन

**बुढ़ाना।** कोतवाली बुढ़ाना क्षेत्र की गढ़ी सखावतपुर पुलिस चौकी के अंतर्गत परासौली बाईपास के आसपास जंगल में अवैध खनन का खेल जोरों पर है। यहां रात होते ही जेसीबी मशीनों से उपजाऊ मिटी खोदी जा रही है और दर्जनों ट्रैक्टर ट्रॉलियों से ढोकर ले जाई जा रही है। खनन माफियाओं के हौसले इतने बुलंद हैं कि उनके द्वारा यह गोरखधंधा खुलेआम चल रहा है। इसका 39 सैकेंड का भी एक वीडियो सोशलघ मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि पिछले एक महीने से इस जंगल की जमीन को जेसीबी से कई फीट तक खोद दिया गया है। रोजाना रात को 09 बजे से लेकर दिन निकलने तक आधा सैंकडा ट्रैक्टर ट्रॉलियां मिट्टी लेकर निकलती हैं। ट्रॉलियों पर तिरपाल तक नहीं डाला जाता जिससे पूरे रास्ते मिटी गिरती रहती है और धूल का गुब्बार उठता है। समीपवर्ती गांव जौला के किसानों ने बताया कि धूल के कारण घरों में रहना मुश्किल हो गया है। बच्चों को सांस की बीमारी हो रही है।

## हरिजन आबादी की जमीन पर कब्जे का आरोप, दलित परिवारों ने मुख्यमंत्री से लगाई गुहार

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** खतौली तहसील क्षेत्र के गांव कैलावड़ा कलां में हरिजन आबादी की भूमि पर अवैध कब्जा और प्लॉटिंग किए जाने का मामला सामने आया है। दलित समाज के कई परिवारों ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराते हुए प्रशासन से कार्रवाई की मांग की है। पीड़ितों का आरोप है कि उनकी पुश्तैनी पटे की जमीन पर दबंग लोग कब्जा कर निर्माण कार्य करा रहे हैं।ग्रामीणों का कहना है कि सरकार द्वारा गरीबों, दलितों और सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं, इसके बावजूद स्थानीय स्तर पर शिकायतों को गंभीरता से नहीं लिया जा रहा। पीड़ित पक्ष ने कुछ तहसील कर्मियों पर भी मिलीभगत का आरोप लगाया है। गांव निवासी टीकाराम, कमला पत्नी संसार, केद्रपाल, अमरीश, पप्पू, कर्मवीर, धर्मपाल, दिनेश और बाला सहित अन्य लोगों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भेजे गए शिकायती पत्र में बताया कि खसरा संख्या 1047 और 1048 की हरिजन आबादी भूमि उनके पूर्वजों के समय से उनके कब्जे और उपयोग में रही है। आरोप है कि गांव के ही एक व्यक्ति तथा जिला पंचायत सदस्य द्वारा प्रशासनिक कर्मचारियों से सांठगांठ कर भूमि पर अवैध प्लॉटिंग कराई जा रही है और निर्माण कार्य भी शुरू करा दिया गया है।पीड़ितों ने आरोप लगाया कि विरोध करने पर उन्हें धमकियां दी जा रही हैं। उनका कहना है कि आरोपित पक्ष गांव छोड़ने और पलायन करने तक की धमकी दे रहा है, जिससे दलित परिवारों में भय और आक्रोश का माहौल है।

## बुढ़ाना की कुपुत्री ने देश को किया शर्मसार.....

# 45 मिनट की मुलाकात ने पूर्व कैप्टन की कर दी जिंदगी तबाह

**( नसीम कुरैशी )**

**बुढ़ाना।** एक किताब के प्रमोशन के बहाने 65 वर्षीय रिटायर्ड आर्मी कैप्टन राकेश वालिया को बुलाकर हनी ट्रैप में फंसाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर बनकर मिली बुढ़ाना कस्बे के मौहल्ला छोटा बाजार निवासी एक महिला ने कुल 45 मिनट की मुलाकात के बाद कैप्टन पर रेप का आरोप लगाकर एफईआर दर्ज करा दी। 4 वर्ष की लंबी कानूनी लड़ाई के बाद बीते वर्ष फरवरी में सुप्रीम कोर्ट ने कैप्टन के विरुद्ध दर्ज रिपोर्ट को रद्द कर दिया। जांच में खुलासा हुआ कि महिला ने दिल्ली में ऐसे ही 9 अन्य लोगों को फंसाया था। कैप्टन के अनुसार 2017 में उनकी एक किताब प्रकाशित हुई। 2019 में बुढ़ाना निवासी एक महिला जो काफी सालों से दिल्ली में रहती है का फोन आया। उसने खुद को सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर बताकर किताब के प्रमोशन व ट्रांसलेशन का ऑफर दिया। कई बार टालने के बाद 29 दिसंबर 2021 को वह मिलने को तैयार हुआ। महिला ने कहा कि वो पति के साथ आएगी और कार में ही इंटरव्यू लेगी। कैप्टन के मुताबिक 29 दिसंबर को वह छतरपुर मेट्रो स्टेशन पहुंचा तो महिला अकेली थी। उसने कहा पति को जरूरी काम आ गया। मेरी ही गाड़ी में उसने 2 फोन व वॉयस रिकॉर्डर के साथ इंटरव्यू शुरु किया। कैप्टन का आरोप है कि बातचीत के दौरान महिला ने कहा फोन के कारण ठीक से बात नहीं हो पा रही। किसी पार्क या होटल के कमरे में डिटेल में बात करते हैं। इंकार करने पर कैप्टन ने शाम 4रू15 बजे उसे बॉटनिकल गार्डन सेक्टर- 38 थाने के सामने ड्रॉप किया। मुलाकात 45 मिनट रही। घर पहुंचने पर कैप्टन पर सेक्टर- 37 थाने से फोन आया कि उक्त महिला ने रेप का आरोप लगाया है। रात 11:30 बजे महरौली थाने से कॉल आया कि रिपोर्ट दर्ज हो गई है। तब पता चला कि महिला का असली नाम शबनम है जबकि सोशल मीडिया पर वह किसी और नाम से है। कैप्टन वालिया ने रिपोर्ट की खामियां गिनाई। रिपोर्ट में लिखा कि 3:30 बजे गाड़ी में बैठाया। 3:50 पर नशीला कोल्ड ड्रिंक पिलाया। 4:05 पर नशा हुआ। 4:15 पर रेप हुआ जबकि कैप्टन ने 4:15 पर महिला को ड्रॉप कर दिया था। सवाल ये है कि ड्रॉप करने का समय व रेप का समय एक ही कैसे हो सकता है? वारदात सेक्टर- 34 व 35 बताई गई। रिपोर्ट के मुताबिक नशे की हालत में 60 साल के बुजुर्ग ने महिला को आगे की सीट से पीछे खींचकर चलती कार में रेप किया। महिला 4:15 बजे से रात 11 बजे तक सेक्टर 37 व घिटोरनी थाने गई पर रिपोर्ट दर्ज नहीं हुई। महरौली थाने में रात 11 बजे पहुंची और 11:13 बजे यानी 13 मिनट में रिपोर्ट दर्ज हो गई। कैप्टन के अनुसार रात 10:55 बजे बेटे को फेसबुक पर मैसेज आया कि क्या तुम राकेश के बेटे हो? तुम्हारे पिता ने मेरा रेप किया है। परिवार को डराने की कोशिश की गई। पुलिस पूछताछ में महिला ने मेडिकल जांच में कपड़े देने व क्राइम सीन की पहचान से इंकार कर दिया। कैप्टन ने 2022 में महिला के विरुद्ध सबूत जुटाए। पता चला उसने दिल्ली में 9 अन्य लोगों को इसी पैटर्न पर फंसाया था। बीते वर्ष 25 फरवरी को सुप्रीम कोर्ट ने कैप्टन के विरुद्ध रिपोर्ट रद्द कर दी। कोर्ट ने माना कि ये हनीट्रैप का मामला है। कैप्टन ने महिला के विरुद्ध एक्सटॉर्शन की रिपोर्ट दर्ज कराई मगर पुलिस ने 3 वर्ष बाद मार्च 2025 में केस दर्ज किया। कैप्टन के वकील के सहयोगी अमित ने बताया पुलिस ने महिला को अरेस्ट किया मगर एक घंटे में छोड़ दिया। क्राइम ब्रांच ने प्रेस को इसे बड़ा रैकेट बताया पर कार्रवाई नही की। दिल्ली हाईकोर्ट ने कपिल गुप्ता बनाम राज्य केस में कहा था प्रलोभन स्वीकार करना ठीक नही लेकिन पैसा वसूलने के लिए प्रलोभन देना गलत है। कोर्ट ने पुलिस को ऐसे मामलों में शिकायतकर्ता की पृष्ठभूमि जांचने के निर्देश दिए हैं। महिला के बयान पर तुरंत रिपोर्ट दर्ज होती है वरना पुलिस पर कार्रवाई होती है। गवाह की जरुरत नही। रिपोर्ट के बाद कोर्ट के आदेश पर पीड़िता को मुआवजा मिलता है पर अब इसका गलत फायदा उठाया जा रहा है। फिलहाल महिला के विरुद्ध दर्ज एफआईआर की जांच जारी है। कैप्टन के अनुसार 45 मिनट ने मेरी 65 साल की इज्जत मिटी में मिला दी। कुल मिलाकर अब सिस्टम को ऐसे संगठित गिरोहों पर सख्ती करनी होगी जो रेप के झूठे आरोप लगा किसी की भी जिंदगी बर्बाद कर देते हैं।

# फार्मेसी के छात्रों ने किया औद्योगिक भ्रमण




**मुजफ्फरनगर।** श्री राम ग्रुप ऑफ कॉलेज (फार्मेसी) के 40 छात्रों ने अपने औद्योगिक ज्ञान को बढ़ाने के उद्देश्य से रुड़की स्थित पल्स फार्मास्यूटिकल में शैक्षणिक औद्योगिक भ्रमण किया। इस औद्योगिक भ्रमण का मुख्य उद्देश्य छात्रों को फार्मास्यूटिकल उद्योग की वास्तविक कार्यप्रणाली से परिचित कराना था, ताकि वे सैद्धांतिक ज्ञान के साथ-साथ व्यावहारिक अनुभव भी प्राप्त कर सकें। भ्रमण के दौरान छात्रों ने दवा निर्माण की संपूर्ण प्रक्रिया कच्चे माल के चयन से लेकर अंतिम उत्पाद की पैकेजिंग तकक्रको विस्तार से देखा और समझा।

कंपनी के अनुभवी विशेषज्ञों ने छात्रों को आधुनिक फार्मा उद्योग में हो रहे तकनीकी विकास, स्वचालित मशीनों के उपयोग तथा गुणवत्ता मानकों के महत्व के बारे में जानक. ारी दी। उन्होंने बताया कि आज का फार्मास्यूटिकल क्षेत्र अत्यधिक उन्नत तकनीकों से जुड़ चुका है, जिसमें डिजिटल मॉनिटरिंग, ऑटोमेशन और उच्च गुणवत्ता नियंत्रण प्रणाली का विशेष महत्व है। विशेषज्ञों ने छात्रों को वर्तमान दवा प्रणाली और पारंपरिक दवा प्रणाली के बीच आए बदलावों पर भी प्रकाश डाला। भ्रमण के दौरान छात्रों ने कंपनी के विभिन्न विभागों जैसे उत्पादन गुणवत्ता नियंत्रण गुणवत्ता आश्वासन पैकेजिंग तथा रिसर्च एंड डेवलपमेंट का गहन अवलोकन किया। दवा निर्माण की गुणवत्ता एवं सुरक्षा सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस औद्योगिक भ्रमण में कॉलेज के अध्यापकगण भी छात्रों के साथ उपस्थित रहे। उन्होंने पूरे भ्रमण के दौरान छात्रों का मार्गदर्शन किया और जटिल प्रक्रियाओं को सरल एवं सहज भाषा में समझाया, जिससे छात्रों को विषय की गहराई तक समझ विकसित करने में सहायता मिली।

# खेतों में ट्यूबवेल चोर गैंग पूर्ण रुप से है सक्रिय

**बुढ़ाना।** कोतवाली बुढ़ाना क्षेत्र के किसानों की नींद उड़ी हुई है। बीती नौ मई की प्रथम रात्रि में खेतों में स्थित दर्जनों किसानों की टड्ूबवेलों से केबल और तार चोरी की वारदात हुई। चोर गैंग ने गांव माजरा और अलीपुर अटेरना गांव के करीब दर्जनों टड्ूबवेलों को निशाना बनाकर एक लाख रुपये की संपत्ति का नुकसान कर दिया। किसान मनोज सैनी पुत्र पवन ने बताया कि चोर रात में खेत में घुसकर टड्ूबवेल की केबल काटकर ले जाते हैं। पकड़े जाने के डर से खेत में ही आग लगाकर तारों की प्लास्टिक जला देते हैं और अंदर का तांबा निकालकर फरार हो जाते हैं। सुबह खेत पर जाते हैं तो सिर्फ जली हुई राख और कटी केबल मिलती है। किसान श्रीनिवास ने बताया कि उनके खेत की टड्ूबवेल से भी चोर तार चोरी कर ले गए। इतना ही नही उनके भतीजे की टड्ूबवेल को भी निशाना बनाया गया। एक ही रात में टड्ूबवेलों से तार चोरी हो गए। 10 हजार से ज्यादा का नुकसान हुआ है। अब खेतों में खड़ी हुई सिंचाई कैसे करें? श्रीनिवास ने दर्द बयां किया। लगातार हो रही वारदातों से ग्रामीणों में दहशत है। किसान अब रात-रात भर खेतों पर पहरा देने को मजबूर हैं। ग्रामीणों का कहना है कि चोर गैंग के 4-5 लोग होते हैं। एक-दो रेकी करते हैं और बाकी वारदात को अंजाम देते हैं। सोमवार के दिन किसान श्रीनिवास और शेखर निवासीगण गांवघ अलीपुर अटेरना और माजरा गांव निवासी लहरी आदि किसानों ने बताया कि आज घटना को तीसरे दिन हो गये लेकिन बुढ़ाना पुलिस ने उक्त घटना का कोई भी खुलासा नहीं किया है। इन घटनाओं को लेकर किसानों में भय के साथ साथ रोष भी है।

**शाह टाइम्स**

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**

**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# बी-पैक्स पर पहुंची यूरिया, किसानों का दिखा जमावड़ा

☐ 125 किसानों को खाद देने को बोलकर 83 किसानों को दिया खाद डीएपी की किल्लत से भी किसान परेशान।

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** ब्लॉक क्षेत्र के गांव हसनपुर लुहारी स्थित बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति (बी-पैक्स) पर सोमवार को खाद लेने के लिए किसानों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। क्षेत्र में लंबे समय से डीएपी खाद की किल्लत बनी हुई है, ऐसे में समिति पर यूरिया की 500 बोरी पहुंचने की सूचना मिलते ही आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में किसान खाद लेने पहुंच गए। हालांकि सीमित स्टॉक होने के कारण केवल करीब 125 किसानों को यूरिया देने की बात कही लेकिन 83 किसानों को ही खाद बांटा गया जबकि सैकड़ों किसानों को मायूस होकर वापस लौटना पड़ा।सुबह से ही समिति परिसर के बाहर किसानों की लंबी लाइनें लग गई थीं। भीषण गर्मी के बीच किसान घंटों तक अपनी बारी का इंतजार करते रहे।किसानों में इस बात को लेकर चिंता दिखाई दी कि खेती के महत्वपूर्ण समय में पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध नहीं हो पा रही है।वही किसान रामप्रसाद, रणधीर, रवि कुमार ने आरोप लगाते हुए बताया कि 125



किसानो को 4 बोर के हिसाब से 500 बोर देने थे लेकिन केंद्र प्रभारी ने कुल 83 किसाओं को ही खाद दिया और फिर खाद खत्म होने की बात कहकर किसानों को वापस भेज दिया। किसानों का कहना है कि धान, गन्ना व अन्य कृषि कार्यों के लिए इस समय डीएपी और यूरिया दोनों की आवश्यकता है, लेकिन समितियों में खाद की उपलब्धता कम होने के कारण परेशानी बढ़ती जा रही है। कई किसानों ने आरोप लगाया कि खाद की कमी के चलते उन्हें निजी दुकानों से अधिक कीमत पर खाद खरीदने को मजबूर होना पड़ रहा है। वही इस बारे में समिति के सचिव को फ़ोन किया गया तो उन्होंने कहा कि मैं मीटिंग में हूँ। समिति के केंद्र प्रभारी अनिल वर्मा से इस संबंध में बात करने की कोशिश की गई तो उन्होंने फ़ोन नहीं उठाया और ना एसएमएस का जवाब दिया।

> मैं सुबह करीब सात बजे ही समिति पर पहुंच गया था, लेकिन शाम तक इंतजार के बाद खाद मिल पाई। किसानों की संख्या अधिक और खाद कम होने के कारण सभी को पर्याप्त मात्रा में खाद नहीं मिल पा रहा है।
>
> **सतीश कुमार**
>
> पिछले कई दिनों से डीएपी की किल्लत बनी हुई है। किसान लगातार समितियों के चक्कर लगा रहे हैं। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि किसानों की जरूरत को देखते हुए जल्द पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध कराई जाए, ताकि फसल की बुवाई और देखभाल प्रभावित न हो।
>
> **रोबिन सैनी।**

## प्लॉट पर कब्जे के प्रयास का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** गांव ताना निवासी बबीता पत्नी स्वर्गीय रगवीर सिंह ने जिलाधिकारी को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि पुलिस लाइन के पास उसका 204 गज का एक प्लॉट स्थित है, जिसे उसने वर्ष 2016 में खरीदा था। प्लॉट का बैनामा भी उसके पास मौजूद है। महिला का आरोप है कि वह सोमवार शाम अपने प्लॉट पर गई तो देखा कि किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा प्लॉट के तीन तरफ घेराव कर दिया गया है। पीड़िता ने आशंका जताई कि कोई व्यक्ति उसके प्लॉट पर कब्जा करने का प्रयास कर रहा है।

## बारभवन पहुंची पालिका टीम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** पालिका टीम ने बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों और अधिवक्ताओं को ऑनलाइन एवं निर्धारित प्रक्रिया के माध्यम से स्वगणना कराई। अभियान के दौरान बार एसोसिएशन के अध्यक्ष ईशपाल सिंह, महासचिव सर्वेज जंग, कोषाध्यक्ष प्रदीप कुमार शर्मा सहित कई अधिवक्ताओं ने स्वगणना प्रक्रिया में भाग लिया। नगर पालिका कर्मचारियों ने अधिवक्ताओं को बताया कि स्वगणना के माध्यम से नागरिक स्वयं अपनी और अपने परिवार की जानकारी दर्ज कर सकते हैं, जिससे जनगणना कार्य अधिक पारदर्शी और सरल बनता है। टीम ने लोगों को यह भी समझाया कि सही आंकड़े उपलब्ध होने से सरकारी योजनाओं का लाभ जरूरतमंद लोगों तक पहुंचाने में सहायता मिलती है। इस दौरान कचहरी परिसर में आने वाले वादकारियों और अन्य नागरिकों को भी स्वगणना के लिए प्रेरित किया गया। पालिका कर्मचारियों ने लोगों को जागरूक करते हुए कहा कि सभी नागरिक स्वेच्छा से स्वगणना में भाग लें और सही जानकारी उपलब्ध कराएं, ताकि सरकारी रिकॉर्ड अद्यतन रह सके। अभियान के दौरान लोगों ने भी स्वगणना प्रक्रिया में रुचि दिखाई और टीम से संबंधित जानकारी प्राप्त की। नगर पालिका अधिकारियों ने बताया कि क्षेत्र में लगातार जागरूकता अभियान चलाकर अधिक से अधिक लोगों को स्वगणना से जोड़ा जा रहा है।

## सड़क हादसे में एक मजदूर की मौत, दो घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** ब्लॉक क्षेत्र के गांव हसनपुर लुहारी निवासी एक युवक की सड़क दुर्घटना में दर्दनाक मौत हो गई जबकि उसके दो साथी गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद परिवार में कोहराम मच गया।

जानकारी के अनुसार गांव हसनपुर लुहारी निवासी सुंदर, सावन व गौरव पेंटिंग का कार्य करते थे। सोमवार दोपहर करीब तीन बजे तीनों खाना खाने के बाद वापस मजदूरी पर लौट रहे थे। इसी दौरान मुजफ्फरनगर जिले के बलवाखेड़ी गांव के निकट उनकी बाइक अनियंत्रित होकर



दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे की आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से तीनों घायलों को चरथावल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने सुंदर (40) को मृत घोषित कर दिया। वहीं घायल सावन पुत्र जयराम की गंभीर हालत को देखते हुए उसे मुजफ्फरनगर जिला अस्पताल रेफर किया गया। जबकि गौरव पुत्र भूरा का उपचार चरथावल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चल रहा है। बताया गया है कि मृतक सुंदर अपने परिवार का इकलौता कमाने वाला सदस्य था। उसके परिवार में पत्नी व 10 वर्षीय पुत्र है जो अभी पढ़ाई कर रहा है। सुंदर की मौत की सूचना मिलते ही परिवार में मातम छा गया और गांव में शोक की लहर दौड़ गई।

## भाकियू हलधर ने भनेडा उद्दा में कटान रोकने की उठाई मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** भारतीय हलधर किसान यूनियन के पदाधिकारियों ने सोमवार को कलक्ट्रेट पहुंचकर प्रदर्शन किया तथा जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर ग्राम भनेड़ा उद्दा में चकरोड के कटान को रोकने की मांग की। ज्ञापन में बताया गया कि ग्राम भनेड़ा उद्दा, तहसील ऊन निवासी ग्रामीणों की भूमि से लगी चकरोड, जो लगभग डेढ़ गट्ठे चौड़ी है, के पास पड़ोसी राजबीर एवं कमल द्वारा मिट्टी खनन कराया जा रहा है। आरोप लगाया गया कि खनन कार्य के चलते चकरोड का कटाव हो रहा है, जिससे बरसात के मौसम में रास्ता पूरी तरह क्षतिग्रस्त होने की आशंका बनी हुई है। किसानों ने कहा कि यदि समय रहते कार्रवाई



नहीं की गई तो ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। किसान यूनियन पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी से मामले की जांच कराते हुए मिट्टी खनन पर रोक लगाने तथा चकरोड की सुरक्षा सुनिश्चित कराने की मांग की। इस अवसर पर प्रदेश प्रवक्ता ठाकुर राकेश श्योराण, जिलाध्यक्ष रामभूल सिंह, बृजभूषण, अर्जुन सिंह, वीरेंद्र सिंह मौजूद रहे।

## धूप ने दिखाए तेवर, गर्मी से झुलसे लोग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जनपद में सोमवार को तेज धूप और गर्म हवाओं के कारण लोगों को भीषण गर्मी का सामना करना पड़ा। सुबह से ही आसमान साफ रहने के चलते धूप ने अपने तीखे तेवर दिखाने शुरू कर दिए थे। दोपहर होते-होते गर्म हवाओं के थपेड़ों ने लोगों का शरीर झुलसा दिया, जिससे आमजन बेहाल नजर आए। वही गर्मी से राहत पाने के लिए बच्चे नदियों और तालाबों में डुबकी लगा रहे है। सोमवार को तेज धूप के कारण दोपहर के समय शहर के मुख्य बाजारों बडा बाजार, कबाडी बाजार, नया बाजार, गांधी चौक और सड़कों पर आवाजाही कम दिखाई दी। तेज गर्मी से बचने के लिए लोग छांव और ठंडे स्थानों का सहारा लेते नजर आए। वहीं जरूरी कार्य से बाहर निकले लोग सिर और चेहरे को कपड़े से ढककर चलते दिखाई दिए। गर्म हवाओं के कारण सबसे अधिक परेशानी दिहाड़ी मजदूरों, रिक्शा चालकों और राहगीरों को उठानी पड़ी। चिकित्सकों ने भी दोपहर के समय बिना आवश्यकता घर से बाहर न निकलने की सलाह दी है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है कि तेज धूप और लू से बचने के लिए अधिक से अधिक पानी का सेवन करना चाहिए तथा हल्के एवं सूती कपड़ों का प्रयोग करना चाहिए। मौसम विभाग के अनुसार सोमवार को अधिकतम तापमान 34 डिग्री सेल्सियस तथा न्यूनतम तापमान 24 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि आने वाले दिनों में तापमान में और बढ़ोतरी हो सकती है, जिससे गर्मी का असर और अधिक बढ़ने की संभावना है।

## वेश प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के सरस्वती शिशु विद्या मंदिर जूनियर हाई स्कूल में कक्षा तृतीय से अष्टम तक के छात्र-छात्राओं की वेश प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य संजय सैनी ने कहा कि व्यवस्थित वेश व्यक्तित्व को निखारता है। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता आयोजित करने का उद्देश्य विद्यार्थियों में स्वच्छता, अनुशासन एवं व्यवस्थित जीवनशैली की भावना विकसित करना है। प्रतियोगिता में दीपाली मलिक, प्रियांशु, लक्की कुमार, आराध्या शर्मा, आकांक्षा चौहान, अभिनव रघुवंशी, माही, अन्वी, अभय दीक्षित, रूही तायल, आदित्य गर्ग एवं गोरी शर्मा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं छवि मलिक, देव तोमर, लक्ष्य जांगिड़, शियांशी गर्ग, वेदांश विश्वकर्मा, वंशिका धीमान, दक्ष चौहान मौजूद रहे।

## नाबालिग किशोरी को कार में जबरन ले जाने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव असदपुर जिडाना में एक नाबालिग किशोरी को दिनदहाड़े जबरन कार में बैठाकर ले जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित पिता ने गांव हाजीपुर दुगड्डा के दो युवकों समेत एक अज्ञात व्यक्ति पर उसकी पुत्री का अपहरण करने और परिवार को जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। पीड़ित व्यक्ति ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि गत आठ मई की दोपहर करीब ढाई बजे उसकी करीब 16 वर्षीय पुत्री घर के बाहर रखे प्लास्टिक के ड्रम से पानी लेने गई थी। आरोप है कि उसी दौरान वहां सफेद रंग की ब्रेजा कार आकर रुकी, जिसका नंबर यूपी 19 एक्स 3150 बताया गया है। कार में गांव हाजीपुर दुगढा निवासी कौसर पुत्र पप्पू, मसव्वर पुत्र पप्पू तथा एक अज्ञात युवक सवार थे। पीड़ित के अनुसार आरोपियों ने उसकी पुत्री को जबरन कार में बैठाया और अपने साथ ले गए। घटना के बाद परिजनों में हड़कंप मच गया और उन्होंने आसपास तलाश शुरू की। आरोप है कि करीब दो से तीन घंटे बाद आरोपी किशोरी को उसके घर के सामने छोड़कर फरार हो गए। पीड़ित पिता का कहना है कि जाते समय आरोपियों ने पूरे परिवार को धमकी दी कि किसी को भी जानकारी देने पर पुलिस में शिकायत की गई तो परिवार को जान से मार दिया जाएगा।

## चोरी समेत तीन अलग-अलग मामलों में छह दोषियों को सजा, लगाया अर्थदंड भी

**शाह टाइम्ससंवाददाता**

**कैराना।** न्यायालय ने चोरी, धारा 144 के उल्लंघन और जुआ अधिनियम से जुड़े अलग-अलग मामलों में छह दोषियों को सजा सुनाते हुए अर्थदंड लगाया है। सोमवार को विभिन्न अदालतों में सुनवाई के बाद दोषियों को उनके अपराध के अनुसार दंडित किया गया।

पहले मामले में वर्ष 2004 में थाना भवन थाने में अनवर निवासी ग्राम खेड़ी करमू, थाना कोतवाली शामली के विरुद्ध चोरी करने तथा चोरी का माल बरामद होने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया था। मामले की सुनवाई सिविल जज जूनियर डिवीजन की अदालत में चल रही थी। सोमवार को न्यायालय ने दोष सिद्ध होने पर आरोपी को जेल में बिताई गई अवधि के कारावास की सजा सुनाते हुए 1000 रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। वहीं, दूसरे मामले में वर्ष 2019 में थाना आदर्श मंडी में जितेंद्र निवासी गांव कुडाना, थाना कोतवाली शामली के खिलाफ धारा 144 का उल्लंघन करने और वातावरण प्रदूषित करने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया था। इस मामले की सुनवाई सिविल जज सीनियर डिवीजन की अदालत में हुई। न्यायालय ने आरोपी को न्यायालय उठने तक के कारावास की सजा सुनाने के साथ 700 रुपये का अर्थदंड लगाया। इसके अलावा तीसरे मामले में वर्ष 2022 में थाना कांधला पुलिस ने पप्पू, बिट्टू और ओम सिंह निवासी गांव भारसी के खिलाफ जुआ अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया था। सोमवार को मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत ने तीनों आरोपियों को दोषी मानते हुए 50-50 रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। इसी क्रम में वर्ष 2019 में थाना भवन क्षेत्र के मोहल्ला रेती सराय निवासी मुस्तकीम के खिलाफ जुआ अधिनियम के तहत दर्ज मामले में भी मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने सुनवाई करते हुए आरोपी पर 50 रुपये का अर्थदंड लगाया। न्यायालय के इन फैसलों के बाद संबंधित मामलों का निस्तारण कर दिया गया।

# सीडीओ ने कुडाना स्थित अंत्येष्टि स्थल का किया निरीक्षण, गंदगी और टूटे फर्श पर जताई कड़ी नाराजगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जिले के मुख्य विकास अधिकारी विनय कुमार तिवारी ने सोमवार को क्षेत्र के गांव कुडाना का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ग्राम पंचायत स्तर पर कराए जा रहे विभिन्न विकास कार्यों की स्थिति को परखा और मौके पर मौजूद अधिकारियों से जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान सीडीओ ने विशेष रूप से गांव के अंत्येष्टि स्थल का निरीक्षण किया, जहां पहुंचने पर उन्होंने वहां फैली गंदगी, अव्यवस्था और टूटे हुए फर्श को देखकर गहरी नाराजगी व्यक्त की।

सीडीओ ने मौके पर ही ग्राम सचिव को कड़ी फटकार लगाते हुए कहा कि सार्वजनिक और संवेदनशील स्थलों की देखभाल में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि अंत्येष्टि स्थल ग्रामीणों की भावनाओं से जुड़ा स्थान होता है, ऐसे में वहां स्वच्छता और सुव्यवस्थित व्यवस्था होना अत्यंत आवश्यक है। लेकिन निरीक्षण के दौरान वहां की स्थिति बेहद खराब पाई गई, जिससे प्रशासनिक लापरवाही स्पष्ट रूप से सामने आई। उन्होंने ग्राम सचिव को स्पष्ट निर्देश दिए कि पूरे परिसर में तत्काल प्रभाव से साफ-सफाई अभियान चलाया जाए और हर कोने को स्वच्छ बनाया जाए।



इसके साथ ही उन्होंने टूटी हुई फर्श की मरम्मत शीघ्र कराने, दीवारों की पुताई और पूरे परिसर को व्यवस्थित स्वरूप देने के निर्देश भी दिए। सीडीओ ने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि भविष्य में ऐसी स्थिति दोबारा न उत्पन्न हो। निरीक्षण के दौरान सीडीओ ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि आगामी निरीक्षण में भी अंत्येष्टि स्थल की स्थिति संतोषजनक नहीं पाई गई तो संबंधित कर्मचारियों और अधिकारियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि सरकारी योजनाओं के तहत बनाए गए सभी सार्वजनिक स्थलों की जिम्मेदारी ग्राम पंचायत की होती है, और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार्य नहीं है। सीडीओ विनय कुमार तिवारी ने आगे कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए नियमित निगरानी आवश्यक है। इसी क्रम में उन्होंने एक समिति गठित करने के निर्देश भी दिए, जो समय-समय पर गांव के विकास कार्यों और विशेष रूप से अंत्येष्टि स्थल की स्थिति का निरीक्षण करेगी और रिपोर्ट प्रशासन को सौंपेगी।

निरीक्षण के दौरान मौजूद अधिकारियों और कर्मचारियों में सीडीओ की सख्ती के बाद हड़कंप का माहौल देखने को मिला। ग्रामीणों ने भी उम्मीद जताई कि अब अंत्येष्टि स्थल की स्थिति में सुधार होगा और उन्हें बेहतर सुविधाएं मिल सकेंगी।

### एक नजर......

## महाविद्यालय के परीक्षा विभाग में एसी में स्पार्किंग से लगी आग,

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** नगर के विजय सिंह पथिक महाविद्यालय में सोमवार सुबह बड़ा हादसा टल गया, जब परीक्षा विभाग के एक कमरे में लगे एसी में अचानक स्पार्किंग होने से आग लग गई। देखते ही देखते आग ने पूरे कमरे को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे वहां रखा इलेक्ट्रॉनिक उपकरण और फर्नीचर जलकर राख हो गया। सूचना मिलने पर दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

जानकारी के अनुसार सोमवार सुबह करीब साढ़े नौ बजे महाविद्यालय के परीक्षा विभाग के कमरे में लगे एयर कंडीशनर में अचानक स्पार्किंग शुरू हो गई। कुछ ही देर में एसी में आग लग गई और आग तेजी से कमरे में फैलने लगी। कमरे से धुआं उठता देख महाविद्यालय स्टाफ में अफरा-तफरी मच गई। कर्मचारियों ने तुरंत इसकी सूचना दमकल विभाग को दी। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की गाड़ी मौके पर पहुंची और आग बुझाने का कार्य शुरू किया। दमकल कर्मियों ने काफी प्रयास के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक कमरे में रखा एसी, कंप्यूटर, एलईडी, कैमरों का एनवीआर, प्रिंटर तथा अन्य फर्नीचर पूरी तरह जल चुके थे। आग लगने से परीक्षा विभाग को भारी नुकसान पहुंचा है। गनीमत रही कि घटना के समय कमरे में कोई मौजूद नहीं था, जिससे बड़ा हादसा होने से बच गया। आग की घटना के बाद महाविद्यालय परिसर में कुछ समय के लिए अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। बाद में महाविद्यालय के वाणिज्य विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. हंसराज ने मुख्य अग्निशमन अधिकारी को घटना की तहरीर दी। प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण एसी में हुई स्पार्किंग बताया जा रहा है। वहीं, प्रशासन की ओर से नुकसान का आकलन किया जा रहा है।

## हल्का लेखपाल पर गलत पैमाईश किए जाने के लगाए आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** थानाभवन क्षेत्र के गांव सोन्टा रसूलपुर निवासी एक व्यक्ति ने डीएम को शिकायत पत्र देकर हल्का लेखपाल पर गलत पैमाइश करने तथा रिश्वत मांगने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने मामले की निष्पक्ष जांच कराकर दोबारा पैमाइश कराने की मांग की है।

गांव सोन्टा रसूलपुर निवासी मुस्तफा पुत्र मुनफैत अली ने डीएम को दिए शिकायती पत्र में बताया कि उसकी भूमि से लगी चकरोड की पैमाइश हल्का लेखपाल द्वारा की गई थी। आरोप है कि लेखपाल ने रुपये के लालच में चकरोड की गलत पैमाइश कर दी। पीड़ित का कहना है कि पैमाइश कराने के नाम पर लेखपाल पहले ही उससे पांच हजार रुपये ले चुका है तथा अब बीस हजार रुपये की अतिरिक्त मांग कर रहा है। रुपये न देने पर गलत रिपोर्ट लगाने का आरोप भी लगाया गया है। पीड़ित ने कहा कि गलत पैमाइश के कारण वह मानसिक रूप से परेशान है। उसने लेखपाल को गांव से हटाकर किसी अन्य लेखपाल को कार्यभार सौंपने तथा चकरोड की दोबारा निष्पक्ष पैमाइश कराने की मांग की है।

## प्लाटिंग साइट पर चोरी का खुलासा, दो शातिर चोर गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** थाना पुलिस ने प्लाटिंग साइट पर हुई चोरी की घटना का सफल खुलासा करते हुए दो शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी किया गया इन्वर्टर, जनरेटर की कोयल से निकाला गया करीब 500 ग्राम तांबे का तार, चोरी में प्रयुक्त औजार तथा दो अवैध छुरे बरामद किए हैं। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उन्हें जेल भेज दिया है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव हुरजमपुर निवासी जयभगवान पुत्र दयाराम ने गत 29 अप्रैल को थाने में तहरीर देकर बताया था कि कस्बे में स्थित उनकी प्लाटिंग साइट से अज्ञात चोर इन्वर्टर, बैटरा, जनरेटर की कोयल और अन्य सामान चोरी कर ले गए हैं। चोरी की घटना के बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी थी। पुलिस अधीक्षक एन.पी. सिंह के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत उपनिरीक्षक नरेंद्र वर्मा पुलिस टीम के साथ जिडाना नहर पुलिया पर संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान पुलिस को दो युवक संदिग्ध अवस्था में दिखाई दिए। पुलिस ने दोनों को रोककर तलाशी ली तो उनके पास मौजूद एक प्लास्टिक के कटे से चोरी का सामान बरामद हुआ। पुलिस दोनों युवकों को हिरासत में लेकर थाने पहुंची, जहां पूछताछ के दौरान उन्होंने प्लाटिंग साइट पर चोरी की घटना को अंजाम देने की बात स्वीकार कर ली। गिरफ्तार आरोपियों ने अपने नाम इसरार पुत्र यामीन निवासी मोहल्ला मिर्दगान तथा वासिद पुत्र राशिद निवासी मोहल्ला नई बस्ती बताए हैं। तलाशी के दौरान पुलिस ने उनके कब्जे से चोरी किया गया इन्वर्टर, जनरेटर की कोयल से निकाला गया तांबे का तार, प्लास, पेचकस और दो अवैध छुरे भी बरामद किए। पुलिस का कहना है कि आरोपी लंबे समय से चोरी की घटनाओं में सक्रिय थे और उनसे अन्य घटनाओं के संबंध में भी पूछताछ की जा रही है। सोमवार को पुलिस ने दोनों आरोपियों के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

## हंसराज विश्वकर्मा को राज्यमंत्री बनाए जाने पर मनाया जश्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** विश्वकर्मा समाज के वरिष्ठ नेता एवं विधान परिषद सदस्य हंसराज विश्वकर्मा को उत्तर प्रदेश सरकार में राज्यमंत्री बनाए जाने पर विश्वकर्मा समाज में खुशी की लहर दौड़ गई। समाज के लोगों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर हर्ष व्यक्त किया तथा इसे समाज के लिए गौरव का क्षण बताया।

युवा नेता गौरव विश्वकर्मा ने हंसराज विश्वकर्मा से भेंट कर उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट किया और हार्दिक शुभकामनाएं दीं। गौरव विश्वकर्मा ने कहा कि हंसराज विश्वकर्मा का मंत्री बनना केवल विश्वकर्मा समाज ही नहीं, बल्कि पूरे शिल्पकार एवं कारीगर वर्ग के लिए सम्मान और गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि उनके अनुभव, कार्यशैली और दूरदर्शिता से प्रदेश के विकास को नई दिशा मिलेगी। उन्होंने विश्वास जताया कि हंसराज विश्वकर्मा सरकार की योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का कार्य करेंगे तथा युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। इस अवसर पर अमित विश्वकर्मा, सचिन जैन भगतजी आदि मौजूद रहे।

**सूचना**

**दैनिक शाहटाइम्स में जनपद शामली के कस्बा कैराना, कांधला, ऊन, झिंझाना, जलालाबाद, गढ़ीपुख्ता, बनत व एलम में संवाददाताओं की आवश्यकता है। अनुभवी व्यक्ति को वरीयता दी जाएगी।**

**शामली जनपद में समाचार व विज्ञापन के लिए संपर्क करें**

**सुनील वर्मा**

**( जिला प्रभारी/ब्यूरो चीफ )**

**मो. 8630354443, 9897943340**

**कार्यालय पता:- ओम प्लाजा मार्केटऊपरी मंजिल, निकट इलाहाबाद बैंक, धीमानपुरा, शामली**

# दुर्घटनाग्रस्त क्षेत्रों पर हो सुधारात्मक कार्रवाई:डीएम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक को में जिलाधिकारी ने सड़क सुरक्षा की दृष्टि से एजेंडा बिंदु के अनुसार समीक्षा करते हुए उचित दिशा निर्देश देते हुए सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए जहां पर भी अधिक रोड एक्सीडेंट होते हैं उन स्थानों को पर विशेष रूप से सुधारात्मक कार्यवाही के निर्देश एनएचएआई को दिए दिए।



जिलाधिकारी शामली आलोक यादव की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। आयोजित बैठक में जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों से सड़क सुरक्षा की दृष्टि से एजेंडा बिंदु के अनुसार समीक्षा करते हुए उचित दिशा निर्देश देते हुए सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए जहां पर भी अधिक रोड एक्सीडेंट होते हैं उन स्थानों को पर विशेष रूप से सुधारात्मक कार्यवाही के निर्देश एनएचएआई को दिए दिए। बैठक में जिलाधिकारी ने समीक्षा करते हुए मानक के अनुसार यातायात के नियमों का पालन न करने वालों पर सख्त से सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिक. ारी ने समीक्षा करते हुए दिल्ली देहरादून एक्सप्रेसवे पर हो रही दुर्घटनाओं के दृष्टिगत ब्लैक स्पोर्ट्स चिन्हित कर कार्रवाई के निर्देश संबंधित को दिए। बैठक में जिलाधिकारी ने समीक्षा के दौरान एनएचएआई के निर्माण में एनएचएआई द्वारा क्षतिग्रस्त मार्गो को भी ठीक कराने के निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी ने यातायात की सुरक्षा की दृष्टि से शहर से निकलने वाले जंक्शन पर लाइट की व्यवस्था सुचारू रखने के निर्देश दिए।बैठक में जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने नगर पालि. काओं/नगर पंचायतों के व्यस्त चौराहों पर ट्रैफिक सिग्नल लाइट लगाने के भी निर्देश दिए। बैठक में सुरक्षा की दृष्टिगत से कैराना यमुना नदी पर जाल लगाने के कार्य में तेजी के निर्देश दिए। बैठक में नो हेलमेट नो फ्यूल का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए।बैठक में पुलिस अधीक्षक नरेन्द्र प्रताप सिंह,अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व सत्येन्द्र सिंह, एडिशनल एसपी सुमित शुक्ला,अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग राजकुमार, साहयक अभियंता लोक निर्माण दीपेंद्र जायसवाल, यातायात सहित समस्त संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहें।

# 8 लाख रुपए में छोड़ा पार्किंग ठेका

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** थानाभवन नगर पंचायत कार्यालय में आयोजित बोर्ड बैठक के दौरान पार्किंग ठेके की बोली प्रक्रिया शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। बैठक में नगर पंचायत अध्यक्षा मुशयदा राव, अधिशासी अधिकारी जितेंद्र राणा एवं सभासदों की मौजूदगी में पार्किंग ठेके के लिए बोली लगवाई गई। ठेके की बोली लगाने से पूर्व ठेके की नियम व शर्तो को पढ़कर सुनाया गया इसके बाद बोली की प्रक्रिया शुरू हुई।

जानकारी के अनुसार पार्किंग ठेके की सरकारी बोली 5 लाख रुपये से शुरू हुई। बोली प्रक्रिया में पांच बोलीदाताओं आशीष सिंघल ,आसिफ राव , सोनू, अनीश मंस. ूरी और सनी जिंदल ने भाग लिया।



शुरुआत में सनी जिंदल ने 5 लाख 10 हजार रुपये की बोली लगाई जबकि अनीस ने 6 लाख 70 हजार रुपये तक बोली पहुंचाई। इसके बाद अंतिम चरण में सनी जिंदल ने 8 लाख रुपये की सबसे ऊंची बोली लगाकर ठेका अपने नाम कर लिया।बोर्ड बैठक में मौजूद किसी अन्य बोली दाता द्वारा इससे अधिक बोली नहीं लगाए जाने पर नगर पंचायत प्रशासन ने पार्किंग का ठेका सनी जिंदल के नाम स्वीकृत कर दिया। बैठक के दौरान सभासद नीरज गोयल, कन्हैया सैनी , मेहबूब, बॉबी अरोड़ा, सभापति सुरेश सैनी, महावीर पाल, सहित अन्य जनप्रतिनिधि भी मौजूद रहे।

# डांगरौल में बदहाल हुई परिवहन व्यवस्था

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव सुन्ना और डांगरोल में परिवहन विभाग की लापरवाही का खामियाजा स्कूली छात्र-छात्राओं को भुगतना पड़ रहा है। समय पर बसें उपलब्ध न होने के कारण बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। रोजाना दर्जनों छात्र-छात्राएं स्कूल जाने के लिए डांगरोल बस अढे पर घंटों इंतजार करने को मजबूर हैं, लेकिन उन्हें समय पर बस या अन्य साधन नहीं मिल पाते। इससे कई छात्र स्कूल देर से पहुंचते हैं, जबकि कुछ को स्कूल का गेट बंद मिलने पर वापस घर लौटना पड़ता है। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में परिवहन व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। स्कूल समय में बसों का नियमित संचालन नहीं होने के कारण बच्चों का भविष्य प्रभावित हो रहा है। अभिभावकों के अनुसार गांवों से शहर और कस्बों में स्थित स्कूलों तक पहुंचने के लिए अधि. कतर छात्र बसों पर ही निर्भर रहते हैं, लेकिन बसों के अनियमित संचालन से रोजाना परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अभिभावकों ने बताया कि कई बार छात्र सुबह जल्दी घर से निकल जाते हैं, लेकिन लंबे समय तक बस नहीं आने के कारण उन्हें सड़क किनारे खड़े रहना पड़ता है। इससे न केवल पढ़ाई प्रभावित हो रही है, बल्कि बच्चों की सुरक्षा को लेकर भी परिजनों में चिंता बनी रहती है। ग्रामीणों का कहना है कि लगातार शिकायतों के बावजूद परिवहन विभाग इस समस्या को गंभीरता से नहीं ले रहा है। स्थानीय लोगों ने जिलाधिकारी और परिवहन विभाग से मांग की है कि स्कूल समय के दौरान डांगरोल बस अढे पर बसों का नियमित ठहराव सुनिश्चित कराया जाए। साथ ही छात्रों के लिए अतिरिक्त बसों की व्यवस्था भी की जाए, ताकि उन्हें समय पर स्कूल पहुंचने में दिक्कत न हो। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द समस्या का समाधान नहीं किया गया तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे। ग्रामीणों का कहना है कि शिक्षा के क्षेत्र में सरकार लगातार बेहतर सुविधाओं की बात करती है, लेकिन जमीनी स्तर पर परिवहन व्यवस्था की बदहाली बच्चों के भविष्य के लिए बड़ी बाधा बनी हुई है।

# मनोज जैन बने एकता व्यापारमंडल जिलाध्यक्ष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** पश्चिम व्यापारी एकता व्यापार मंडल द्वारा शहर के धीमानपुरा स्थित एक रेस्तरां पर नवगठित कार्यकारिणी के शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में व्यापारियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया तथा नव नियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्रदेश अध्यक्ष हरपाल सिंह वर्मा, प्रदेश महासचिव अनुज गुप्ता तथा संरक्षक राजीव जैन एग्रो ने किया। कार्यक्रम का संचालन जिला उपाध्यक्ष संजीव जैन एवं मुजफ्फरनगर जिलाध्यक्ष संदीप जैन ने संयुक्त रूप से किया। प्रदेश अध्यक्ष हरपाल सिंह वर्मा ने




नवगठित जिला कार्यकारिणी को शपथ दिलाई तथा नियुक्ति पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यकारिणी में मनोज कुमार जैन को जिला अध्यक्ष, प्रमोद वर्मा को जिला महासचिव, मनीष गर्ग को जिला कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। इसके अलावा संजीव जैन, मनोज रूहेला, विनय तायल, सचिन जैन, विकास धवन एवं लवी गर्ग को जिला उपाध्यक्ष बनाया गया।

हर्षित चौधरी, अनुज जैन, आलोक संगल और रजत कुमार को जिला सचिव, सुमित गुप्ता को जिला संगठन मंत्री तथा पंकज बंसल को जिला मीडिया प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गई। सदस्य के रूप में तरुण बिंदल, आलोक मित्तल, सुशील जिंदल, अमित जैन, केशव गोयल एवं यश जैन को शामिल किया गया। संरक्षक राजीव जैन ने व्यापारियों की सुरक्षा और हितों के लिए मजबूती से कार्य करने का आहवान किया। कार्यक्रम में सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रामपुर, मेरठ और शामली सहित विभिन्न जनपदों से व्यापारी उपस्थित रहे।

## दहेज की मांग को लेकर विवाहिता से मारपीट

**कैराना।** दहेज की मांग को लेकर विवाहिता के साथ मारपीट और जान से मारने की कोशिश का मामला सामने आया है। पीड़िता के भाई की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव मंडावर निवासी दिलशाद ने कोतवाली में दी तहरीर में बताया कि उसकी बहन जानसीदा की शादी करीब आठ वर्ष पूर्व नगर के मोहल्ला बिसातियान निवासी मुरसल. ीन के साथ हुई थी। आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुराल पक्ष के लोग अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर उसकी बहन का उत्पीड़न करते आ रहे थे। लगातार प्रताड़ना के चलते उसकी बहन का मानसिक संतुलन भी खराब हो गया। पीड़ित के अनुसार गत 7 मई की रात करीब नौ बजे उसकी बहन अपने कमरे में थी। इसी दौरान उसके देवर नौशाद, दिलशाद और मोबीन कमरे में घुस आए और गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों से उसकी पिटाई शुरू कर दी।

# दिल्ली-सहारनपुर हाईवे पर उखड़े सांकेतिक बोर्ड से बढ़ी परेशानी, लोगों में नाराजगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** दिल्ली-सहारनपुर हाईवे स्थित थाना भवन-चरथावल बस स्टैंड मोड़ पर लगे सांकेतिक बोर्ड काफी समय से उखड़े पड़े हैं, लेकिन संबंधित विभाग की ओर से अब तक उन्हें दुरुस्त कराने की दिशा में कोई कदम नहीं उठाया गया है। इससे क्षेत्र के लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि हाईवे पर लगे संकेतक बोर्ड वाहन चाल. कों के लिए दिशा-निर्देशन का महत्वपूर्ण माध्यम होते हैं, लेकिन बोर्ड उखड़ जाने के कारण बाहर से आने वाले यात्रियों और वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसके



अलावा ऊन रोड कॉर्नर पर लगा एक बड़ा एडवरटाइजमेंट बोर्ड भी तेज हवा के चलते टूटकर लटक गया है, जो कभी भी बड़ा हादसा होने का कारण बन सकता है। स्थानीय लोगों के अनुसार यह बोर्ड सड़क के किनारे खतरनाक स्थिति में लटका हुआ है और तेज हवा या बारिश के दौरान इसके गिरने का खतरा बना रहता है। ऐसे में यहां से गुजरने वाले दोपहिया और चारपहिया वाहन चालकों की सुरक्षा पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन और संबंधित विभाग से जल्द कार्रवाई करने की मांग की है। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते बोर्डों को ठीक नहीं कराया गया तो किसी भी समय दुर्घटना हो सकती है। नागरिकों ने चेतावनी दी कि यदि समस्या का जल्द समाधान नहीं हुआ तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

# राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस मनाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में सोमवार को राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। छात्राओं को विज्ञान एवं तकनीक के महत्व से अवगत कराने के लिए विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता आचार्य संजीव ने कहा कि 11 मई भारत के तकनीकी इतिहास का गौरवपूर्ण दिवस है। इसी दिन भारत ने पोखरण में सफल परमाणु परीक्षण कर विश्व पटल पर अपनी वैज्ञानिक शक्ति का परिचय दिया था। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय तकनीक का युग है और भविष्य की चुनौतियों का सामना करने के लिए वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाना आवश्यक है। साथ ही दैनिक जीवन में तकनीक के सकारात्मक एवं सही उपयोग



पर भी बल दिया। प्रधानाचार्य रविंद्र कुमार ने छात्राओं को नवाच. ार एवं विज्ञान के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने चार्ट पेपर एवं मॉडल्स के माध्यम से विभिन्न तकनीकी विकासों का प्रदर्शन किया। विद्यालय में वेशभूषा प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में अनुपमा, अनीता, बॉबी एवं बबीता शामिल रहीं। कार्यक्रम में मानवी, शिवांगी, अनन्या, तनु मलिक, नंदिनी, अंशिका, छवि, अवनी, अंजलि, तन्नू, तपस्या, सृष्टि रानी, वंशिका, वृंदा दीक्षित, दिव्या एवं अपूर्वा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। इस अवसर पर विद्यालय का समस्त स्टाफ एवं छात्राएं उपस्थित रहीं।


**सम्बंध विच्छेद**

मैंने अपने पुत्र रवि व अपनी पुत्रवधू दीपा को उनके गलत आचरण के कारण अपने समस्त पारिवारिक संबंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है आज के बाद मेरे या मेरे परिवार के साथ उक्त दोनों का किसी भी प्रकार का कोई मतलब या वास्ता नहीं रहेगा

श्रीमती सुनीता पत्नी सूरज बहादुर सिंह इंदिरा कॉलोनी कस्बा का थाना देवबंद जिला सहारनपुर

**सूचना**

मैंने अपना नाम GUL RANA से बदलकर GULAYRANA रख लिया है अब भविष्य में मुझे GULAYRANA नाम से ही जाना व पहचाना जाये।

GULAYRANA
D/O HAMID HASAN
ADD-472 DEEWAN
NEAR DARUL ULOOM
DEOBAND
SAHARANPUR UP


## खाद्य विभाग टीम ने छापेमारी कर सिंथेटिक दूध किया बरामद

# डेयरी संचालक गिरफ्तार, मामला दर्ज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** आयुक्त खाद्य एवं सुरक्षा लखनऊ के नेतृत्व में जनपद की खाद्धय विभाग टीम ने छापीमारी कर भारी संख्या में सिंथेटिक दूध बरामद किया। इस दौरान टीम ने सिंथेटिक दूध बनाने की भारी सामाग्री भी बरामद कर डेयरी संचालक को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कराया।

आयुक्त खाद्य एवं सुरक्षा लखनऊ डा. रोशन जेकब के नेतृत्व में मुख्य खाद्य आयुक्त सहारनपुर मंडल वीके राठी की टीम के साथ देवबंद की रहमत कॉलोनी में अब्दुल्ला दूध डेयरी पर औचक छापेमारी की। इस दौरान टीम को वहां करीब 356 लीटर सिंथेटिक दूध मिला। जिसका नमूना लेकर टीम ने मौके पर ही नष्ट कराया। टीम को डेयरी से सिंथेटिक दूध बनाने में इस्तेमाल किए जाने वाला माल्टो डेस्ट्रीन 25 किग्रा. और एनओएच कास्टिक सात किग्रा. सहित अन्य कई प्रकार के हानिकारक कैमिकल बरामद हुए। जो कि इंसानी सेहत के लिए खतरनाक साबित हो सकते हैं। टीम ने मौके से



डेयरी संचालक अब्दुल्ला को गिरफ्तार कर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 123, 274, 275 और 318 में मुकदमा दर्ज कर लिया। टीम में आयुक्त खाद्य एवं सुरक्षा लखनऊ डा. रोशन जेकब और मुख्य खाद्य आयुक्त सहारनपुर मंडल वीके राठी के अलावा विशाल चौधरी, सुनील कुमार, अनंत कुमार, अश्वनी कुमार आदि शामिल रहे।

# घर में घुसकर लाखों के जेवरात व नकदी चोरी

**नागल।** थाना क्षेत्र में लगातार बढ़ रही चोरी की घटनाओं से जहां चोरों के हौसले बुलंद हो रहे वहीं आम आदमी इन घटनाओ से दहशत मे है । बीती रात अज्ञात चोरों ने कस्बे के पांडोली रोड स्थित मस्जिद वाली गली में एक मकान में घुसकर लाखों रूपए के जेवरात और नकदी चोरी कर ली। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया।

मिली जानकारी के मुताबिक मीरपुर मोहनपुर निवासी मुंतजिर का मकान कस्बा नागल में स्थित है। बताया गया कि मुंतजिर की पत्नी दो दिन पहले सहारनपुर रिश्तेदारी में गई हुई थी । रविवार को मुंतजिर भी घर के मुख्य द्वार पर ताला लगाकर परिवार सहित रिश्तेदारी में चला गया था। सोमवार दोपहर करीब तीन बजे जब परिवार वापस लौटा तो मकान के मुख्य गेट का ताला टूटा मिला। अंदर जाकर देखा तो कमरे और अलमारी के ताले भी टूटे पड़े थे। पीड़ित के



अनुसार चोर अलमारी में रखे सोने-चांदी के जेवरात और करीब पांच लाख रूपए की नकदी चोरी कर ले गए। चोरी हुए सामान में सोने की झुमकी, अंगूठी, बालियां, चांदी की पाजेब समेत अन्य कीमती आभूषण शामिल हैं। पीड़ित ने चोरी गए सामान की कुल कीमत करीब 15 लाख रूपए बताई है। मुंतजिर ने बताया कि बकरीद के बाद उसकी बेटी शहजादी की शादी होनी है। शादी के लिए परिवार ने वर्षों की बचत से जेवरात और नकदी इकठ्ठा की थी, जिसे चोर अपने साथ ले गए। घटना के बाद परि. जनों का रो-रोकर बुरा हाल है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का जायजा लिया। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। वहीं क्षेत्र में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं को लेकर ग्रामीणों में भी नाराजगी है।

# मांगों को लेकर किसान संगठनों ने सौंपा ज्ञापन

**देवबन्द।** विभिन्न मांगों को लेकर भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) ने एसडीएम कार्यालय परिसर में बैठक कर उपजिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन दिया। तहसील अध्यक्ष धीरज त्यागी ने कहा कि किसानों को खाद मिलने में समस्याएं हो रही हैं। सोसायटी में खाद की आपूर्ति नहीं हो पा रही है। नागल के बसेड़ा में दिल्ली हरिद्वार एक्सप्रेस-वे का निर्माण होने के कारण किसानों की दुश्वारी हो रही है। उन्हें अपने खेतों तक जाने के लिए रास्ता नहीं मिल रहा है। बसेड़ा में पहाड़पुर संपर्क मार्ग पर तालाब का पानी गुजर रहा है जिससे स्कूली बच्चों और राहगीरों को भारी



असुविधा हो रही है। नागल गैस एजेंसी पर सिलेंडर बुकिंग के 10 दिन बाद भी गैस की आपूर्ति नहीं हो रही है। बाद में सभी समस्याओं के समाधान के लिए एसडीएम की गैर मौजूदगी में स्टेनो को ज्ञापन सौंपा। **उधर,** भारतीय किसान यूनियन (संघर्ष मोर्चा) के कार्यकर्ताओं ने सरकारी अस्पताल के कर्मचारियों पर मरीजों के तीमारदारों से गलत व्यवहार करने और सुविधाएं न होने का आरोप लगाते हुए अस्पताल परिसर में धरना प्रदर्शन किया। यूनियन की कार्यकारिणी के जिलाध्यक्ष जयेंद्र शर्मा ने सरकारी अस्पताल परिसर में



धरना प्रदर्शन करते हुए कहा कि स्वास्थ्य कर्मियों का व्यवहार मरीजों के तीमारदारों के प्रति सही नहीं है। अस्पताल में चिकित्सक समय पर नहीं मिलते हैं।

रेबीज के टीके वाली सिरिंज बाहर से मंगाई जाती है। डिलीवरी करने वाली महिलाओं से सुविधा शुल्क मांगा जाता है। अस्पताल में अल्ट्रासाउंड की मशीन तो है लेकिन टेक्नीशियन नहीं है जिससे वह मशीन कबाड़ बन रही है। यूनियन ने इस संबंध में मुख्यमंत्री को ज्ञापन भी भेजा है। वहीं, चिकित्सा अधीक्षक डॉ. रियंका सिंह ने किसान यूनियन के आरोपों को निराधार बताया है।

# मदर्स-डे पर विद्यार्थियों को मातृ सम्मान के प्रति किया जागरूक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** मदर्स-डे के अवसर पर बेनिसन पब्लिक स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों में मातृ सम्मान, संस्कार एवं पारिवा. रिक मूल्यों के प्रति जागरूकता विकसित की गई। बेनिसन पब्लिक स्कूल प्रांगण में विद्यार्थियों ने भाषण, कविता, गीत एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं।

विद्यार्थियों ने अपनी माताओं के प्रति प्रेम एवं सम्मान व्यक्त करते हुए विशेष संदेश दिया और हस्तनिर्मित कार्ड भी प्रस्तुत किए। विद्यालय की निदेशक डॉ. शाइस्ता चौधरी व



नदीम चौधरी ने कहा कि मां प्रेम, संस्कार और प्रेरणा का अनुपन स्वरुप होती है। मां बच्चों के जीवन की प्रथम शिक्षिका भी है, उनके संस्कार ही समाज की सशक्त नींव तैयार करते हैं। प्रधानाचार्य श्रीकांत चौधरी ने विद्यार्थियों को सदैव माता-पिता का सम्मान करने एवं उनके आदर्शों का अनुसरण करने की प्रेरणा दी।

# डीएम का शाकुम्भरी विश्वविद्यालय में निरीक्षण



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जिलाधिकारी अरविंद कुमार चौहान द्वारा माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय का स्थलीय निरीक्षण किया गया। उन्होंने विश्वविद्यालय के थ्री डी मॉडल को देखा और निर्माण के सम्बंध में विस्तार से जानकारी ली।

जिलाधिकारी ने विश्वविद्यालय में परियोजना प्रबन्धक सी.एण्ड.डी.एस. उ.प्र. जल निगम द्वारा निर्माणाधीन अतिथि गृह के निर्माण कार्य को विलम्ब से शुरू करने पर नाराजगी व्यक्त की। नवनिर्मित प्रशासनिक भवन, टाईप 4, 5 आवास, पुरूष छात्रावास एवं सुविधा केन्द्र, केन्टीन ब्लॉक एवं शैक्षणिक भवन, कुलपति आवास, महिला एवं पुरूष छात्रावास में ग्लेजिंग विण्डो एवं ग्रिल व जाली लगाया जाना, चाहरदिवारी, गार्ड रूम टायलेट सहित तथा बाह्य विद्युतीकरण के कार्य विलम्ब से शुरू होने पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होने कार्यों को शीघ्रता से एवं गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी द्वारा प्रशास. निक भवन के गलियारों में फॉल्स सिलिंग कराये जाने के लिये भी निर्देशित किया गया। अरविंद कुमार चौहान द्वारा विश्व. विद्यालय परिसर में जल भराव की समस्या के निवारण हेतु कार्यदायी संस्था उ.प्र. प्रोजेक्टस कॉरपोरेशन द्वारा निर्माण किये जाने वाले ड्रेनेज सिस्टम के बारे में भी जानकारी ली गयी।

निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी सुमित राजेश महाजन, सहित संबंधित कार्यदायी संस्थाओं के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## मारपीट का आरोप

**बेहट।** कोतवाली बेहट के गांव बबैल बुजुर्ग निवासी एक व्यक्ति ने गांव के ही दबंग व्यक्ति पर उधर पैसे के मामले के लेने देने को लेकर मोटर साइकिल छीनने तथा पति पत्नी के साथ मारपीट करने का आरोप लगाते हुए कार्यवाही की मांग की हैं। पुलिस जांच पड़ताल में लग गई है।

कोतवाली के गांव बाबुल बुजुर्ग निवासी अनुज कुमार ने कोतवाली पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि वह गांव के एक किसान के खेत में मजदूरी का काम करता था उसने किसान से एडवांस में कुछ पैसे इस लिए ले लिए थे कि वह मजदूरी करके चुका देगा। पीड़ित व्यक्ति का आरोप है कि। कुछ रुपए किसान के उसके पास बाकी थे वह उन्हें मजदूरी करके वापस लौटना चाहता था । मगर उस के पास पैसों का इंतजाम नहीं हुआ।

# मानक विपरित कार्य बर्दाश्त नहीं: निम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** विधायक देवेंद्र निम ने विधायक निधि से निर्माणाधीन स्पर्श राजकीय दृष्टिबाधित विद्यालय एवं बालिका छात्रावास का औचक निरीक्षण करते हुए कहा कि मानक के विपरीत कार्य बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

रामपुर मनिहारान विधायक देवेंद्र निम अपनी निधि से 7करोड़ 42 लाख 92 हजार रुपये की लागत से स्पर्श राजकीय दृष्टिबाधित विद्यालय व 75 बेडेड बालिका छात्रावास का निर्माण कार्य करा रहे हैं।सोमवार को विधायक देवेंद्र निम ने उक्त निर्माण स्थल पर पहुँच कर औचक निरीक्षण किया।ईंट,सीमेंट रेत आदि का मिश्रण,सरिये आदि को बारीकी से देखा। देवेंद्र निम ने कहा कि यह विद्यालय एवं छात्रावास विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए बन रहा है।यह विधायक हमारे क्षेत्र के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने मौके पर मौजूद ठेकेदार को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि निर्माण कार्य में इस्तेमाल होने वाली सामग्री उच्च गुणवत्ता की होनी चाहिए। मानक के विपरीत कार्य बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि निर्माण निर्धारित समय सीमा के भीतर किया जाए किसी भी तरह की कोई लापरवाही नहीं की जाए।

इस दौरान संजय चेयरमैन, ब्रह्म सिंह मौजूद रहे।

# सहमति के बाद अधिवक्ताओं की हड़ताल समाप्त



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नकुड़।** सात सूत्रीय मांगों को लेकर पिछले 18 दिनों से जारी तहसील बार एसोसिएशन की हड़ताल सोमवार को समाप्त हो गई। अधिकांश मांगों पर प्रशासनिक स्तर पर सहमति बनने के बाद अधिवक्ताओं ने न्यायालय बहिष्कार खत्म करने का निर्णय लिया।

सोमवार को यहां बार एसोसिएशन की आम सभा में अधिवक्ताओं ने कहा कि धारा 80 लागू होने के बावजूद दाखिल-खारिज रोका जाना पूरी तरह अनुचित है जबकि संबंधित एक्ट में ऐसा कोई स्पष्ट प्रावधान नहीं है। इस मामले को लेकर राजस्व परिषद को पत्र भेजकर विरोध दर्ज कराया जाएगा। अधिवक्ताओं ने कहा कि लंबे समय से न्यायिक कार्य प्रभावित होने से आम जनता को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। जनहित को देखते हुए सर्वसम्मति से हड़ताल समाप्त की गई। हालांकि धारा 80 के मुद्दे पर संघर्ष आगे भी जारी रहेगा।

# बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राएं सम्मानित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नकुड़।** आर एन टैगोर विद्या पीठ इंटर कॉलेज में बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं के सम्मान में गरिमामय समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम विद्यालय में हिंदी एवं संस्कृत विषय की शिक्षिका रहीं स्वर्गीय ममता शर्मा पत्नी मनोज शर्मा की पुण्य स्मृति को समर्पित रहा। इस अवसर पर प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को पुरस्कार एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

सोमवार को कॉलेज परिसर में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि स्टेट बैंक मैनेजर वीरेश कुंतल एवं वरिष्ठ पत्रकार देवेंद्र चौहान मौजूद रहे। मनोज शर्मा एवं विनय पंवार ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें जीवन में निरंतर आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। विद्यालय के इंग्लिश मीडियम वर्ग में इंटरमीडिएट की छात्रा वंदना ने 87.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि हाईस्कूल की छात्रा अतिशा ने 92 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का मान बढ़ाया। हिंदी मीडियम वर्ग में इंटरमीडिएट के छात्र हर्ष गुप्ता ने 83.2 प्रतिशत अंक अर्जित कर प्रथम स्थान प्राप्त किया वहीं हाईस्कूल की छात्रा आरुषि ने 86.33 प्रतिशत अंक हासिल कर अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम में मेधावियों की इस सफलता पर विद्यालय परिसर तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा।विद्यालय के प्रबंधक चन्द्रशेखर मित्तल ने कहा कि मेहनत, अनुशासन और लगन ही सफलता की असली पहचान हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को निरंतर लक्ष्य की ओर बढ़ते रहने के लिए प्रेरित किया। प्रधानाचार्य अशोक कुमार एवं इंग्लिश मीडियम की प्रधानाचार्य अर्चना गुप्ता ने छात्र छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिवार ने स्व. ममता शर्मा के शिक्षा क्षेत्र में दिए गए योगदान को याद करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। समारोह में सत्यम मित्तल, किरण गुप्ता, अर्चना सिंघल, भीष्म सिंह, रामव. ीर, गगनदीप, आयुषी भटनागर, अनुज पीटीआई, अनुज रोशनपुर, रोहित, देवेंद्र सहित अनेक गणमान्य लोग एवं शिक्षकगण उपस्थित रहे।

# बच्चों का मेडिकल चेकअप कर दवाई का किया वितरण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** संस्कार इंटरनेशनल स्कूल में मदर दिवस के अवसर पर सहारनपुर ग्रुप ऑफ कलेज की ओर से स्वास्थ शिविर आयोजित किया गया। जिसमें काफी संख्या स्कूल में पढ़ने वाले स्कूली बच्चों का हैल्थ मेडिकल चैकअप किया गया शिविर में स्टाफ तथा अभिभावकों ने भी बढ़ चढ़कर भागीदारी की। शिविर में 200 बच्चों का मेडिकल चेकअप कर मेडिसिन भी दी गई।

सोमवार को संस्कार इंटरनेशनल स्कूल में मदर डे के अवसर पर सहारनपुर ग्रुप ऑफ मेडिकल कॉलेज की ओर से स्कूल में पढ़ने वाले प्री नर्सरी से 10 तक क्लास के बच्चों का डाक्टरों द्वारा मेडिकल चैकअप किया गया जिस में करीब 200 बच्चों का हिमोग्लोबिन, ब्लड टेस्ट, नजला , खांसी, हेल्पलाइन, भूख न लगना, आदि मेडिकल टेस्ट कर उनको फ्री में मेडिसिन भी दी गई। इस के अलावा बच्चों के पेरेंट्स का भी मेडिकल टेस्ट किए गए। इस दौरान मदर डे के अवसर पर कैम्प में उपस्थित बच्चों के पेरेंट्स से आह्वान करते हुए स्कूल प्रिंसिपल प्रियंका गुप्ता ने कहा कि हमें बच्चों की पढ़ाई के साथ साथ उनके स्वास्थ पर भी ध्यान देना चाहिए उनको बाहर से फास्ट फूड तथा तला हुआ खाना बिल्कुल न खाने दे केवल घर में बना पौष्टिक आहार एवं भोजन खाने को दे। बच्चों के स्वास्थ को ध्यान में रखते हुए अब स्कूल में हर माह बच्चों का हैल्थ मेडिकल चेकअप होगा। स्वास्थ शिविर में डा मांजना खान, डा निधी गुप्ता, डा रमित गुप्ता, डा प्रगेश्वर, डा रजत कुमार, ऋतिक कटारिया के अलावा स्वाति सैनी, वैशाली पुंडीर, किरण सिंह, मैयजा खान, प्रिया सैनी, संगीता आदि टीचर्स एवं अभिभावकगण मौजूद रहे।

# शिविर में 150 मरीजों के स्वास्थ्य की जांच




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** नगर पंचायत चेयरपर्सन फूलबानो अंसारी के आवास पर ग्राफिक एरा हॉस्पिटल देहरादून द्वारा नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया।

सोमवार को मोहल्ला जाकिर हुसैन में चेयरपर्सन आवास पर आयोजित नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का उद्घाटन चेयरपर्सन फूलबानो अंसारी द्वारा फीता काटकर किया गया। शिविर में ग्राफिक एरा हॉस्पिटल के प्रशिक्षित चिकित्सकों द्वारा 150 मरीजो के स्वाथ्य की जांच कर उन्हें नि:शुल्क दवाईयां दी गयी। वहीं 8 गंभीर मरीजों को मुफ्त ऑपरेशन के लिए भी चयनित किया गया। इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्षा फूलबानो अंसारी ने कहा कि मुफ्त चिकित्सा शिविर गरीब व असहाय लोगों को सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं पहुंच. ाने का एक महत्वपूर्ण साधन है। शिविर का मुख्य उद्देश्य गरीब असहाय लोगों को विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा नि:शुल्क परामर्श, जांच (बीपी, शुगर, ईसीजी), और आवश्यक दवाएं वित. रित कर चिकित्सा सहायता और स्वास्थ्य लाभ प्रदान करना है।

इस दौरान ग्राफिक एरा हॉस्पिटल की ओर से आयी चिकित्सकों की टीम में डॉ. रमेश जनरल फिजिशियन, वैभव उनियाल सीनियर ऑप्टोमेट्री, रहमान मार्केटिंग इंचार्ज, जयवीर फार्मासिस्ट, तेजस्वी नर्सिंग के अलावा तन्नु चौधरी जीडीए स्टाफ शामिल रहे।

**न्यायालय अपर उपजिलाधिकारी, सहारनपुर।**

वाद संख्या:-T202309600110382
धारा 116 उ.प्र.राजस्व संहिता-2006
जोगेन्द्र सिंह बनाम नरेन्द्र सिंह
ग्राम-नयाबांस परगना, तहसील व जिला सहारनपुर।

**गजट/नोटिस**

1-जोगेन्द्र सिंह पुत्र स्व. जुनार सिंह निवासी ग्राम नयागांव उर्फ नयाबांस परगना, तहसील व जिला सहारनपुर।
...वादी **बनाम**-
1-नरेन्द्र सिंह पुत्र जुनार सिंह 9/1-श्रीमति वीना पत्नी सोनू 9/4-अक्षित पुत्र सोनू 11-विनोद 12-ईश्वर 13-सुलेख पुत्रगण सोरण 14-अरूण कुमार 15-सचिन कुमार पुत्रगण नकलीराम 16-नीरज कुमार 17-नितिन कुमार पुत्रगण ओम सिंह निवासीगण ग्राम नयागांव उर्फ नयाबांस तहसील व जिला सहारनपुर 18-सचिन पंवार पुत्र वालेश्वर निवासी सी-88 पेपर मिल रोड ब्रिजेश नगर सहारनपुर 21-विपिन पुत्र विक्रम 25-ज्ञानसिंह 26/1-नवीन 26/2-सचिन पुत्रगण वेदपाल 26/3-श्रीमति कमलेश पत्नी वेदपाल 28-अशोक पुत्र धर्मपाल 32-मामचन्द पुत्र रामसिंह निवासीगण ग्राम नयागांव उर्फ नयाबांस परगना, तहसील व जिला सहारनपुर 36-श्रीमति बिरमवती पत्नी बिरमपाल निवासी ग्राम जसाला तहसील बुढाना जिला मुजफ्फरनगर 38-उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा कलेक्टर महोदय सहारनपुर 39-ग्राम सभा/ग्राम पंचायत ग्राम नयागांव उर्फ नयाबांस परगना, तहसील व जिला सहारनपुर द्वारा प्रधान। **..प्रतिवादीगण**

एतदद्वारा प्रतिवादीगण को सूचित किया जाता है कि उक्त वाद में दिनांक 05. 05.2026 को वादी के विद्वान अधिवक्ता को सुना गया, सुनने उपरान्त वादी को निर्देशित किया गया कि वह उपरोक्त प्रतिवादीगण को पर्याप्त तामील करायें। उक्त वाद में सुनवाई हेतु दिनांक 15.05. 2026 नियत है।

**अत:** आप नियत दिनांक 15.05. 2026 को स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर वाद की पैरवी करें। यदि आप नियत तिथि को न्यायालय में स्वंय अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित नहीं होते हैं तो यह समझा जायेगा कि आपको उक्त के सम्बन्ध में कुछ नहीं कहना है। तदुपरान्त वाद में अग्रिम कार्यवाही कर दी जायेगी। **अपर उपजिलाधिकारी, सहारनपुर।**

# मां के दर्जे की कोई बराबरी नहीं: रूही



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** ग्राम बरथाकायस्थ पठेड स्थित यू.एस. ए. इंटरनेशनल कॉलेज में मदर डे बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि रुचि सैनी तथा विद्यालय प्रबंधक अमित सैनी द्वारा माँ सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलित करके किया गया।

सोमवार को आयोजित कार्यक्रम में पहुंची मुख्य अतिथि तथा विद्यालय की फाउंडर रही रुचि सैनी ने सभी को मदर डे की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि इस संसार में माँ का दर्जा कोई भी नहीं ले सकता। माँ ही हमारा लालन पालन करती है और हमें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती है। प्रधानाचार्य रायचंद अब्राहम ने कहा कि माँ अपने बच्चे के भविष्य को बनाने के लिए प्रत्येक कार्य कर सकती है और जब तक उसका सपना साकार न हो तब तक माँ अपने बच्चे का साथ देती है।

कार्यक्रम नन्हे बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुति देकर बाहर से आए अतिथियों व अभिभावको का मन मोह लिया। कार्यक्रम का सफल संचालन अध्यापिका सना बिलाल एवं अध्यक्षता कॉलेज प्रबंधक अमित सैनी ने की। इस अवसर पर पायल शर्मा, आयुषी वत्स, सचिन गिल, कोमल रोड, गीता वर्मा, कर्तिका व तनिष्क सहित विद्यालय के समस्त स्टाफगण उपस्थित रहे।

## नि:शुल्क चश्मे बांटे

**गंगोह।** हिन्दू राष्ट्रीय इण्टर कॉलेज में रोटरी क्लब द्वारा आयोजित नि:शुल्क नेत्र जांच शि. विर में 175 बच्चों की जांचकर 18 को निशुल्क चश्में वितरित किये गये।

शुभारंभ प्रबंधक योगेश गर्ग, उपप्रबंधक मुकेश गुप्ता, राकेश गर्ग, प्रधानाचार्य विजय कुमार, रोटरी अध्यक्ष विकास सिंघल, अनिल बंसल, विनीत अग्रवाल ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। डॉक्टर श्रॉफ आई हॉस्पिटल से आए डॉ शिवानी, डॉ. योगेश, डॉ. कुलदीप, डॉ. राहुल व डॉ. नैना द्वारा जांच की गई, और पौष्टिक आहार अपनाने व जंक फूड से दूरी बनाने की सलाह दी गई। संचालन गगन ने किया। संजय सैनी, धर्मवीर सिंह, विपिन कुमार, अलकेश मौजूद रहे।

**सूचना**

**मेरे पासपोर्ट K9413544 में मेरा नाम BALAKISH है। जो गलत है। सही नाम BILKIS है। मुझे BILKIS पत्नी जहूर अहमद, संभालकी गुर्जर सहारनपुर के नाम से जाना जाए।**

**सूचना**

**मेरे पासपोर्ट N9389178 में मेरा नाम ZAHOOR AHMAD है। जो गलत है। सही नाम JAHUR AHMED है। मुझे JAHUR AHMED पुत्र अब्दुल गफूर, संभालकी गुर्जर सहारनपुर के नाम से जाना जाए।**

## कार्यालय नगर पंचायत रामपुर मनिहारान, सहारनपुर

पत्रांक : 137/न.प.रा.म.-रजि./2026-27 दिनांक:11/05/2026

**आवश्यक सूचना**

सर्वसाधारण/सिविल कान्ट्रेक्टरो/फर्मो/आपूर्तिकर्ता फर्मो को सूचित किया जाता है, कि वित्तीय वर्ष 2026-27 की अवधि हेतु, नगर पंचायत रामपुर मनिहारान (सहारनपुर) मे रजिस्ट्रेशन / रिनिवल कराने के इच्छुक व्यक्ति/आपूर्तिकर्ता/कान्ट्रेक्टर/फर्म, वांछित अभिलेखो यथा हैसियत प्रमाण पत्र, चरित्र प्रमाण पत्र, पैन नम्बर, जी.एस.टी. नम्बर, आधार कार्ड, अनुभव प्रमाण पत्र आदि सहित, अपने आवेदन पत्र प्रकाशन की तिथि के 15 दिन के अन्दर कार्यालय, नगर पंचायत रामपुर मनिहारान में अनिवार्य रूप से जमा करा दें। निर्धारित अवधि समाप्त होने के पश्चात् किसी भी आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा। इस सम्बन्ध में अन्य किसी भी प्रकार की जानकारी, किसी भी कार्यशील दिवस में कार्यसमय में प्राप्त की जा सकती है।

| | |
|---|---|
| **( सविता वर्मा )** | **( रेनू बालियान )** |
| **अधिशासी अधिकारी** | **अध्यक्ष** |
| **नगर पंचायत रामपुर मनि.** | **नगर पंचायत रामपुर मनि.** |
| **सहारनपुर।** | **सहारनपुर।** |

# गुरु रत्न टीचर्स अवॉर्ड से सम्मानित सोनू



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नागल।** सैनिक स्मारक कन्या इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य सोनू रमन को आमेट यूनिवर्सिटी तमिलनाडु द्वारा सरस्वती इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज हापुड़ के कैंपस में आयोजित एक कार्यक्रम में गुरु रत्न टीचर्स अवार्ड से सम्मानित किया गये।

डॉक्टर जे रामचंद्रम मेरीटाइम फाउंडेशन के तत्वाधान में तमिलनाडु की प्रसिद्ध आमेट यूनिवर्सिटी चेन्नई द्वारा देशभर में शिक्षा के प्रति विशेष योगदान देने वाले शिक्षकों की खोज कर उनका हौंसला बढ़ाने का कार्य करती हैं। इसी के क्रम में हापुड़ स्थित सरस्वती इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज के कैंपस में आयोजित कार्यक्रम में गांव खजूरवाला निवासी सोनू रमन को फाउंडेशन के चेयरमैन व आमेट यूनिवर्सिटी के अध्यक्ष डॉ. राजेश रामचंद्रन व सरस्वती ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट हापुड़ की उपाध्यक्ष राम्या रामचंद्रन द्वारा मेडल पहनाकर व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। उनकी इस इस उपलब्धि पर संस्था के प्रबंधक अनिल कुमार कर्णवाल, देवेंद्र धवलहार, अवनीश कर्णवाल, जगपाल दत्त स्वामी, वत्सराज स्वाधीन, बिजेंद्र दीक्षित, सरिता त्यागी, सुरेंद्र राणा, ब्रजेश त्यागी आदि ने उन्हे बधाई दी है।

# हर्षोल्लास व धूमधाम से मनाया मातृ दिवस



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** गीता ज्ञान संस्कार एकेडमी में मातृ दिवस धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर छोटे बच्चों ने सुंदर नृत्य प्रस्तुत किए। माताओं के लिए प्रतियोगिता व कक्षा 1 से 12 तक के विद्यार्थियों के लिए श्कार्ड मेंं. कंगश प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य लिटिल अग्रवाल, उप प्रधानाचार्य दीपक सैनी ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया।घ कोर्डिनेटर उमा गर्ग, वंदना वर्मा ने पुष्प अर्पित किए। प्ले से यूकेजी के अवन्या, पार्थ,आश्वी, ओजस्वी, भव्य, नित्य, शिवांश, कुंज, श्रीनिधि, उर्वी, श्रुति, विहान, अवन्या, अन्वय, वृष्टि, देवांश, नंदन, श्रेया, परसा, आराध्या, विधि, सूर्याश, अन्नया, अरदास, योशिता, शिविका, आराध्या, श्लोक, नित्या, अन्नया, वैदिक, आराव, आदृत, हर्षी, आर्य, अयनांश तायल, पूर्वी, शिवांश, कुशांक, अंश, भव्या, आस्था यशिका, मिष्ठी, जीविका, वामिका, अनिका, विनायक, सक्ष ने सुंदर नृत्य प्रस्तुत किए। महिलाओं ने गुब्बारे वाले गेम में शालिनी, सुरभि प्रथम साक्षी द्वितीय व रश्मि तृतीय स्थान पर रही। कप बैलेंस गेम में सपना प्रथम, भारती द्वितीय, प्रियंका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विज. ेताओं को उपहार भेट किए गए। कक्षा 1 से 12 तक के विद्यार्थियों के लिए श्कार्ड मेकिंगश प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। छात्रों ने अपनी रचनात्मकता और भावनाओं को रंगों के माध्यम से उकेरते हुए अपनी माताओं के लिए बेहद सुंदर और कलात्मक ग्रीटिंग काड्र्स बनाए। प्रतियोगिता प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान करने वाले छात्र छात्राओं को सम्मानित किया। प्रधानाचार्य ने कहा कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य बच्चों में अपनी माताओं के प्रति सम्मान और कृतज्ञता की भावना विकसित करना है। इस मौके पर स्कूल का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# लाईन में फाल्ट होने से 100 घरों की बिजली गुल

**चिलकाना।** ग्राम पटनी में विद्युत लाईन की एबीसी तार कई जगहों से क्षतिग्रस्त होकर आपस मे चिपक गई है। जिसके चलते गांव के करीब 100 घरों की बिजली गुल हो गई है। विद्युत विभाग द्वारा कोई संज्ञान नही लिया जा रहा है।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक विद्युत उपखण्ड चिलकाना में लगने वाले ग्राम पटनी में हाजी खुर्शीद के घेर के समीप लगे ट्रासफार्मर से रियाजुल के घर तक जा रही विद्युत लाइन की एबीसी तार कई जगह फाल्ट होने के कारण आपस मे चिपककर बिल्कुल खराब हो चुकी है। जिसके चलते गांव के करीब 100 घरों में विद्युत सप्लाई बंद हो गई है।

ग्रामीणों का कहना है कि उन्हें विद्युत आपूर्ति ठप्प होने के चलते दो दिनों से उन्हें अंधेरे व गर्मी की मार झेलनी पड़ रही है। उनके द्वारा विद्युत उपखण्ड के जेई से लेकर एसडीओ तक को कई बार सूचित किया गया है जिसके बाद भी विभागीय अधिकारियों द्वारा कोई संज्ञान नही लिया जा रहा है। विद्युत आपूर्ति ठप्प होने के चलते जहां गृहणियों को घर के काम काज करने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं स्कूल जाने वाले बच्चों को भी खासी दिक्कत झेलनी पड़ रही है। विद्युत आपूर्ति ठप्प होने से गर्मी व मच्छरों की वजह से बड़ी परेशानी की मार झेल रहे विद्युत उपभोक्ताओं में विद्युत विभाग के प्रति रोष देखने को मिल रहा है।

# पंजाब ने दिल्ली को 211 रन का टारगेट दिया

**श्रेयस-प्रियांश के अर्धशतक, स्टार्क-माधव को 2-2 विकेट**

**धर्मशाला, वार्ता।** आईपीएल में पंजाब किंग्स का सामना दिल्ली कैपिटल्स से हो रहा है। दिल्ली ने धर्मशाला के एचपीसीए स्टेडियम में टॉस जीतकर पहले बालिंग का फैसला किया है। दिल्ली ने प्लेइंग-11 में पांच बदलाव किए हैं। वहीं पंजाब के लिए बेन ड्वारशुइस डेब्यू कर रहे हैं।

पंजाब ने 19 ओवर के बाद 5 विकेट के नुकसान पर 203 रन बना लिए हैं। श्रेयस अय्यर और सूर्यांश शेडगे क्रीज पर हैं। शशांक सिंह 0, मार्कस स्टोयनिस 1, कूपर कोनोली 38, प्रियांश आर्या 56 और प्रभसिमरन सिंह 18 रन बनाकर आउट हुए। 19वें ओवर में मुकाबले ने जबरदस्त मोड़ लिया। मिचेल स्टार्क ने लगातार दो गेंदों पर मार्कस



स्टोयनिस और शशांक सिंह को आउट किया। हालांकि हैट्रिक गेंद पर आए सूर्यांश शेडगे ने दबाव में शानदार बल्लेबाजी करते हुए पहले छक्का जड़ा, फिर चौका और ओवर की आखिरी गेंद पर एक और सिक्स लगाकर मैच का रुख फिर पंजाब की ओर मोड़ दिया। 19 ओवर के बाद पंजाब का स्कोर 203/5 पहुंच गया। माधव तिवारी ने एक बार फिर दिल्ली को सफलता दिलाई। उन्होंने धीमी शार्ट गेंद से कूपर कोनोली को छकाया, जो बड़ा शाट लगाने के प्रयास में डीप मिडविकेट पर कैच दे बैठे। वहां डेविड मिलर ने आसान कैच लपका। कानाली 27 गेंदों में 38 रन बनाकर पवेलियन लौटे। श्रेयस अय्यर ने 32 बाल में अर्धशतक पूरा किया। माधव तिवारी की शार्ट और वाइड गेंद को श्रेयस ने जोरदार तरीके से डीप एक्स्ट्रा कवर के ऊपर से छक्के के लिए भेज दिया। इसी के साथ उन्होंने अपनी फिफ्टी भी पूरी कर ली। 7 से 13 ओवर के बीच दिल्ली कैपिटल्स ने मैच में शानदार वापसी की और सिर्फ 61 रन देकर दो बड़े विकेट हासिल किए। मुकेश कुमार ने प्रभसिमरन सिंह को आउट किया, जबकि माधव तिवारी ने प्रियांश आर्या को अपना पहला आईपीएल विकेट बनाया। इसके बाद नंबर-3 पर आए श्रेयस अय्यर और कूपर कोनोली ने संभलकर बल्लेबाजी करते हुए पारी को आगे बढ़ाया। दिल्ली कैपिटल्स ने बीच के ओवरों में रन पर कुछ हद तक लगाम लगाई, लेकिन श्रेयस अय्यर एक छोर से तेजी बनाए हुए हैं। उन्होंने लुंगी एनगिडी की स्लोअर गेंद पर शानदार छक्का जड़कर दबाव कम किया। 12 ओवर के बाद पंजाब किंग्स का स्कोर 125/2 पहुंच गया है। माधव तिवारी ने आईपीएल में अपना पहला विकेट हासिल करते हुए पंजाब को बड़ा झटका दिया। शानदार बल्लेबाजी कर रहे प्रियांश आर्या बड़ा शाट खेलने की कोशिश में डीप पाइंट पर कैच थमा बैठे। वहां साहिल परख ने अपना पहला आईपीएल कैच लपका। प्रियांश 33 गेंदों में 56 रन बनाकर आउट हुए, उनकी पारी में 2 चौके और 6 छक्के शामिल रहे। मुक.ेश कुमार ने दिल्ली को पहली सफलता दिलाई। तेजी से रन बनाने की कोशिश में प्रभसिमरन सिंह बड़ा शाट खेलने गए, लेकिन गेंद बल्ले के ऊपरी हिस्से पर लग गई। डीप बैकवर्ड स्क्वायर लेग से दौड़ते हुए आकिब नबी ने शानदार कैच पकड़कर उनकी पारी खत्म की। प्रभसिमरन 15 गेंदों में 18 रन बनाकर आउट हुए। प्रभसिमरन और प्रियांश के बीच पहले ओवर के लिए 78 रन की साझेदारी हुई।

## अश्लील भाषा के इस्तेमाल पर आरसीबी के कोच एंडी पर लगा जुर्माना



**रायपुर, वार्ता।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के मुख्य कोच एंडी फ्लावर पर रविवार को मुंबई इंडियंस के खिलाफ मैच के दौरान आचार संहिता लेवल वन 'अश्लील भााा' के उल्लंघन के लिए मैच फीस का 15 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) ने कहा कि फ्लावर ने कोड ऑफ कंडक्ट के आर्टिकल 2-3 को तोड़ा, जो 'मैच के दौरान सुनाई देने वाली गाली-गलौज के इस्तेमाल' से जुड़ा है। यह घटना आरसीबी के रन-चेज के 17-2वें ओवर में हुई जब फ्लावर की चौथे अंपायर के साथ तीखी बहस हुई। यह विवाद क्रुणाल पांड्या से जुड़े एक विवादित बाउंड्री कॉल के बाद हुआ। ए एम गजनफर का सामना करते हुए, क्रुणाल ने गेंद को वाइड लॉन्ग-ऑन की ओर उछाला, जहां नमन धीर ने रस्सियों के पास कैच लिया और बाउंड्री लाइन पार करते हुए तिलक वर्मा की ओर पैरी किया। तिलक ने कैच पूरा नहीं किया और ऐसा लगा कि उन्होंने छक्के का इशारा किया।

# मुम्बई इंडियंस को दो विकेट से हराकर RCB अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंची

**रायपुर, वार्ता।** भुवनेश्वर कुमार (चार विकेट/ नाबाद सात रन) और क्रुणाल पांड्या (73) के शानदार प्रदर्शन की बदौलत रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने रविवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के 54वें मुकाबले में आखिरी गेंद पर मुम्बई इंडियंस को दो विकेट से शिकस्त दी। इस जीत के साथ आरसीबी अंक तालिका में शीर्ा पर पहुंच गई है।

इसी के साथ मुम्बई इंडियंस प्ले ऑफ की रेस बाहर हो गई है। आखिरी ओवर में आरसीबी को जीत के लिए 15 रनों जरुरत थी। रोमारियो शेफर्ड आखिरी ओवर में 11 गेंद पर 4 रन बनाकर आउट हो गए। इसके बाद भुवी ने छक्का लगाकर एक बार फिर मैच को रोमांचक बना दिया। आखिरी गेंद पर दो रन चाहिए थे और रसिख सलाम ने मिड ऑन की तरफ खेलकर दो रन लेकर



आरसीबी को मैच जिता दिया। आरसीबी ने आईपीएल में दूसरी बार मुम्बई इंडियंस को लीग चरण में दो बार हराया। 167 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी आरसीबी की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 39 के स्कोर तक अपने तीन विकेट खो दिए। पहले ही ओवर की चौथी गेंद पर दीपक चाहर ने विराट कोहली (शून्य) को बोल्ड कर मुम्बई को पहली सफलता दिलाई। तीसरे ओवर में चाहर ने देवदत्त पड्क्किल (12) को अपना शिकार बना लिया। कप्तान रजत पाटीदार (आठ) को कार्बिन बॉश ने आउट किया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आए क्रुणाल पांड्या ने जेकब बेथेल के साथ चौथे विकेट लिए 55 रन जोड़े। कार्बिन बॉश ने 13वें ओवर में बेथेल (26) को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। बॉश ने 16वें ओवर में जितेश शर्मा (18) और टिम डेविड (शून्य) को आउट किया। 18वें ओवर में एम गजनफर ने क्रुणाल पांड्या आउट कर आरसीबी को संकट में डाल दिया। क्रुणाल पांड्या ने 46 गेंदों में चार चौके और पांच छक्के लगाते हुए 73 रनों की पारी खेली।

## मोहम्मद शमी के अनुभव के साथ उतरेगी सर्वोटेक सिलीगुड़ी स्ट्राइकर्स

**कोलकाता (पश्चिम बंगाल), वार्ता।** हाल ही में हुई बंगाल टी20 लीग पुरुष नीलामी में सर्वोटेक सिलीगुड़ी स्ट्राइकर्स ने कई अहम खिलाड़ियों को अपनी टीम में शामिल किया है, जिसमें भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी सबसे बड़ा नाम रहे, इसके अलावा आलराउंडर करण लाल को भी टीम ने अपने साथ जोड़ा है। आगामी सीजन से पहले घरेलू क्रिकेट के कई प्रमुख खिलाड़ियों के लिए फेंचाइजियों के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिली।

इसी क्रम में सर्वोटेक सिलीगुड़ी स्ट्राइकर्स ने भी अनुभव, घरेलू प्रदर्शन और उभरती प्रतिभाओं का संतुलित मिश्रण तैयार करते हुए अपनी टीम को अंतिम रूप दिया। सर्वोटेक सिलीगुड़ी स्ट्राइकर्स की खरीद में सबसे चर्चित नाम भारतीय तेज गें.दबाज मोहम्मद शमी का रहा, जिन्हें 5-20 लाख रुपये में टीम में शामिल किया गया। वहीं बंगाल के तेज गेंदबाज ईशान पोरेल को 2-50 लाख रुपये में खरीदा गया। फेंचाइजी ने करण लाल के लिए भी जोरदार बोली लगाते हुए उन्हें 8 लाख रुपये में अपने साथ जोड़ा, जिससे वह बंगाल टी20 लीग पुरुा नीलामी के शीर्ा 10 सबसे महंगे खिलाड़ियों में शामिल रहे। नीलामी को लेकर सर्वोटेक स्पोर्ट्स के डायरेक्टर ऋषभ भाटिया ने कहा कि, हम सर्वोटेक सिलीगुड़ी स्ट्राइकर्स के लिए नीलामी के परिणाम से बेहद संतुट हैं।

**खेल विशेष**

### सात्विक-चिराग थाईलैंड ओपन में पेश करेंगे भारतीय चुनौती

**बैंकॉक, वार्ता।** सात्विक साईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी मंगलवार से निमिबुत्र स्टेडियम में शुरू होने वाले थाईलैंड ओपन 2026 बैडमिटन टूर्नामेंट में भारतीय चुनौती पेश करेंगे। मौजूदा एशियन गेम्स चैंपियन सात्विक-चिराग, जो पुरुों की युगल बैडमिटन रैंकिंग में चौथे स्थान पर हैं, की थाईलैंड ओपन से अच्छी यादें जुड़ी हैं, उन्होंने 2019 और 2024 में दो बार बीडब्ल्युएफ सुपर 500 टूर्नामेंट जीता है। ब्रदर्स ऑफ डिस्ट्रक्शन तीसरा खिताब जीतने की कोशिश में होंगे और यह जोड़ी थॉमस कप में अच्छे नतीजों के बाद इस टूर्नामेंट में आ रही है, जहां उन्होंने भारत को ब्रॉन्ज मेडल दिलाने में मदद की थी।

### एलेक्जेंड्रा एला इटैलियन ओपन के तीसरे राउंड में एलेना रायबाकिना से हारी

**रोम, वार्ता।** कजाकिस्तान की एलेना रायबाकिना ने शानदार प्रदर्शन करते हुए फिलिपींस की एलेक्जेंड्रा एला को हराकर इटेलियन ओपन के अगले दौर में जगह बना ली है। वर्ल्ड नम्बर दो एलेना रायबाकिना, जिन्होंने जनवरी में आर्यना सबालेंका को हराकर अपना पहला ऑस्ट्रेलियन ओपन खिताब जीता था, ने बीएनपी परिबास एरिना में पहला सेट 6-4 से जीता और रविवार को अपनी पहली डब्ल्यूटीए टूर में तीसरे दौर के मुकाबले में सीधे सेटों में 6-4, 6-3 से जीत पक्की की।

### स्क्वैश: वीर चोटरानी की हार: वर्ल्ड चैंपियनशिप में भारत का अभियान समाप्त

**गीजा (मिस्र), वार्ता।** वीर चोटरानी के दूसरे राउंड में दुनिया के नम्बर वन मुस्तफा असल खिलाफ हार के साथ वर्ल्ड स्क्वैश चैंपियनशिप 2026 में भारत की चुनौती समाप्त हो गई। पुरुषों की स्क्वैश रैंकिंग में 45वें नम्बर पर मौजूद वीर चोटरानी, रविवार को पाम हिल्स क्लब और पीजीसी गोल्फ सेंट्रल मॉल में लोकल फेवरेट और डिफेंडिग चैंपियन मुस्तफा असल से 3-0 (11-5, 11-2, 11-4) से हारकर प्रतियोगिता से बाहर हो गए। गीजा में खेल रहे चार भारतीय स्क्वैश खिलाड़ियों में से 24 साल के चोटरानी अकेले ऐसे खिलाड़ी थे जो दूसरे राउंड में पहुंच पाए। वीर चोटरानी ने शुरुआती राउंड में अपने ही देश के और भारत के टॉप रैंक वाले खिलाड़ी अभय सिंह को 3-2 से हराकर आगे बढ़े। इस बीच, वेला.वन सेंथिलकुमार और रमित टंडन पहले ही राउंड में बाहर हो गए। वर्ल्ड नम्बर 50 वेलावन सेंथिलकुमार फांस के छठे सीड और अभी के वर्ल्ड नम्बर 5 विक्टर क्रूइन से 3-0 से हार गए। दूसरी तरफ, 40वीं रैंक वाले रमित टंडन म्रि के करीम एल टॉर्की से 3-1 से हार गए, जो उनसे 19 रैंक बेहतर खिलाड़ी हैं।

## 21 विकेटों के साथ भुवनेश्वर ने जमाया पर्पल कैप पर कब्जा

**रायपुर, वार्ता।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार ने मुम्बई इंडियंस के खिलाफ चार विकेट झटकर पर्पल कैप पर अपना कब्जा कर लिया। 2016 और 2017 में लगातार पर्पल कैप जीतने वाले भुवनेश्वर कुमार ने 36 साल की उम्र में भी अपनी कला नहीं खोई है, बल्कि ऐसा लग रहा है कि वह और भी बेहतर होते जा रहे हैं।



उन्होंने मुंबई इंडियंस (एमआई) के खिलाफ उनके चार विकेट ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) को रोमांचक जीत दिलाई। इसी के साथ यह इस सीजन में उनके विकेटों की संख्या 21 तक पहुंच गई है और वह पर्पल कैप तालिका में शीर्ा पर पहुंच गए है। शनिवार को कगिसो रबाडा 18 और रविवार को दिन के पहले मैच में लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के खिलाफ दो विकेट लेकर अंशुल कम्बोज 19 विकेट तक पहुंच गए थे। ए दोनों क्रमश: दूसरे और तीसरे स्थान पर है। इसके बाद एलएसजी के प्रिस यादव और सनराइर्स हैदराबाद के इशान मलिगा 16-16 विकेट के साथ आते हैं। फिर गुजरात टाइटंस के राशिद खान और राजस्थान रॉयल्स के जोफ्रा आर्चर 15-15 विकेट वाले गेंदबाज हैं। वहीं ऑरेंज कैप तालिका के मामले में पिछले मैच में एलएसजी के खिलाफ दो गेंदों पर शून्य पर आउट होने के बाद विराट कोहली, एमआई के खिलाफि भी पहली ही गेंद पर आउट हो गए और इसी वजह से वह अब भी दसवें स्थान पर अटके हुए हैं।

## एसआरएच की पावर का सामना गिल की दमदार जीटी से होगा

**अहमदाबाद, वार्ता।** विस्फोटक बल्लेबाज हेनरिक क्लासेन अगुवाई वाली सनराइजर्स हैदराबाद की पावर का सामना शुभमन गिल की अगुवाई वाली गुजरात टाइटंस से मंगलवार को होगा। दोनों टीमों की सबसे बड़ी ताकत और सबसे बड़ा रिस्क उनकी विस्फोटक बल्लेबाजी के लिए जानी जाती है जोकि आईपीएल 2026 में सबसे खतरनाक लाइनअप में से एक रहा है। हेनरिक क्लासेन जैसे खिलाड़ी हैं, जिनकी मध्यवर्ती ओवरों में पावर-हिटिंग कुछ ही ओवरों में गेंदबाजी आक्रमण को खत्म कर सकती है,



और अभिोक शर्मा, जिन्होंने बार-बार धमाकेदार शुरुआत दी है जिससे बड़े स्कोर का माहौल बना है। उनके साथ, ट्रैविस हेड टॉप पर निडर इरादा लाते हैं, जबकि ईशान किशन मिडिल ऑर्डर में आक्रामक और स्थिरता का मिश्रण लाते हैं। अधिकतर मैदानों पर, यह कॉम्बिनेशन विरोधी गें.दबाजी आक्रमण को विफल करने के लिए काफी है। लेकिन अहमदाबाद ज्यादातर ग्राउंड्स जैसा नहीं है।

नरेंद्र मोदी स्टेडियम में, सनराइजर्स हैदराबाद ने बार-बार खुद को एक ऐसे पैटर्न में फंसा हुआ पाया है जिसे वे आसानी से नहीं तोड़ सकते। बल्लेबाजी के लिए अच्छी जगह होने के बावजूद, गुजरात टाइटन्स की स्थिति, मैच रफ्तार और दबाव वाले पलों पर कंट्रोल हमेशा उनके पक्ष में रहा है। नम्बर इसे साफ दिखाते हैं: गुजरात टाइटन्स का एसआरएच के खिलाफ 5-1 का हेड-टू-हेड रिकॉर्ड है, और एसआरएच को अहमदाबाद में मौकों को जीत में बदलने में हमेशा मुश्किल हुई है। इस बार, गुजरात टाइटन्स इस विश्वास के साथ मुकाबले में उतर रही है जो सोचा हुआ नहीं बल्कि कमाया हुआ लगता है। शुभमन गिल की अगुवाई में, उन्होंने टॉप पर निरंत.रता और बीच के ओवरों में अनुशासन के आस-पास अपना अभियान बनाया है।

## एएफसी अंडर-17 एशियन कप में भारतीय टीम उज्बेकिस्तान से हारी

**जेद्दा, वार्ता।** भारत का एएफसी अंडर17 एशियन कप सऊदी अरब 2026 का कैंपेन निराशाजनक रूप से खत्म हुआ, जब उसे यहां किंग अब्दुल्ला स्पोर्ट्स सिटी हॉल स्टेडियम में अपने आखिरी ग्रुप डी मैच में डिफेंडिग चैंपियन उज्बेकिस्तान से 0-3 से हार का सामना करना पड़ा। इस हार के साथ ही भारतीय टीम इस टूर्नामेंट से बाहर हो गई, बल्कि एआईएफए अंडर17 वर्ल्ड कप कतर 2026 के लिए ऐतिहा.सिक क्वालिफिकेशन हासिल करने की भारत की उम्मीदें भी खत्म हो गईं।

उज्बेकिस्तान की जीत ने उनके और ऑस्ट्रेलिया दोनों के लिए क्वालिफिकेशन पक्का कर



दिया, जो अब ग्रुप विनर तय करने के लिए मिलेंगे। ऑस्ट्रेलिया से शुरुआती 4-0 की हार के बाद यह जानते हुए कि सिर्फ जीत ही उनके वर्ल्ड कप के सपने को जिदा रख सकती है, भारत ने रविवार को सावधानी से मुकाबला शुरू किया। उज्बेकिस्तान ने शुरुआती स्तर नियंत्रण बनाए रखा और बार-बार सीधे अटैकिंग रन और आखिरी थर्ड में तेज मूवमेंट के साथ भारतीय डिफेंस को तोड़ने की कोशिश की। दबाव के बावजूद, भारत पहले हाफ में ज्यादातर समय डिफेंस में लगा रहा। बैकलाइन ने अपनी शेप अच्छी बनाए रखी, जबकि गोल.कीपर राजरूप सरकार ने डिफेंडिग चैंपियन को दूर रखने के लिए कई जरूरी बचाव किए। हालांकि, 32वें मिनट में एक महंगी गलती के बाद भारत का प्रतिरोध टूट गया। सरकार उज्बेक आक्रमण को रोकने की कोशिश में अपनी लाइन से बाहर निकले, लेकिन पेनल्टी एरिया के अंदर लाजजि अब्दुरईमोव को गिरा दिया। रेफरी ने तुरंत स्पॉट की ओर इशारा किया।

## मैड्रिड को हराकर बार्सिलोना ने जीता ला लीगा का खिताब

**मैड्रिड, वार्ता।** फुटबॉल क्लब बार्सिलोना ने रियल मैड्रिड को 2-0 से हराकर ला लीगा चैंपियन 2025-26 का खिताब अपने नाम किया। यह बर्सिलोना का लगातार दूसरा खिताब है मार्कस रैशफोर्ड ने नौवें मिनट में एक जबरदस्त फ्री किक से स्कोरिंग शुरू की, और फेरान टोरेस ने रविवार को फर्मिन लोपेज और डैनी ओल्मो के शानदार मूव के बाद 18वें मिनट में बढ़त को दोगुना कर दिया। रियल मैड्रिड कभी भी गेम में वापसी करता हुआ नहीं दिखा, और बार्सिलोना दूसरे हाफ में मैच को कंट्रोल करने में कामयाब रहा।

यह बार्सिलोना का 29वां ला लीगा खिताब है। गोलकीपर थिबॉट कोर्टुआ ने आखिरी पलों में



रॉबर्ट लेवांडोव्स्की और राफिन्हा के अच्छे बचाव किए। मैच के बाद बार्सिलोना के मिडफील्डर पेड्री ने कहा कि यहां रियल मैड्रिड के खिलाफ टाइटल जीतना गर्व का अनुभव है।

बार्सिलोना के कोच हैंसी फ्लिक, जिनके पिता की मौत की खबर दिन में पहले ही आ चुकी थी, ने मैच के बाद के जश्न में भावुक होकर कहा हम एक शानदार टीम हैं और हमने बहुत अच्छा खेला और बहुत अच्छा डिफेंस किया।

# हाजी सरफराज समेत बसपा नेता हाउस अरेस्ट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** देवबंद के गांव लालवाला में पीडित दलित परिवारों से मिलने की घोषणा के बाद पुलिस ने बसपा नेताओं को उनके घरों में ही हिरासत में ले लिया। बसपा नेता हाजी सरफराज राईन को आज सुबह 4 बजे से हाऊस अरेस्ट कर लिया गया। पुलिसकर्मियों ने सुबह से ही उनके आवास की घेराबंदी कर रास्ते बंद कर दिये। हाजी सरफराज राईन ने कहा कि देवबंद विधानसभा के गांव लाल वाला में 9 मई 2026 को जमीनी विवाद को लेकर हुए विवाद में भाजपा सरकार की शह पर पुलिस प्रशासन द्वारा दलित समाज पर किया गया लाठी चार्ज सरकार की दलित विरोधी नीति को उजागर करता है। इस लाठी चार्ज में जितने भी व्यक्ति घायल हुए हैं उनका प्रशासन द्वारा उचित इलाज कराया जाना चाहिए व गांव में भयमुक्त माहौल बनाया जाए और दोषी पुलिस कर्मियों पर उचित कार्रवाई प्रशासन द्वारा की जाए। इसके साथ ही जमीनी विवाद को स्थाई रूप से सुलझाने के लिए एक उच्च स्तरीय कमेटी का गठन किया जाए और जमीन को उसके सही मलिक को हस्तांतरित किया जाए। उन्होंने मांग करते हुए कहा कि इस जमीनी विवाद में जो भी दोषी है उन पर कठोर कार्रवाई की जाए व जिन पुलिसकर्मियों द्वारा दलितों पर लाठी चार्ज की गई उन पर एफआईआर दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जानी चाहिए। पूर्व जिलाध्यक्ष जगपाल सिंह को भी आवास पर अरेस्ट किया गया।






**नरेश गौतम, रजनीश बंधु, आसिफ अली और रजनीश उजाला को घरों में किया नजरबंद**

**उधर,** देवबंद में प्रस्तावित कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे बहुजन समाज पार्टी के बड़े नेताओं को पुलिस ने सोमवार को उनके आवासों पर ही हाउस अरेस्ट कर लिया। पुलिस की इस कार्रवाई से बसपा खेमे में रोष है। पुलिस ने बसपा के कद्दावर नेता हाजी सरफराज राईन, मुख्य मंडल प्रभारी नरेश गौतम, जिलाध्यक्ष रजनीश बंधु, मंडल संयोजक आसिफ अली और मंडल संयोजक रजनीश उजाला' को देवबंद रवाना होने से पहले ही उनके घरों में नजरबंद कर दिया। सुबह से ही सभी नेताओं के आवा. सों के बाहर पुलिस बल तैनात कर दिया गया था। बसपा नेता आज देवबंद में पीडित परिवारो से मिलने जा रहे थे। इससे पहले ही पुलिस-प्रशासन ने एहतियातन कार्रवाई करते हुए बसपा नेताओं को हाउस अरेस्ट कर लिया। पुलिस अधिकारियों का कहना है



कि कानून-व्यवस्था और शांति बनाए रखने के लिए यह कदम उठाया गया है। पुलिस कार्रवाई पर बसपा ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। हाउस अरेस्ट किए गए नरेश गौतम ने कहा कि हम शांतिपूर्ण तरीके से देवबंद जा रहे थे। बिना किसी नोटिस के पुलिस ने घर पर पहरा लगा दिया। यह लोकतंत्र की हत्या है। सरकार बसपा को दबाना चाहती है। मुख्य मंडल प्रभारी नरेश गौतम ने कहा कि भाजपा सरकार दलित-पिछड़ों की आवाज दबा रही है। हमें अपने लोगों से मिलने से रोका जा रहा है। जनता इसका जवाब देगी।



### आल इंडिया मोमिन कांफ्रेंस के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने किया आह्वान

# आधी रोटी खायें, लेकिन बच्चे पढ़ाए: फिरोज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** ऑल इंडिया मोमिन कॉन्फ्रेंस के राष्ट्रीय अध्यक्ष व सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता फिरोज अंसारी का गुलफाम अंसारी के आवास पर स्वागत किया गया। इस दौरान परवेज अंसारी ने फिरोज अंसारी को गिफ्ट और ऑल इंडिया मोमिन कांफ्रेंस के फंड में 21 हजार रुपए का चन्दा दिया।



फिरोज अंसारी ने कहा कि हमें अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा देनी होगी इसके लिए हमें चाहे आधी रोटी खाकर गुजारा करना पड़े। बिना तालीम के हम अधूरे हैं और दहेज पर भी लगाम लगाने की बात कही गई। मीटिंग में यह भी तय हुआ कि जल्द ही महानगर में ऑल इंडिया मोमिन कॉन्फ्रेंस का एक दफ्तर खोल दिया जाएगा। इस दफ्तर के जिम्मेदारी ऑल इंडिया मोमिन कांफ्रेंस के महानगर अध्यक्ष अनवर अंसारी ने ली और इन्होने रईवाला अपनी जगह पर दफ्तर खोलने की बात कही जल्दी ही इसका उद्घाटन कर दिया जाएगा। मीटिंग के बाद राष्ट्रीय अध्यक्ष फिरोज अंसारी ने तकिया नूर बफान वक्फ खानालामपुरा की जगह का निरीक्षण किया। जिसको लेकर इनको यहां की यह रिपोर्टर मिल रही थी कि कुछ भूमाफिया लोग इस वक्फ तकिया वाली जगह को उल्टे सीधे एग्रीमेंट कर इस जगह को बेचने का काम कर रहे है। उन्होंने कहा कि इस रिपोर्ट को केंद्र सरकार के पास भेजा जायेगा।

# माताओं के सम्मान में प्रस्तुतियों से दिल जीता

**सहारनपुर।** ब्लू बर्ड स्कूल में मदर्स डे के अवसर पर एक भव्य एवं भावनात्मक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे विद्यार्थियों ने माताओं के सम्मान में विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ भी दीं।

आनंद नगर स्थित स्कूल परिसर में आयोजित कार्यक्रम की शुरुआत मुफ्ती जकी द्वारा पवित्र कुरआन शरीफ की तिलावत से हुई। विद्यालय के निदेशक मोहम्मद जमाल असलम ने कहा कि माँ दुनिया की सबसे बड़ी नेमत होती है जिसके कदमों तले जन्नत रखी गई है। खुद खुदा ने भी अपनी मोहब्बत का उदाहरण माँ की मोहब्बत से दिया है। उन्होंने विद्यार्थियों को अपनी माताओं का सम्मान करने, उनकी सेवा करने तथा उनके त्याग और प्रेम को समझने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि एक माँ अपने बच्चों की सफलता और अच्छे भविष्य के लिए हर कठिनाई को सहन करती है, इसलिए हमें हमेशा उनका आदर करना चाहिए। चेयरमैन डॉ. मोहम्मद खालिद ने कहा कि माताएँ समाज की नींव होती हैं। एक अच्छी माँ ही एक अच्छे समाज और उज्ज्वल राष्ट्र का निर्माण करती है। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि वे अपनी माताओं की बातों का पालन करें। अंत में प्रधानाचार्या नीलोफर शम्सी ने सभी माताओं को मातृ दिवस की शुभकामनाएँ दीं।



कार्यक्रम में मायरा, सादिया, फैज, समीउल्लाह, हुजैफा, सिदरा, अहमद, आफरीन, सफी, इकरा, अजरा, फकी, मरियम, शिरीन, अलीना, अलिश्बा, अशरा, हलीमा, अलवीना, इनाया, माहिरा, हिफ्जा, नबीला, हलीमा, हया, अक्सा, अलीशान, जैनब ने भाग लिया। संचालन मरिया ने किया।

# सोमनाथ स्वाभिमान पर्व मनाया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** परिषदीय विद्यालयों में सोमवार को 'सोमनाथ स्वाभिमान पर्व' हर्षोल्लास एवं देशभक्ति के वातावरण में मनाया गया।



सोमनाथ स्वाभिमान पर्व 'के माध्यम से विद्यार्थियों को भारत के गौरवशाली इतिहास, सांस्कृतिक विरासत एवं राष्ट्रीय स्वाभिमान से परिचित कराया गया। कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों द्वारा विद्यार्थियों को सोमनाथ मंदिर के ऐतिहासिक महत्व की जानकारी दी गई। बताया गया कि सोमनाथ मंदिर भारत के प्राचीन एवं पवित्र मंदिरों में से एक है, जिसे इतिहास में कई बार विदेशी आक्रमणकारियों द्वारा ध्वस्त किया गया।लेकिन हर बार भारतीय जनमानस की आस्था एवं संकल्प शक्ति के बल पर इसका पुनर्निर्माण हुआ। रंगोली प्रतियोगिता में भारतीय परंपरा एवं सांस्कृतिक धरोहर की झलक देखने को मिली, जबकि निबंध एवं चित्रकला प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने स्वाभिमान,देशभक्ति एवं इतिहास से जुड़े प्रेरणादायक विचार प्रस्तुत किए। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कुमारी कोमल ने कहा कि सोमनाथ स्वाभिमान पर्व विद्यार्थियों में आत्मसम्मान, राष्ट्रीय चेतना एवं सांस्कृतिक मूल्यों के विकास का महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन बच्चों को अपने गौरवशाली इतिहास से जोड़ने के साथ-साथ उनमें राष्ट्रप्रेम एवं सामाजिक जिम्मेदारी की भावना भी विकसित करते हैं। उन्होंने सभी शिक्षकों एवं विद्यार्थियों की सक्रिय सहभागिता की सराहना की।

# डीएम से मिला सपा-आसपा डेलिगेशन, मांगा मुआवजा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** सर्किट हाउस रोड पर तोडे गये मकानों को लेकर आज समाजवादी पार्टी और आजाद समाज पार्टी का एक प्रति. निधि मंडल जिलाधिकारी से मिला। प्रतिनिधि मंडल ने मकान क्षति व भूमि मुआवजा दिलाये जाने की मांग की।

सपा प्रदेश सचिव रूही अंजुम, समाजवादी एससीएसटी प्रकोष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष राजकुमार प्रधान, आजाद समाज पार्टी वरिष्ठ नेता राव कैसर सलीम व जिलाध्यक्ष सचिन खुराना के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा और कहा कि हसनपुर से कोरी माजरा एवं लक्कड माजरा तक राजवाहे के किनारे नाला निर्माण एवं सडक चौडीकरण का कार्य कराया जा रहा है। जिसके कारण क्षेत्रवासियों की आवासीय भूमि एवं मकान प्रभावित हो रहे हैं। बिना उचित मुआवजा एवं वैधानिक प्रक्रिया पूर्ण किये भूमि अधिग्रहण किया जा रहा है। जिससे वहां के लोगों में भय बना है। ज्ञापन में वर्तमान बाजार दर का चार गुणा मुआवजा दिलाये जाने, तोडे गये मकानों का सर्वे कराकर उचित मुआवजा देने, राजवाहे की वास्तविक चौडाई एवं सीमांकन की प्रमाणित एनओसी रिपोर्ट सार्वजनिक किये जाने, जमीन की एनओसी रिपोर्ट उपलब्ध कराने, राजवाहे के दोनों ओर समान रूप से कार्य कराये जाने आदि की मांग की गई। वरिष्ठ नेता राव कैसर सलीम ने बताया कि ज्ञापन पर संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी ने एक सप्ताह का समय मांगा है तथा आश्वासन दिया है कि सभी संबंधित विभागों के विभागाध्यक्षों, आजाद समाज पार्टी के प्रतिनिधिमंडल एवं पीड़ित परिवारों के साथ बैठक कर



आपसी सहमति बनाने का प्रयास किया जाएगा। जिलाधिकारी ने यह भी स्पष्ट किया कि जब तक वार्ता एवं सहमति की प्रक्रिया पूर्ण नहीं होती, तब तक किसी प्रकार का निर्माण कार्य नहीं कराया जाएगा।

प्रदेश उपाध्यक्ष राज. कुमार प्रधान ने बताया कि जिलाधिकारी ने मामले में पांच सदस्यीय कमेटी गठित किये जाने की बात कही है।

प्रतिनिधि मंडल में नरेश, राहुल, विनीता, सुधा, किशन कुमार, चमनलाल, यशपाल, अर्जुन, अशोक मलिक, चंद्ररोहण, राजपाल सिंह, अनिल कुमार, ब्रहमानंद, मदन सिंह, महेशपाल, सरजीत सिंह, विजय कुमार, मेनपाल आदि लोग शामिल रहे।

## गड्ढों का निरीक्षण

**गंगोह।** पूर्व चेयरमैन नोमान मसूद व ईओ लोकेंद्र सिंह नगर पालिका टीम के साथ ककराली मार्ग के गड्ढों का निरीक्षण करने पहुंचे। जिससे उम्मीद जताई जा रही हैं कि मौसम ने साथ दिया तो एक या दो दिन में कार्य शुरू हो जाएगा।

बता दे यह सड़क अभी तक लोकनिर्माण विभाग बनाता आ रहा है। लेकिन अब लोक निर्माण विभाग उसको अपना मानने से मना कर रहा है। सभासद हमजा मसूद ने भी एक पोस्ट के द्वारा इस मार्ग को लोक निर्माण विभाग का बताया था।

# जनता के हाथ में कटोरा देंगे मोदी: मनीष

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**सहारनपुर।** कांग्रेस महानगर अध्यक्ष मनीष त्यागी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश की जनता के हाथ में कटोरा देकर ही दम लेंगे।

मनीष त्यागी ने कहा कि प्रधानमंत्री देश की जनता को सोना नहीं खरीदने की सलाह दें रहे है ये वही प्रधानमंत्री है जो 2 वर्ष पहले चुनाव मे विपक्ष पर आरोप लगा रहे थे की ये तुम्हारा मंगल सूत्र भी छीन लेंगे आज प्रधानमंत्री खुद मंच से बोल रहे है कि मंगल सूत्र मत खरीदो देश की जनता को बचत का पाठ पड़ा रहे है जो प्रधानमंत्री खुद दिन मे 5 बार कपड़े बदलते है अपने साथ सेकड़ो गाड़ियों का काफिला लेकर चलते है अपने को सजने स्वारने के लिए करोड़ो रूपये खर्च करते है वो जनता को बचत करने की सलहा दें रहे है वो दिन दूर नहीं जब मोदी देश की जनता से कहेंगे की मेहगाई नहीं है तुम लोग खर्चा ज्यादा करते हो तुम लोग खाते ज्यादा हो इस लिए महगाई हो रही है। एक समय रोटी खाया करो बचत होने लगेगी महगाई भी कम लगने लगेगी नरेंद्र मोदी देश जनता के हाथ मे भीख मागने का कटोरा देकर ही दम लेंगे। भाजपा की सरकार बनने के बाद पहली बार ऐसा हुआ की बंगलादेश की प्रति व्यक्ति आय भारत से अधिक है जिस देश का प्रधानमंत्री स्वम देश की जनता से इस तरह की अपील करें तो जनता के मन मे ये डर आना स्वभाविक है की क्या देश संकट मे है मोदी का इस तरह से बोलना ये साफ दर्शाता है की देश संकट मे है देश से बहुत कुछ छुपाया जा रहा है।

# आपत्तिजनक वीडियो पर कार्रवाई की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** कस्बे में सोशल मीडिया पर एक युवक द्वारा कथित रूप से एक समुदाय विशेष के खिलाफ अभद्र भाषा एवं गाली-गलौज का प्रयोग करते हुए वीडियो वायरल किए जाने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है।

मामले को लेकर एआईएमआईएम से जुड़े पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं समुदाय के कई लोग कोतवाली बेहट पहुंचे, जहां उन्होंने पुलिस को तहरीर सौंपते हुए आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई किए जाने की मांग की। तहरीर में कहा गया कि सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में युवक द्वारा अशोभनीय एवं भड़काऊ भाषा का इस्तेमाल किया गया है, जिससे समुदाय विशेष की धार्मिक एवं सामाजिक भावनाएं आहत हुई हैं।



उन्होंने पुलिस प्रशासन से मांग की कि मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपी युवक की तत्काल गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाए, ताकि भविष्य में कोई भी व्यक्ति सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने का प्रयास न कर सके। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि समय रहते उचित कार्रवाई नहीं हुई तो समुदाय के लोग आंदोलन करने को मजबूर होंगे। शिकायत देने वालो में फैजान सिद्दीकी, वहाब नूर, बाकिर अली, मुकर्रम, कारी शाबान, मुजम्मिल, जुबैर आदि शामिल रहे।

# तोमर एकेडमी व एकता क्लब ने जीते मैच

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** तोमर क्रिकेट एकेडमी व एकता क्लब अंबेहटा टीम ने अपने-अपने मैच जीते।

सरसावा हाईवे पर गांव बुढेडा में स्थित विनीज क्रिकेट एकेडमी में आयोजित एकदिवसीय क्रिकेट मैच तोमर क्रिकेट एकेडमी व विनीज क्रिकेट एकेडमी के बीच खेला गया। जिसमें तोमर क्रिकेट एकेडमी के कप्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते निर्धारित 25 ओवर में 8 विकेट खोकर 186 रन का लक्ष्य विपक्ष विनीज क्रिकेट एकेडमी के समक्ष रखा। ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते तोमर क्रिकेट एकेडमी के बल्लेबाज तन्मय ने मात्र 75 गेंद पर 19 चौको व पांच गगन चुम्मी छक्को की बदौलत सर्वाधिक 145 रन नाबाद पारी का योगदान अपनी टीम को दिया। विनीज क्रिकेट एकेडमी की तरफ से शानदार गेंदबाजी करते देवांश ने चार ओवर में मात्र 15 रन देकर सर्वाधिक तीन विकेट लिए। जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी विनीज क्रिकेट एकेडमी टीम तोमर क्रिकेट एकेडमी तेज गेंदबाजों के सामने रनों के लिए जूझती नजर आई और मात्र 19.2 ओवर में 134 रन पर ऑल आउट हो गई । 52 रन के बड़े अंतर से तोमर क्रिकेट एकेडमी ने विनीज क्रिकेट को पराजित किया । शानदार बल्लेबाजी की बदौलत तन्मय को मैन ऑफ द मैच से नवाजा गया। वही दूसरी पाली का मैच एकता क्लब अंबेहटा व सरसावा टीम के बीच खेला गया । जिसमें एकता क्लब के कप्तान संजीव शर्मा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते निर्धारित 25 ओवर में पांच विकेट खोकर 116 रन का लक्ष्य सरसावा टीम के समक्ष रखा । जिसमें धमाकेदार बल्लेबाजी करते दिलशान ने 103 रन की शानदार पारी खेली जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी सरसावा की पूरी टीम 197 रन ही बना सकी। जिसके चलते एकता क्लब टीम ने यह शानदार मैच 19 रन से जीता। इस दौरान सत्येंद्र कुमार, विनीज कुमार, अंकित सैनी, विराज, विनोद सैनी, सेठपाल सिंह संजय कुमार आदि उपस्थित रहे।



# मदरलैंड स्कूल में मेधावी पुरस्कृत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** मदरलैंड पब्लिक स्कूल में "प्रयास 2026" के पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में विद्यालय की प्राचार्या डॉ. शालू कुमारी ने कहा कि बच्चों की मेहनत, लगन और निरंतर प्रयास ही उन्हें सफलता के शिखर तक पहुंचाते हैं। ।चेयरपर्सन श्रीमती श्वेता सैनी ने कहा कि यह केवल एक पुरस्कार वितरण समारोह नहीं, बल्कि बच्चों के आत्मविश्वास, प्रतिभा और उज्ज्वल भविष्य का उत्सव है। निदेशक सत्य संयम भूर्यान ने कहा कि आज के बच्चे ही देश का भविष्य हैं और उनकी प्रतिभा को सही दिशा देना हम सभी का दायित्व है।



इस अवसर पर धैर्य प्रताप सिंह, अनंत मित्तल, कुनाल, प्रबल, अंजेश, आस्था पंवार, भावी शगुन, परिणीति, मानसी, मानस्वी, आराध्या मित्तल, अक्षिता गुप्ता, नव्या चावला, सिमर चावला, वन्या जैन, अनन्या जैन, नबा, रिदा आलम, शिवाय सैनी, त्रिजल सैनी, ऐकांश सैनी, असद, बिलाल, अयान, अबुजर, प्राशी, जैन, वर्दानी, जापजोत, बावनीत, शौर्य आदि मौजूद रहे।

## ठगी की रकम कराई वापस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** थाना रामपुर मनिहारान की साइबर हेल्प डेस्क ने तत्परता दिखाते हुए साइबर ठगी के शिकार युवक के खाते में ठगी गई पूरी धनराशि वापस कराई है।

गांव बम्बायला निवासी योगेश आर्य पुत्र हरिपाल के साथ एक मई 2026 को साइबर ठगी की घटना हुई थी, जिसमें उनके खाते से 8 हजार रुपये निकाल लिए गए थे। पीड़ित ने दो मई को ऑनलाइन साइबर फ्रॉड शिकायत दर्ज कराई थी। मामले को गंभीरता से लेते हुए साइबर हेल्प डेस्क ने तत्काल कार्रवाई शुरू की।थाना प्रभारी इंस्पेक्टर उम्मेद कुमार के नेतृत्व में टीम ने प्रभावी कार्रवाई करते हुए ठगी गई पूरी 8 हजार रुपये की धनराशि वापस कराई।

# सम्पादकीय

## मोदी की अपील

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हाल ही में तेलंगाना के दौरे पर थे। हैदराबाद में जहां उन्होंने एक सरकारी समारोह में कई विकास परियोजनाओं की घोषणा की वहीं सिकंदराबाद में एक जनसभा को संबोधित किया। सिकंदराबाद में आयोजित एक कार्यक्रम में पीएम मोदी ने लोगों से विदेशी मुद्रा बचाने की अपील की। इसके लिए उन्होंने कई रास्ते भी बताए हैं। पीएम मोदी ने इस दौरान एक साल तक सोना न खरीदने और खाने का तेल कम इस्तेमाल करने की अपील की। कांग्रेस ने पीएम मोदी के बयान की निंदा की है। कांग्रेस का कहना है कि पीएम मोदी अर्थव्यवस्था को बचाने के लिए आपातकालीन कदम उठाने की जगह जनता को ही मुश्किल में डाल रहे हैं। पीएम मोदी ने जनसभा में कहा सप्लाई चेन की इन मुश्किलों के बीच पिछले दो महीने से ही हमारे पड़ोस में इतना बड़ा युद्ध चल रहा है। इसका असर पूरी दुनिया पर पड़ा है और भारत पर तो और भी गंभीर असर पड़ा है। भारत के पास बड़े बड़े तेल के कुएं नहीं हैं। हमें अपनी जरूरत के पेट्रोल-डीजल-गैस ये सभी बहुत बड़ी मात्रा में दुनिया के दूसरे देशों से मंगाने पड़ते हैं। युद्ध की वजह से पूरी दुनिया में पेट्रोल, डीजल, गैस और फर्टीलाइजर के दाम बहुत अधिक बढ़ चुके हैं। आसमान को भी पार कर गए हैं। पड़ोस के देशों में क्या है वो तो अखबारों में आता है। पीएम मोदी ने कहा, भारत सरकार इस युद्ध के पिछले दो महीनों से देशवासियों को इस संकट से बचाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। नागरिकों पर बोझ ना पड़े, इसके लिए सरकार सारा बोझ खुद अपने कंधे पर उठा रही है। पीएम मोदी ने सप्लाई चेन का हवाला देते हुए कहा कि सप्लाई चेन पर लगातार संकट बना रहे तो हम कितने भी उपाय कर लें मुश्किलें बढ़ती ही जाती हैं। इसलिए अब देश को सर्वोपरि रखते हुए, हमें एकजुट होकर लड़ना होगा। देश के लिए मरना ही देशभक्ति नहीं होती है, देश के लिए जीना और देश के लिए अपने कर्तव्यों को निभाना वो भी देशभक्ति होती है। ऐसे ही खाने के तेल का भी है। इसके आयात के लिए भी बहुत बड़ी मात्रा में विदेशी मुद्रा खर्च करनी पड़ती है। हर खाने में तेल का उपयोग में कुछ कमी करे तो वो भी देशभक्ति का काम है। इससे देश सेवा भी होगी और देह सेवा भी होगी। इससे देश के खजाने का स्वास्थ्य भी सुधरेगा और परिवार के लोगों का भी स्वास्थ्य सुधरेगा। पीएम मोदी ने विदेशी मुद्रा बचाने को लेकर कहा कि जो भी रास्ते अपना सकते हैं वो अपनाना होगा। उन्होंने कहा सोने की खरीद एक और पहलू है जिसमें विदेशी मुद्रा बहुत खर्च होती है। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने कहा है कि ईरान-अमेरिका युद्ध को तीन महीने बीत चुके हैं, लेकिन पीएम मोदी को अब भी यह समझ नहीं आ रहा है कि भारत की ऊर्जा सुरक्षा कैसे सुनिश्चित की जाए। वेणुगोपाल ने एक्स पर लिखा, यह बेहद शर्मनाक, गैर-जिम्मेदाराना और पूरी तरह से अनैतिक है कि पीएम इस वैश्विक संकट से हमारी अर्थव्यवस्था को बचाने के लिए कोई आपातकालीन योजना बनाने के बजाय, आम नागरिकों को ही मुश्किल में डाल रहे हैं।

## नर्सों के बिना अधूरा है चिकित्सा का आकाश



योगेश कुमार गोयल



नर्सें किसी भी राष्ट्र की स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली का महत्वपूर्ण हिस्सा होती हैं, फिर चाहे वह सार्वजनिक हो अथवा निजी। चिकित्सा देखभाल प्रदान करने के लिए नर्सें डॉक्टरों के साथ सांझेदारी करती हैं और चिकित्सा संस्थान में प्रवेश करने से लेकर बाहर निकलने तक अपने मरीजों की भलाई के लिए जिम्मेदार रहती हैं। वे मरीजों के स्वास्थ्य और महत्वपूर्ण संकेतों की निगरानी करती हैं। यही कारण है कि नर्सिंग का पेशा दुनियाभर में सबसे भरोसेमंद पेशों में से एक पेशा माना जाता है।

सामान्य दिनों में जब पेशेवर डॉक्टर दूसरे मरीजों को देखने में व्यस्त रहते हैं, तब अस्पतालों में भर्ती मरीजों की चौबीसों घंटे देखभाल का उत्तरदायित्व नर्सों पर ही रहता है। इसलिए उनसे उम्मीद की जाती है कि वे रोगियों का मनोबल बढ़ाने के साथ-साथ उनकी बीमारी को नियंत्रित करने में मित्रवत व्यवहार करें तथा उनके प्रति स्नेहशीलता का परिचय दें। इसीलिए रोगियों की उचित देखभाल के लिए नर्सों का शारीरिक, मान. सिक तथा सामाजिक स्तर पर शिक्षित, प्रशिक्षित तथा अनुभवी होना बहुत महत्त्वपूर्ण माना जाता है। समाज के लिए नर्सों के योगदान को चिन्हित करने के लिए ही प्रतिवर्ष 12 मई को विश्व नर्सिंग की संस्थापक फ्लोरेंस नाइटिंगेल की स्मृति में दुनियाभर में 'अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस' का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष यह दिवस 'हमारी नर्सें। हमारा भविष्य। सशक्त नर्सें जीवन बचाती हैं।' थीम के साथ मनाया जा रहा है। इस विषय का उद्देश्य सुरक्षित वातावरण, उचित वेतन और नेतृत्व के अवसरों के माध्यम से नर्सों को सहायता और प्रशिक्षण प्रदान करना है ताकि रोगी देखभाल और स्वास्थ्य परिणामों में सुधार किया जा सके। जैसे-जैसे स्वास्थ्य सेवा प्रणालियां विकसित होती हैं और नई चुनौतियों का सामना करती हैं, नर्सों का योगदान अपूरणीय बना रहता है। यह दिवस मनाए जाने का मुख्य उद्देश्य यही है कि स्वास्थ्य सेवाओं में नर्सों के अमूल्य योगदान, मेहनत और समर्पण के लिए उन्हें सराहना मिले तथा उत्कृष्ट कार्य करने वाली नर्सों को पुरस्कृत किया जाए। नर्सिंग ऐसा कार्यक्षेत्र है, जिससे जुड़े लोग कभी बेरोजगार नहीं रहते। सरकारी और निजी अस्पतालों, सैन्य बलों, नर्सिंग होम, अनाथालयों, वृद्धाश्रमों तथा कुछ अन्य क्षेत्रों में ऐसे लोगों को रोजगार उपलब्ध हो ही जाता है। वैसे नर्सों का कार्य केवल मरीजों की देखभाल तक ही सीमित नहीं होता बल्कि योग्य नर्सों के लिए शैक्षिक, प्रशासनिक और शोध कार्यों से संबंधित अवसर भी उपलब्ध होते हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन की एक रिपोर्ट के अनुसार दुनियाभर में अमीर और गरीब दोनों प्रकार के देशों में प्रशिक्षित नर्सों की कमी है लेकिन विक. ासशील देशों में यह कमी कुछ अधिक देखने को मिलती है। विकसित देश अपने यहां नर्सों की कमी को अन्य देशों से नर्सें बुलाकर पूरा कर लेते हैं और उनको वहां पर अच्छा वेतन और सुविधाएं देते हैं, जिससे नर्सें विकसित देशों में जाने में देर नहीं करती। विश्व बैंक की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि अच्छे वेतनमान और सुविधाओं के लोभ में आज भी विकासशील देशों से बड़ी संख्या में नर्सें विकसित देशों में नौकरी के लिए जाती हैं, जिससे विकासशील देशों को प्रशिक्षित नर्सों की गंभीर समस्या का सामना करना पड़ रहा है। विकासशील देशों में नर्सों को अधिक वेतन और सुविधाओं की कमी रहती है और आगे का भविष्य भी अधिक उज्ज्वल नहीं दिखाई देता, जिससे वे विकसित देशों के बुलावे पर नौकरी के लिए चली जाती हैं। भारत में महानगरों तथा बड़े शहरों में चिकित्सा व्यवस्था कुछ ठीक होने के कारण इन इलाकों में नर्सों की संख्या में इतनी कमी नहीं है, जितनी कि छोटे शहरों और गांवों में है। किसी भी देश में नर्सों की कमी उस देश की खराब चिकित्सा व्यवस्था को बताती है। नर्सों की कमी का सीधा प्रभाव नवजात शिशु और बाल मृत्यु दर पर भी पड़ता है। अच्छे वेतन और सुविधाओं के लिए पहले जितनी अधिक संख्या में प्रशिक्षित नर्सें विदेश जाती थी, आज उसमें कुछ कमी आई है। दरअसल आज सरकारी अस्पतालों में नर्सों को अच्छा वेतन और अन्य सुविधाएं मिल रही हैं, जिससे उनकी स्थिति सुदृढ़ हुई है और यही कारण है कि भारत से प्रशिक्षित नर्सों का पलायन कुछ हद तक रुका है। हालांकि तस्वीर का एक पहलू यह भी है कि कुछ राज्यों तथा गैर-सरकारी क्षेत्रों में नर्सों की स्थिति आज भी संतोषजनक नहीं है, जहां उन्हें लंबे समय तक कार्य करना पड़ता है और फिर भी वे सुविधाएं उपलब्ध नहीं हो पातीं, जिनकी वे हकदार हैं। भारत में विदेश के लिए नर्सों के पलायन में पहले की अपेक्षा कमी आने के बावजूद रोगियों की संख्या में लगातार वृद्धि होने के कारण रोगी और नर्स के अनुपात में अंतर बढ़ा है।

## श्रीमुख से...

### लोग केवल राजनीतिक जुगाड़ मानेंगे



मंत्रिमंडल का घटाना-बढ़ाना और विस्तार सत्तारूढ़ दल का आंतरिक राजनीतिक विषय होता है, इसलिए इस पर ज्यादा टिप्पणी करना उचित नहीं है, लेकिन इसका असर आमजन, खासकर गरीबों, मजदूरों, किसानों, युवाओं और महिलाओं के जीवन पर सकारात्मक रूप से दिखना चाहिए, सरकार और मंत्रियों के कामकाज में समाज के हर वर्ग, विशेषकर कमजोर तबकों की जान-माल और मजहब की सुरक्षा सुनिश्चित होती दिखाई देनी चाहिए, यदि ऐसा नहीं हुआ, तो लोग इसे केवल राजनीतिक जुगाड़ और सरकारी संसाधनों पर बढ़ा बोझ मानेंगे।

**-सुश्री मायावती**
**अध्यक्ष, बहुजन समाज पार्टी**

## विश्वास, उम्मीद व सेहत का जीव विज्ञान



अमेरिकी लेखक और एक्टिविस्ट हेलन केलर इंसानी क्षमता और संभावना की एक अंतर्राष्ट्रीय मिसाल हैं। बहरेपन और अंधेपन से ग्रसित हेलन केलर ने लिखा था, आशावाद वह विश्वास है जो कामयाबी की ओर ले जाता है। उम्मीद और भरोसे के बिना कुछ भी नहीं किया जा सकता। आशावाद को भविष्य में अच्छा और हितकर होने की सकारात्मक उम्मीद रखने के रूप में समझा जा सकता है। यह एक इंसानी खूबी है जिसे बेहतर सेहत और बेहतर जिंदगी से भी जोड़ कर देखा जाता है। आशावाद तय करता है कि हम भविष्य को कैसे देखते-सोचते हैं। यह एक मॉड्युलेटर की तरह काम करता है जो सकारात्मक संभावनाओं को थोड़ा बढ़ा-चढ़ा देता है और नकारात्मक विचारों और ख्यालों को दूर रखता है।

इस्राइली-ब्रिटिश तंत्रिका विज्ञानी ताली शारोट का अनुमान है कि लगभग 80 प्रतिशत मनुष्य आशावादी हैं, लेकिन अधिकतर लोग 'थोड़े ही' आशावादी होते हैं। यह कहा जा सकता है कि आशावाद वास्तविकता से अलग, एकतरफा सोच दिखाता है। जैव-विकास ऐसी खूबी को क्यों तरजीह देगा जो आपको पूरी तरह निष्पक्ष रखने की बजाय एकतरफा ढंग से पूर्वाग्रह से लैस करे? वैज्ञानिकों के बीच आम राय यह है कि आशावाद की बदौलत अनुकूलन काफी ज्यादा होता है, अर्थात आशावाद किसी जीव की उत्तरजीविता को बढ़ाता है। कल्पना कीजिए कई हजार साल पहले कोई महिला जिस तरह रहती थी। मान लीजिए वह एक गुफा के अंदर रहती है और उस समय उस क्षेत्र में सूखा पड़ रहा है। अगर वह बाहर भोजन (कोई खरगा. ेश या फल से लदी झाड़ी) मिलने की संभाविता निकालकर निर्णय करे, तो शायद ही भोजन की तलाश में बाहर जाए।

ऐसे में निष्क्रिय रहना उसके लिए सही चुनाव रहता, क्योंकि इससे यहां-वहां भटकने में खर्च होने वाली ऊर्जा बचती। दूसरी ओर, (कुछ-न-कुछ मिल जाने की) उम्मीद उसे भोजन की तलाश के लिए बाहर निकलने की हिम्मत दे सकती है। बाहर कुछ-न-कुछ भोजन मिल जाने की संभावना ज्यादा मानकर, उसके पास कोशिश करने की ज्यादा संभावना होगी। किसी एक तरफ यह थोड़ा अधिक झुकाव उसे कोशिश करने के लिए बढ़ावा देता है, जिससे उसके जीने की संभावना बढ़ जाती है। हालांकि, इसकी भी एक सीमा है कि आप कितने आशावादी होकर इससे फायदा उठा सकते हैं। फायदे के लिए जो तरीका सबसे अच्छा काम करता है वह है एक सामान्य सकारात्मक सोच रखना, जिसे आशावादी स्वभाव कहा जाता है। असल जिंदगी में कुछ बुरा होने पर किसी निराशावादी व्यक्ति की प्रतिक्रिया होगी मैं जानता था, ऐसा ही होगा, जबकि आशावादी लोग कहेंगे कल बेहतर होगा। वर्ष 2007 में नेचर पत्रिका में प्रकाशित अध्ययन के अनुसार यह लचीलापन आशावादी पूर्वाग्रह ऑप्टिमिज्म बायस से बना रहता है, जो मस्तिष्क में सूचनाओं की प्रोसेसिंग में गैर-बराबरी का परिणाम है मस्तिष्क द्वारा अच्छी बातों को ज्यादा अहमियत दी जाती है और बुरी बातों को कम। मस्तिष्क के अग्र और मध्य भाग का एक क्षेत्र है रोस्ट्रल एंटीरियर सिंगुलेट कॉर्टेक्स ACC जब आशावादी लोग अच्छे और सुखद भविष्य की कल्पना करते हैं तब यह क्षेत्र बहुत सक्रिय होता है। इस हिस्से में अधिक सक्रिय न्यूरॉन अच्छी संभावनाओं की एन्कोडिंग को आसान बनाते हैं। इसके विपरीत, नकारात्मक जानकारियों पर rACC कम प्रतिक्रिया देता है, परिणामस्वरूप असफलताओं का व्यक्ति की भविष्य की उम्मीदों पर कम असर पड़ता है। रिवाइज्ड लाइफ ओरिएंटेशन टेस्ट एक छोटा-सा परीक्षण है जिसका इस्तेमाल यह मापने के लिए किया जाता है कि किसी व्यक्ति में आशावादिता है या नहीं। इसमें स्थिति आधारित 10 वक्तव्य होते हैं जिन्हें आपको 0 से 4 के बीच अंक देने होते हैं पूरी तरह असहमत के लिए 0 से पूरी तरह सहमत के लिए 4 तक। मसलन, ऐसे वक्तव्य होते हैं कठिन परिस्थितियों में, अमूमन मैं अच्छे की उम्मीद रखता हूं और यदि कुछ बुरा होना है, तो होकर रहेगा। जिन लोगों में आशावादिता अधिक होती है, उनका हृदय अधिक स्वस्थ पाया गया है। बुजुर्गों में, आशावादी स्वभाव को न्यूरॉन्स का सुरक्षा कवच माना जाता है, जो मस्तिष्क को बुढ़ापे की मार से बचाता है। वर्ष 2024 में एजिंग एंड डिसीज जर्नल में प्रकाशित नतीजों के अनुसार ब्रेन-डेराइव्ड न्यूरोट्रॉफिक फैक्टर का उच्च स्तर बुढ़ापे में लचीलापन बढ़ाता है। बुढ़ाने के कारण भले ही कुछ न्यूरॉन्स खत्म होते जाते हैं, लेकिन BDNF बचे हुए न्यूरॉन्स को ज्यादा असरदार तरीके से एक-दूसरे से जोड़ने में मदद करता है, जिससे व्यक्ति की इंद्रियां चाक-चौबंद रहती हैं और दिमाग समझदार बना रहता है।

**-स्रोत फीचर्स**
**( डॉ. डी. बालसुब्रमण्यन, सुशील चंदानी )**

## अपने विचार रखें...

**हम पाठकों के साथ ही वरिष्ठ स्तंभकारों, लेखकों को सम्पादकीय पेज हेतु आलेख अथवा जनमानस से जुड़े मुद्दों पर अपनी राय भेजने के लिए आमंत्रित करते हैं, सम्पादकीय पेज पर प्रकाशित किसी भी लेख से सम्पादक अथवा संस्थान का सहमत होना आवश्यक नहीं है, यह लेखक के अपने निजी विचार होते हैं।**

**सम्पादकीय डेस्क, शाह टाइम्स**
पत्राचार: शाह टाइम्स, सुजडू चुंगी, मेरठ रोड
मुजफ्फरनगर, पिन कोड-251003
Dainikshahtimes@gmail.com

## दयालुता मानवता का सबसे बड़ा सौंदर्य, इसे बनाए रखें



आज दुनिया में प्रेम, करुणा, दया एवं उदारता रूपी संवदेनाओं का स्रोत सूखता जा रहा है। इनमें दया एवं दयालुता ही ऐसा मानवीय मूल्य है जिस पर मानव की मुस्कान छिपी है। दयालुता एक ऐसा भाव है जो न केवल दूसरों के प्रति प्रेम जगाता है बल्कि ईश्वर के करीब भी ले जाता है। मानव जीवन के इस सौन्दर्य एवं खूबसूरत भाव को बल देने के लिए प्रतिवर्ष 13 नवम्बर को विश्व दयालुता दिवस के रूप में मनाया जाता है। विश्व दयालुता दिवस सकारात्मक शक्ति और दया की डोर पर आधारित हैं जो समाज में अच्छे कामों को उजागर करने के साथ हमें अच्छे, परोपकारी काम करने को प्रेरित करता है। दया मानव परिस्थितियों का मूलभूत हिस्सा है जो नस्ल, भाषा, धर्म, जाति, रंग, राजनीति और लिंग आदि की भावनाओं एवं अमीर-गरीब के भेद से परे है। ऐसे कई तरीके हैं जिनसे कोई व्यक्ति अपनी दयालुता प्रदर्शित कर सकता है और दूसरों को भी उसका अनुसरण करने के लिए प्रेरित कर सकता है।

यह दिन समाज में अच्छी गतिविधियों, सेवा-परोपकार और दयालुता का भाव रखने वालों का सम्मान करने के लिए मनाया जाता है। दयालुता एक ऐसा भाव है जो हर मनुष्य के अंदर संवेदनशीलता एवं मानवीयता की अलख जगाते हुए हमेशा दयालु कार्य करने, हमेशा लोगों की मदद करने, हमेशा अच्छा करने का मौका देता है। क्योंकि यह न केवल हमारे अंदर बदलाव लाएगा बल्कि हमारे आसपास की दुनिया को भी बदल कर जीने लायक बना देगा। विश्व दयालुता दिवस की शुरुआत 1998 में वर्ल्ड किंडनेस मूवमेंट संगठन द्वारा की गई थी, जिसकी स्थापना 1997 के टोक्यो सम्मेलन में दुनिया भर के दयालु संगठनों द्वारा की गई थी। साल 2019 में, इस संगठन को स्विस कानून के तहत एक आधिकारिक एनजीओ के रूप में पंजीकृत किया गया था। वर्तमान में वर्ल्ड किंडनेस मूवमेंट में 28 से अधिक राष्ट्र शामिल हैं जिनका किसी भी धर्म या राजनीतिक गतिविधियों से कोई संबद्धता नहीं है। इसे 1998 में विश्व दयालुता आंदोलन, राष्ट्रों की दयालुता वाले गैर सरकारी संगठनों के गठबंधन द्वारा पेश किया गया था। यह कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, नाइजीरिया और संयुक्त अरब अमीरात सहित कई देशों में मनाया जाता है। सिंगापुर ने पहली बार 2009 में यह दिन मनाया। इटली और भारत में भी यह दिन मनाया जाता है। यूके में, इसका नेतृत्व डेविड जेमिली ने किया, जिन्होंने लुईस बर्फिट-डॉन्स के साथ काइंडनेस डे यूके की सह-स्थापना की।

'हम जैसे भी है, अपने आप में बेहतरीन है और हमारी बेहतरी इसी में है कि हम दुनिया को बेहतर बनाए'- यही भावना, आत्मसम्मान और विश्वास जगाएं और अपने गुण-दोषों का आंकलन करें। वास्तव में दया की भावना ही वास्तविक धर्म है। दलाई लामा ने कहा कि हमैं इस आसान धर्म में विश्वास रखता हूं। मन्दिरों की कोई आवश्यकता नहीं, जटिल दर्शनशास्त्र की कोई आवश्यकता नहीं। हमारा मस्तिष्क, हमारा हृदय ही हमारा मन्दिर है, और दयालुता जीवन-दर्शन है।ह इस दुनिया में दया से बढ़कर कुछ भी नहीं है। हालांकि यह सच है कि जघन्य अपराधों, आतंकवाद, युद्ध, हिंसा, मिलावट की गतिविधियों के मामले दिन-ब-दिन बढ़ते जा रहे हैं, लेकिन इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता है कि दयालुता अभी भी मौजूद है और दुनिया पर राज कर रही है। किसी ने एक बार कहा था कि 'दया उन लोगों को आशा दे रही है जो सोचते हैं कि वे इस दुनिया में बिल्कुल अकेले हैं। लेकिन हम दयालुता की बात क्यों कर रहे हैं, क्योंकि दयालुता की भावना ही यह परिभाषित करती है कि व्यक्ति अच्छा है या बुरा। एक व्यक्ति में यह गुण अवश्य होना चाहिए क्योंकि दूसरों के साथ व्यवहार करने का यही एकमात्र सही एवं प्रभावी तरीका है, जो सीधा मनुष्य के दिल को छूता है। यदि आप उन लोगों में से हैं जो दयालुता का कोई भी कार्य करने के बाद अच्छा महसूस करते हैं, तो आप समझते हैं कि वास्तव में दयालुता क्या है। 1990 के दशक के मध्य में, लघु दयालुता आंदोलन ने दुनिया भर से प्रतिभागियों को आमंत्रित करने के लिए एक सम्मेलन आयोजित किया और अपने-अपने देशों में शुरू किए गए दयालुता आंदोलनों के बारे में अपनी कहानियां साझा कीं। सम्मेलन सफल रहा और दूसरा सम्मेलन 1997 में आयोजित किया गया। इन सम्मेलनों ने विश्व दयालुता आंदोलन को बल मिला। विश्व दयालुता दिवस मनाने का उद्देश्य लोगों, समाज और समुदाय को अच्छे काम करने और सभी के प्रति दयालु होने के लिए प्रोत्साहित करना है।



गुरुग्राम। हरियाणा में राज्य सरकार के खिलाफ अपनी मांगों के समर्थन में आयोजित विरोध रैली के दौरान गुरुग्राम नगर निगम (एमसीजी) के कर्मचारी बर्तन बजाते हुए।

## ईयू जल्द यूक्रेन को 90 अरब यूरो के कर्ज की पहली किस्त जारी करेगा

**ब्रुसेल्स।** यूरोपीय संघ (ईयू) की कमिश्नर फॉर इनलार्जमेंट मार्टा कोस ने सोमवार को कहा कि अगले सप्ताह संघ यूक्रेन को 90 अरब यूरो (105.7 अरब अमेरिकी डॉलर) के कर्ज पैकेज की पहली किस्त जारी करेगा। सुकोस ने कहा कि हम सही रास्ते पर हैं और मुझे उम्मीद है कि अगले सप्ताह हम पहली किस्त जारी कर पाएंगे। ईयू के सदस्य देशों ने 23 अप्रैल को यूक्रेन के लिए 90 अरब यूरो के कर्ज पैकेज को औपचारिक रूप से मंजूरी दी थी। यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष एंटोनियो कोस्टा ने पहले कहा था कि यूक्रेन को इस कर्ज को तभी चुकाना होगा, जब उसे रूस से हर्जाने की रकम मिलेगी।

## एमवी होंडियस पर सवार अमेरिकी नागरिकों में से एक हंता वायरस से संक्रमित

**वाशिंगटन।** एमवी होंडियस क्रूज जहाज से स्वदेश लौटे 17 अमेरिकी नागरिकों में से कम से कम एक हंता वायरस से संक्रमित है। अमेरिका के स्वास्थ्य मंत्रालय ने सोमवार को यह जानकारी दी। अमेरिका के 17 नागरिकों और यहां रहने वाले एक ब्रिटिश नागरिक को हंता वायरस संक्रमण की आशंका के बीच सोमवार तड़के विशेष निगरानी और चिकित्सकीय मूल्यांकन के लिए नेब्रास्का लाया गया। ये सभी यात्री एमवी होंडियस क्रूज जहाज पर सवार थे, जहां एंडीज वैरिएंट हंता वायरस संक्रमण का प्रकोप सामने आया है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, सामान्यतः कृन्तकों (रोडेंट्स) से फैलने वाला यह वायरस संभवतः जहाज पर मानव से मानव में भी फैला हो सकता है। अब तक जहाज से जुड़े तीन लोगों की मौत हो चुकी है।

# ईरान के जवाबी प्रस्ताव को ट्रम्प ने पूरी तरह अस्वीकारा

### मैंने अभी-अभी ईरान के तथाकथित 'प्रतिनिधियों' की प्रतिक्रिया पढ़ीः ट्रम्प

**वाशिंगटन/तेहरान।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने पश्चिम एशिया में युद्ध को समाप्त करने के उद्देश्य से ईरान के जवाबी प्रस्ताव को सिरे से खारिज कर दिया और उसकी प्रतिक्रिया को 'पूरी तरह अस्वीकार्य' करार दिया है। ट्रम्प ने सोमवार को एक पोस्ट में लिखा कि मैंने अभी-अभी ईरान के तथाकथित 'प्रतिनिधियों' की प्रतिक्रिया पढ़ी है।

■ राष्ट्रपति ट्रम्प ने स्पष्ट कर दिया है कि ईरान कभी भी परमाणु हथियार नहीं बना पाएगा और वह दुनिया की अर्थव्यवस्थाओं को बंधक नहीं बना सकता



मुझे यह पसंद नहीं आई-पूरी तरह अस्वीकार्य! यह फटकार ऐसे समय में आई है जब दोनों पक्ष (जो अप्रैल से बातचीत करने की कोशिश कर रहे हैं) ईरान के परमाणु कार्यक्रम और किसी भी संभावित युद्धविराम समझौते की शर्तों पर एक समझौते पर पहुंचने का प्रयास कर रहे हैं। पाकिस्तान के मध्यस्थों के माध्यम से प्रस्तुत ईरान के जवाबी प्रस्ताव में कई व्यापक मांगें शामिल हैं जिनमे अमेरिकी प्रतिबंधों को हटाना, ईरान की जब्त संपत्तियों को मुक्त करना और होर्मुज जलडमरूमध्य पर ईरान की संप्रभुता को औपचारिक मान्यता देना शामिल है। तेहरान ने अपने बंदरगाहों की अमेरिकी नौसैनिक नाकाबंदी को तत्काल समाप्त करने और ईरानी क्षेत्र पर आगे कोई हमला न करने की गारंटी देने की भी मांग की। संयुक्त राष्ट्र में अमेरिकी राजदूत माइक वाल्ट्ज ने कहा कि राष्ट्रपति ट्रम्प ने स्पष्ट कर दिया है कि ईरान कभी भी परमाणु हथियार नहीं बना पाएगा और वह दुनिया की अर्थव्यवस्थाओं को बंधक नहीं बना सकता। संयुक्त राष्ट्र में अमेरिकी राजदूत माइक वाल्ट्ज ने 'फॉक्स न्यूज संडे' पर बोलते हुए कहा कि वाशिंगटन ने अपने प्रस्ताव में एक 'बहुत स्पष्ट लक्ष्मण रेखा' खींच दी है। ईरान की परमाणु महत्वाकांक्षाएं मुख्य मुद्दा बनी हुई हैं। ट्रम्प ने जोर देकर कहा है कि ईरान को कभी भी परमाणु हथियार विकसित करने की अनुमति नहीं दी जाएगी, इस रुख का नेतन्याहू ने भी समर्थन करते हुए कहा है कि संघर्ष की समाप्ति की घोषणा से पहले ईरान के समृद्ध यूरेनियम भंडार को 'नष्ट' किया जाना चाहिए।

# ईरान ने अमेरिकी योजना को किया खारिज

### अमेरिकी शांति प्रस्ताव का मतलब अमेरिकी सरकार की अत्यधिक मांगों के आगे झुकना

**तेहरान।** ईरान ने अमेरिका को दिए अपने जवाब में अमेरिकी शांति प्रस्ताव को यह कहते हुए खारिज कर दिया कि इसका मतलब अमेरिकी सरकार की अत्यधिक मांगों के आगे झुकना होगा। प्रेस टीवी की एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। ईरानी समाचार एजेंसी आईएसएनए ने पहले बताया था कि अमेरिकी संदेश पर ईरान की प्रतिक्रिया युद्ध समाप्त करने और फारस की खाड़ी और होर्मुज जलडमरूमध्य में जहाजों की सुरक्षा सुनिश्चित करने पर केंद्रित थी।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने संघर्ष समाधान के लिए अमेरिकी प्रस्ताव पर ईरान की प्रतिक्रिया को पूरी तरह अस्वीकार्य बताया। प्रेस टीवी के अनुसार, ईरान की प्रतिक्रिया योजना में इस बात पर जोर दिया गया है कि अमेरिका को इस्लामिक गणराज्य को युद्ध क्षतिपूर्ति का भुगतान करना होगा। मई की शुरुआत में ईरानी विदेश मंत्रालय के एक प्रवक्ता ने कहा कि तेहरान को इस्लामिक गणराज्य के नए 14 सूत्री प्रस्ताव के संबंध में पाकिस्तान के माध्यम से अमेरिका से जवाब मिला है। ईरान की तसनीम समाचार एजेंसी ने रविवार को बताया कि अमेरिका के साथ बातचीत के लिए ईरान के प्रस्तावों का पाठ, जिसे तेहरान ने वाशिंगटन को भेजकर जवाब दिया था, में प्रतिबंध हटाने, होर्मुज जलडमरूमध्य पर ईरान का पूर्ण नियंत्रण और विदेशों में ईरानी संपत्तियों को मुक्त करने के प्रावधान शामिल हैं। 28 फरवरी को, अमेरिका और इजरायल ने ईरान में लक्ष्यों पर हमले शुरू किए, जिसमें 3000 से अधिक लोग मारे गए। वाशिंगटन और तेहरान ने 8 अप्रैल को दो सप्ताह के युद्धविराम की घोषणा की। इस्लामाबाद में बाद की बातचीत बेनतीजा रही, शत्रुता के फिर से शुरू होने की कोई खबर नहीं मिली, लेकिन अमेरिका ने ईरानी बंदरगाहों की नाकाबंदी शुरू कर दी। मध्यस्थ बातचीत के एक नए दौर का आयोजन करने का प्रयास कर रहे हैं। वहीं ईरान ने यह भी कहा है कि पश्चिम एशिया में युद्ध समाप्त करने के लिए उसका प्रस्ताव 'उदार और तार्किक' था, जबकि अमेरिका अब भी इजरायल की सोच से प्रभावित 'अवास्तविक मांगों' पर अड़ा हुआ है। ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बघाई ने सोमवार को अपने साप्ताहिक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि ईरान की ओर से अमेरिकी प्रस्ताव के जवाब में जो योजना भेजी गई, वह 'हद से ज्यादा' नहीं थी और उसका उद्देश्य पूरे क्षेत्र में शांति एवं स्थिरता स्थापित करना था। उन्होंने कहा कि हमने किसी प्रकार की रियायत की मांग नहीं की। हमने केवल ईरान के वैध अधिकारों की बात की है। बघाई ने सवाल किया कि क्या क्षेत्र में युद्ध समाप्त करने, ईरानी जहाजों के खिलाफ 'समुद्री डकैती' रोकने तथा वर्षों से अवरुद्ध ईरानी संपत्तियों को मुक्त करने की मांग अनुचित कही जा सकती है। उन्होंने कहा कि क्या होर्मुज जलडमरूमध्य से सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित करने का हमारा प्रस्ताव अवास्तविक है? क्या पूरे क्षेत्र में शांति और सुरक्षा स्थापित करना गैर-जिम्मेदाराना है? इससे पूर्व, अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि उन्होंने ईरान के प्रतिनिधियों का जवाब पढ़ा और उसे 'पूरी तरह अस्वीकार्य' पाया। ट्रम्प ने समाचार पोर्टल एक्सियोस को दिए साक्षात्कार में कहा था कि उन्होंने ईरान के जवाब पर बेंजमिन नेतन्याहू से भी चर्चा की है।



■ पश्चिम एशिया में युद्ध समाप्त करने के लिए ईरान का प्रस्ताव उदार और तार्किक

## होर्मुज स्ट्रेट की सुरक्षा पर रक्षा मंत्रियों की बैठक की मेजबानी करेंगे ब्रिटेन-फ्रांस

**लंदन।** होर्मुज स्ट्रेट में व्यापार को सुरक्षित रूप से शुरू करने के इरादे से सैन्य नियोजन पर चर्चा करने के लिए ब्रिटेन और फ्रांस मंगलवार से 40 देशों के विदेश मंत्रियों की मेजबानी करेंगे। ब्रिटेन के रक्षा मंत्रालय की ओर से जारी एक बयान के अनुसार, रक्षा सचिव जॉन हीली और फ्रांस की रक्षा मंत्री कैथरीन वॉट्रिन इस बैठक की अध्यक्षता करेंगे। यह इस बहुराष्ट्रीय समुद्री मिशन की पहली रक्षा मंत्री बैठक होगी। इस बीच, ईरान ने सभी देशों को होर्मुज में अपने युद्धपोत उतारने के खिलाफ चेतावनी दी है। ईरान के उप-विरेध मंत्री काजम गरीबाबादी ने ब्रिटेन एवं फ्रांस को चेतावनी दी है कि अगर वे होर्मुज जलडमरमूध्य के पास अपने युद्धपोत तैनात करते हैं तो स्थिति तनावपूर्ण हो सकती है। ब्रिटेन ने पिछले सप्ताह यह ऐलान किया था कि वह पश्चिम एशिया में एचएमएस ड्रैगन को एक 'पूर्णतः रक्षात्मक' मिशन के तहत तैनात करेगा। इस तैनाती का उद्देश्य समुद्री बारूदी सुरंगों को होर्मुज से निकालना और क्षेत्र में व्यवसायिक नौवहन को बहाल करना होगा। इस बीच, फ्रांस ने पुष्टि की कि उसने होर्मुज जलडमरूमध्य में संभावित सुरक्षा अभियान की तैयारी के तहत अपना नौसैनिक बेड़ा लाल सागर में तैनात कर दिया है।

## बिग कैट संरक्षण के लिए कॉर्पोरेट सहयोग जरूरीः भूपेंद्र

**नई दिल्ली।** केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने सोमवार को कहा कि बिग कैट के प्राकृतिक वास के पुनर्स्थापन, प्रौद्योगिकी आधारित निगरानी और सामुदायिक संरक्षण के लिए कॉर्पोरेट वित्तपोषण बेहद आवश्यक है। यादव ने भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के तत्वाधान में आयोजित 'वैश्विक अर्थव्यवस्था, उद्योग और समाज का भविष्य तथा विजन फॉर इंडिया-100' सम्मेलन को संबोधित करते हुए बताया कि भारत एक और दो जून को पहले अंतर्राष्ट्रीय बिग कैट शिखर सम्मेलन की मेजबानी करेगा। उन्होंने कहा है कि बिग कैट के प्राकृतिक वास के पुनर्स्थापन, प्रौद्योगिकी आधारित निगरानी और सामुदायिक संरक्षण के लिए कॉर्पोरेट वित्तपोषण बेहद आवश्यक है। उन्होंने उद्योग जगत से बिग कैट संरक्षण अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि इंटरनेशनल बिग कैट अलायंस प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल है, जिसका उद्देश्य दुनिया की सात बड़ी बिल्ली प्रजातियों बाघ, शेर, चीता, तेंदुआ, हिम तेंदुआ, जगुआर और प्यूमा का संरक्षण करना है।

## चीनी तियानझोउ-10 कार्गो अंतरिक्ष यान तियांगोंग अंतरिक्ष स्टेशन की ओर प्रक्षेपित

**बीजिंग।** चीन ने सोमवार को तियानझोउ-10 कार्गो अंतरिक्ष यान को सफलतापूर्वक तियांगोंग अंतरिक्ष स्टेशन की ओर प्रक्षेपित किया। चीन मानवयुक्त अंतरिक्ष एजेंसी ने इसकी घोषणा की।

एजेंसी के बयान में कहा गया कि चांग झेंग-7 वाई11 प्रक्षेपण यान, जो तियानझोउ-10 कार्गो अंतरिक्ष यान को लेकर था, इसे बीजिंग समयानुसार सुबह 8:14 बजे (भारतीय समयानुसार सुबह 5:44 बजे) वेंचांग सैटेलाइट लॉन्च सेंटर से प्रक्षेपित किया गया। लगभग 10 मिनट बाद, तियानझोउ-10 ने यान से सफलतापूर्वक पृथक्करण किया और अपने निर्धारित कक्षा में प्रवेश किया। बयान में कहा गया कि यह प्रक्षेपण सफल रहा।

■ लगभग 10 मिनट बाद तियानझोउ-10 ने यान से सफलतापूर्वक पृथक्करण किया और अपने निर्धारित कक्षा में प्रवेश किया
■ स्टेशन के प्राथमिक संयोजन का निर्माण तीन नवम्बर 2022 को पूरा हुआ

अंतरिक्ष यान में बाहरी अंतरिक्ष गतिविधि के लिए एक स्पेससूट, अंतरिक्ष यात्रियों के रहने के लिए आवश्यक सामग्री, ईंधन और प्रयोगात्मक उपकरण हैं। यह यान बाद में तियांगोंग अंतरिक्ष स्टेशन से डॉक करेगा। यह प्रक्षेपण चांग झेंग ('लॉन्ग मार्च') शृंखला के 641वें और तियांगोंग परियोजना के 39वें प्रक्षेपण का प्रतीक है। चीन ने तियांगोंग राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन का निर्माण 29 अप्रैल 2021 को शुरू किया, जब तियान्हे मुख्य मॉड्यूल सफलतापूर्वक कक्षा में स्थापित किया गया। स्टेशन के प्राथमिक संयोजन का निर्माण तीन नवम्बर 2022 को पूरा हुआ। तियांगोंग स्टेशन की मौजूदा टी-आकार संरचना में तियान्हे मुख्य मॉड्यूल और इसके साथ जुड़े दो प्रयोगशाला मॉड्यूल, वेंतियान और मेंगतियान शामिल हैं। तीनों मॉड्यूल का संयुक्त वजन लगभग 69 टन है। स्टेशन का कुल आवासीय स्थल लगभग 110 घन मीटर है और इसमें एक समय में तीन अंतरिक्ष यात्री समायोजित कर सकता है या क्रू रोटेशन के दौरान छह लोग रह सकते हैं।

## चीनी कंपनियों पर अमेरिका के प्रतिबंध अवैधः चीन

**बीजिंग।** चीन ने ईरान से संबंध होने के कारण चीनी कंपनियों पर प्रतिबंध लगाने के अमेरिका के फैसले का विरोध करते हुए नई नीतियों को 'अवैध' एवं अंतर्राष्ट्रीय कानून का विरोधी करार दिया।

चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता गुए जियाकुन ने सोमवार को कहा कि चीन अमेरिका द्वारा थोपे गए एकतरफा प्रतिबंधों को नकारता है और ये संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद से मान्यता प्राप्त नहीं है। उल्लेखनीय है कि अमेरिका के वित्त मंत्रालय ने चीन और हांगकांग की कंपनियों एवं लोगों पर ईरान की सेना की सहायता करने का आरोप लगाते हुए उन पर प्रतिबंध लगाए हैं। इस सूची में शामिल 12 लोगों एवं कंपनियों पर आरोप है कि उन्होंने ईरान की सेना के इस्तेमाल के लिए हथियार एवं तकनीक खरीदी हैं। उन्होंने कहा कि बीजिंग लगातार चीनी कंपनियों से यह अपेक्षा करता है कि वे कानूनों और नियमों के अनुसार ही अपना कारोबार करें, और वह चीनी उद्यमों के वैध अधिकारों और हितों की पूरी मजबूती से रक्षा करने का इरादा रखता है। गुओ ने कहा कि जहां तक ईरान की स्थिति का सवाल है, चीन ने बार-बार इस पर अपना दृढ़ रुख स्पष्ट किया है। इस समय सबसे जरूरी काम यह है कि युद्ध को फिर से शुरू होने से रोकने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएं, न कि इस संघर्ष का दुर्भावनापूर्ण इस्तेमाल करके दूसरे देशों को बदनाम किया जाए।

■ जहां तक ईरान की स्थिति का सवाल है, चीन ने बार-बार इस पर अपना दृढ़ रुख स्पष्ट किया है: गुओ

# ईरान का क्षेत्रीय प्रॉक्सी समूहों को समर्थन जारीः नेतन्याहू

### ईरान के साथ युद्ध तब तक खत्म नहीं होगा, जब तक परमाणु मुद्दों का समाधान नहीं हो जाता

**तेल अवीव।** इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने दोहराया है कि ईरान के साथ युद्ध तब तक 'खत्म नहीं होगा', जब तक कि प्रमुख रणनीतिक मुद्दों का समाधान नहीं हो जाता जिनमें ईरान के संवर्धित यूरेनियम के भंडार को हटाना, परमाणु केंद्रों को नष्ट करना और ईरान के क्षेत्रीय प्रभाव पर अंकुश लगाना शामिल है।

सीबीएस न्यूज के कार्यक्रम '60 मिनट्स' को दिए साक्षात्कार में नेतन्याहू ने कहा कि यह अभी खत्म नहीं हुआ है, क्योंकि अब भी वहां परमाणु सामग्री और संवर्धित यूरेनियम मौजूद है। इसे ईरान से बाहर निकालना होगा। अब भी वहां संवर्धन केंद्र हैं, जिन्हें नष्ट करना बाकी है। उन्होंने कहा कि ईरान क्षेत्रीय प्रॉक्सी समूहों का समर्थन करना जारी रख रहा है और अपनी बैलिस्टिक मिसाइल क्षमताओं को बढ़ा रहा है। अमेरिका-इजरायल के ईरान पर किए गए हमलों के बाद हुई प्रगति को स्वीकार करते हुए नेतन्याहू ने इस बात पर जोर दिया कि अब भी बड़ी चुनौतियां बनी हुई हैं, विशेष रूप से ईरान के परमाणु कार्यक्रम को लेकर। उन्होंने सुझाव दिया कि किसी भी व्यावहारिक व्यवस्था के तहत संवर्धित यूरेनियम को वहां से से हटाना होगा। उन्होंने कहा कि अगर आपके पास कोई समझौता है और आप अंदर जाकर उसे बाहर निकाल लेते हैं, तो क्यों नहीं? यही सबसे अच्छा तरीका है। नेतन्याहू इस बात से सहमत हैं कि समझौता होना चाहिए, लेकिन परमाणु मुद्दा समझौता-योग्य नहीं है। उनकी यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है, जब अमेरिका का रुख है कि किसी भी व्यापक शांति ढांचे के तहत ईरान को यूरेनियम संवर्धन पूरी तरह से रोकना होगा।



■ ईरान क्षेत्रीय प्रॉक्सी समूहों का समर्थन करना जारी रख रहा है और अपनी बैलिस्टिक मिसाइल क्षमताओं को बढ़ा रहा है

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने हाल ही में शांति प्रस्ताव पर ईरान की नवीनतम प्रतिक्रिया को 'पूरी तरह से अस्वीकार्य' बताया था। वहीं ईरान ने संवर्धन को पूरी तरह से रोकने की मांगों को खारिज कर दिया है। खबरों के अनुसार, ईरानी अधिकारियों ने अत्यधिक संवर्धित यूरेनियम के भंडार को कम करने और अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था के तहत कुछ सामग्री को किसी तीसरे देश में स्थानांतरित करने का सुझाव दिया है। नेतन्याहू ने एक संभावित दृष्टिकोण की रूपरेखा भी पेश की है। इसमें कूटनीति अगर विफल रहती है तो संवर्धित यूरेनियम को भौतिक रूप से हटाया जा सकता है, लेकिन उन्होंने 'सैन्य विकल्पों' का खुलासा करने से इनकार कर दिया। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, ईरान ने सीमित अवधि के लिए संवर्धन स्थगित करने की इच्छा जताई है, हालांकि यह अमेरिका के प्रस्तावित 20 साल के प्रतिबंध की तुलना में कम अवधि के लिए है। साथ ही ईरान ने अपने परमाणु बुनियादी ढांचे को नष्ट करने की बात को खारिज कर दिया है।

## टर्किश एयरलाइंस के लैंडिंग गियर में लगी आग

**काठमांडू।** टर्किश एयरलाइंस के एक विमान के लैंडिंग गियर में आग लगने की घटना के बाद सोमवार सुबह नेपाल के त्रिभुवन अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे को लगभग 98 मिनट तक के लिए बंद रखा गया, जिससे घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय उड़ान सेवाएं प्रभावित हुईं। नेपाल के नागरिक उड्डयन प्राधिकरण के सहायक प्रवक्ता ज्ञानेंद्र भुल के अनुसार सुबह 6:34 बजे विमान के दाहिने मुख्य लैंडिंग गियर में आग लगने के बाद हवाईअड्डे पर उड़ान संचालन रोक दिया गया था।



## कुब्रा सैत ने फिल्म 'रेडी' से की बड़ी शुरुआत

**मुंबई।** अभिनेत्री कुब्रा सैत आज भले ही 'सैक्रेड गेम्स' में अपने यादगार किरदार 'कुकू' के लिए जानी जाती हों, लेकिन एक समय ऐसा भी था जब वह मुंबई में अपनी पहचान बनाने के लिए संघर्ष कर रही थीं। हाल ही में एक वीडियो में कुब्रा सैत ने अपने करियर के शुरुआती दिनों को याद करते हुए बताया कि उन्हें किस तरह फिल्म 'रेडी' में अपना पहला मौका मिला। इस फिल्म का निर्देशन अनीस बघ्मी ने किया था और इसमें मुख्य भूमिका में थे सलमान खान। कुब्रा ने बताया कि उन्होंने इस रोल के लिए एक छोटी ब्लैक ड्रेस पहनकर ऑडिशन दिया था और बेसब्री से अनीस बज्मी के ऑफिस में उनके अप्रूवल का इंतजार कर रही थीं। शुरुआत में फिल्म में उनके किरदार के लिए कोई डायलॉग नहीं था और उन्हें एक मेड का रोल दिया गया था। लेकिन बाद में सलमान खान ने सुझाव दिया कि उनके किरदार को थोड़ा मजेदार बनाया जाए और वह टूटी-फूटी अंग्रेजी बोले। अनीस बज्मी को सलमान खान यह आइडिया काफी पसंद आया और इसी वजह से कुब्रा के किरदार में डायलॉग्स जोड़े गए।

## सीनी सब के यादें में अहम भूमिका निभाएगी डेलनाज ईरानी

**मुंबई।** अभिनेत्री डेलनाज ईरानी सोनी सब के शो यादें में अहम भूमिका निभाएगी। सोनी सब का शो यादें अपनी भावनात्मक कहानी और गहराई से बुने किरदारों के सफर के साथ दर्शकों को लगातार जोड़े हुए है। चल रही कहानी में एक नया दिलचस्प मोड़ जोड़ते हुए, अनुभवी अभिनेत्री डेलनाज ईरानी शो में खास भूमिका निभाने जा रही हैं। अपनी यादगार परफॉर्मेंस और जीवंत स्क्रीन प्रेजेंस के लिए मशहूर डेलनाज ईरानी का 'चांदनी' के रूप में शो में आना कहानी को एक नया आयाम देने वाला है। कभी लाखों लोगों की चहेती रही चांदनी आज भी अपने ग्लैमर, शोहरत और चाहने वालों की दुनिया में जीती है।




